

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 077 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 31 दिसम्बर 2022 http://samajjagran.in पेज:12 मूल्य 05 रुपया

## तालिबान ने उड़ाया पाकिस्तान का मजाक: बोला- कंगाल पाकिस्तान को कौन लेगा, उनका कर्ज कौन चुकाएगा?

पाकिस्तान. इन दिनों पाकिस्तान बड़े आर्थिक संकट से जूझ रहा है. हालात इतने बदतर हैं कि उन्हें अमेरिका में मौजूद राजदूत की बिल्डिंग को भी बेचना पड़ रहा है. रोजमर्रा में आम जरूरतों चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं और ऐसे में पाकिस्तान लगातार दूसरे देशों से कर्ज ले रहा है. पाकिस्तान में तंगहाली के इन हालातों में उसका सबसे करीबी माने जाने वाला अफगानिस्तान भी पाकिस्तान की हंसी उड़ाते दिख रहा है. इस वक्त पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संबंध सही नहीं चल रहे हैं. इस समय ऐसी बात दोनों देशों के बीच रिश्तों को और बिगाड़ सकती है.



गौरतलब है कि तालिबान ने अफगानिस्तान पर साल 2021 में कब्जा कर लिया था. हाल ही में तालिबानी कमांडर जनरल मोबिन खान एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह पाकिस्तान के हालातों पर उसका मजाक उड़ाते दिखे हैं. दावा किया जा रहा है कि उनसे जब पूछा गया कि आप पाकिस्तान की सीमा को पार करने वाले हैं? इस पर उन्होंने जवाब दिया, ह्लअगर मुझे खुद पाकिस्तान अपने आप को दे दे तो भी मै नही लूंगा. उनका कर्ज कौन चुकाएगा.ह्व

**पाकिस्तान में तेजी से घट रहा विदेशी मुद्रा भंडार**

पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार साल 2021 अगस्त में 20 बिलियन अमरीकी डालर से गिरकर में 8 बिलियन अमरीकी डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर गया है. इस गिरावट के बाद पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय भुगतान करने में असहज होता जा रहा है. पाकिस्तान मीडिया की मानें तो आर्थिक हालात को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में पाकिस्तान का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 52 फीसदी गिर गया.

## सर्द पछुआ हवाओं ने बढ़ाया ठिठुरन



**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकंदरपुर (बलिया) : पिछले तीन दिनों से चल रही सर्द पछुआ हवा ने ठिठुरन बढ़ा दी है। सोमवार शाम से शुरू हुआ यह सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा। पूरे दिन बफीर्ली पछुआ हवाओं ने तबाही मचाई। ठंड के कारण लोगबाग ठिठुरते नजर आए। हालांकि दोपहर बाद धूप जरूर खिली लेकिन बफीर्ली हवाओं के आगे सूरज की तपिश भी बेअसर रही। ठंडी हवाओं का सितम जनजीवन पर साफ दिखाई दे रहा है। शाम होने से पूर्व ही सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटा छा जा रहा है। हाड़ कंपाती ठंड के बाद भी गरीब और कमजोर वर्गों को ठिठुरन से बचाने के लिए शासन की योजनाएं अभी तक कागजों से बाहर नही निकल पाई हैं। तहसील क्षेत्र के ग्रामीणांचलों सहित कस्बा में अब तक न तो कहीं अलाव जलाया गया और न ही कंबल का ही वितरण किया गया। शासन की लेट लतीफी ने गरीबों और असहायों की मुश्किलें बढा दी है। उधर मौसम विभाग ने सर्दी का सितम अगले एक पखवारे तक जारी रहने की संभावना जताई है।



ठंड से लोगों को राहत देने के लिए नगर पंचायत कागजों में ही अलाव जलाकर गर्मी पैदा कर रहा है। वही हाल रैन बसेरों की भी है। दिसंबर महीने की शुरूआत से ही नगर पंचायत क्षेत्र में अलाव और रैन बसेरों की बेहतर व्यवस्था का दावा करने वाले विभाग की हकीकत नंगी आंखों से देखा जा सकता है। नगर पंचायत के जलपा चौक, बस स्टैण्ड चौराहा, गौशाला, गंधी चौक, मनियर रोड, बेल्थरा मार्ग, हॉस्पिटल तिराहा, हॉस्पिटल परिसर व जलालीपुर में अलाव जलाने का दावा हवा हवाई है। जबकि हॉस्पिटल परिसर में मौजूद राख की ढेर औपचारिकता की गवाही दे रही थी। लोगों का कहना है कि एक-दो स्थानों पर अलाव जला कर औपचारिकता पूरी कर दी गई थी लेकिन ठंड बढ़ने के साथ अलाव की आग भी ठंडी पड़ गयी है।

नगर पंचायत द्वारा दो स्थानों पर रैन बसेरा बनाने का दावा किया जा रहा है। नगर पंचायत ऑफिस के ऊपरी मंजिल पर महिलाओं बाबत तो वहीं बस स्टैंड चौराहा स्थित सामुदायिक शौचालय के ऊपर पुरुषों के लिए रैन बसेरा बनाया गया है। गुरुवार की दोपहर में रियलिटी चेक के दौरान उक्त दोनों रैन बसेरों में ताला लटका मिला। यहां मौजूद लोगों ने बताया कि कागजी कोरम पूरा कर अपनी पीठ थपथपाने वाले विभाग को जरूरतमंदों से कोई वास्ता नही है।

गरीबों को ठंड से बचाने के लिए शासन से उपलब्ध कराया गया कंबल भी अब तक तहसील कक्ष से बाहर नही निकल पाया है। सूत्रों की माने तो तहसील क्षेत्र में बंटने के लिए करीब 1100 कंबल की पहली खेप एक सप्ताह पूर्व ही आ चुकी है लेकिन विभाग को इसे वितरित करने का शुभ मुहूर्त नही मिल पा रहा है।

अधिशासी अधिकारी सीमा राय ने बताया की कुछ जगहों पर आलाव जल रहे है। अन्य जगहों पर जल्द ही अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू की जा रही है।

## निराश्रित बच्चो को देहात संस्था द्वारा दिया गया राहत सामग्री

जनपद श्रावस्ती देहात समाज कार्य संगठन की निदेशक देव्यानी चतुर्वेदी के निर्देशन में केंद्र समन्वयक हसन फिरोज की अध्यक्षता में श्रावस्ती जनपद के 5 निराश्रित बच्चो को चाइल्डलाइन टीम द्वारा चिन्हित किया गया,और संस्था द्वारा ऐसे परिवार के बच्चो को जिनके माता पिता की मृत्यु हो गई है,या किसी गंभीर बीमारी के शिकार है,देहात संस्था द्वारा उन बच्चो को खाने को राहत किट उपलब्ध कराया गया जिसमे अरहर दाल, सोयाबीन,नमक,सोयाबीन तेल, आटा,चावल,साबुन आदि सामग्री की किट बनाकर बच्चो को उनके घर जाकर देहात चाइल्डलाइन श्रावस्ती टीम द्वारा राहत किट उपलब्ध कराया गया, उपरोक्त कार्य के दौरान चाइल्डलाइन टीम से काउंसलर सुषमा कश्यप,टीम सदस्य श्रीपाल,पंकज श्रीवास्तव,हंसराम,असिया बेगम,मनोज कुमार उपस्थिति रहे।

## मुहम्मदाबाद गोहना के फर्जी लूट और छात्र को गोली लगने के मामले का पुलिस ने किया खुलाशा

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : मुहम्मदाबाद गोहना के गालीबपुर में बैंक कर्मी से लूट और सरायलखंसी के बकवल में छात्र को गोली मारने के मामले का शुक्रवार को पुलिस ने राजफाश किया। पुलिस ने नकदी और अन्य सामान के साथ गोली मारने में शामिल हथियार बरामद किया गया। पुलिस लाइन सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी और नगर क्षेत्राधिकारी धनंजय मिश्रा ने बताया कि दोनों घटना को लेकर एसपी अविनाश पांडेय के निर्देश पर टीम का गठन किया गया था। एक टीम मुहम्मदाबाद गोहना के लूट जबकि दूसरी टीम को छात्र को गोली लगने के संबंध में जांच कर रही थी। मुहम्मदाबाद गोहना की घटना में लूट संदिग्ध लगने पर थाना व स्वाट टीम को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर राजगद्दी मैदान के पास से बलिया जनपद के बासडीह थाना के पिठाइच गांव निवासी बैंक कर्मी गोपाल सिंह से पूछताछ में बताया कि उसने दोस्त हल्दी थाना के सोनवाली निवासी आशीष कुमार मिश्रा पुत्र वीरेंद्र मिश्रा के साथ मिलकर वसूले किए गए पैसे की फर्जी लूट कराया था। पुलिस ने गोपाल से आशीष को फोन कर बुलाने पर इरादतगंज के पास से वसूली के लूट के एक लाख 15 हजार रुपये, एक टैब, दो मोबाइलफोन, एक बायो मैट्रिक मशीन, एक बैग व अन्य कागजात बरामद किया गया।



**- पुलिस लाइन सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी और सीओ सीटी ने दी जानकारी**
**- दोस्त के साथ मिलकर बैंककर्मी ने ही रची थी फर्जी लूट की साजिश, दो गिरफ्तार**
**- फर्जी लूट के पैसे सहित अन्य सामान बरामद, छात्र के मामले भी दो सहित अवैध पिस्टल लगी हाथ**

जबकि दूसरी घटना में बकवल पानी टंकी के पास किराए के मकान में रहने वाले गाजीपुर के सादियाबाद थाने के इंदरपुर खेड़ी निवासी पालेटेक्निक तृतीय वर्ष के छात्र साहिल को लगी गोली की घटना के संबंध में शामिल दो अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया।

मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने सुल्तानपुर निवासी रामआशीष और गाजीपुर के नंदगज थाना के घरवा निवासी अजय कुमार बिंद को एक अवैध पिस्टल, एक तमंचा, एक कारतूस के साथ बढुआ गोदाम से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय की तरफ से पुरस्कार देने की घोषणा की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में स्वाट प्रभारी अमित मिश्रा, शैलेष सिंह, सरफराज खान सहित अनेक पुलिसकर्मी शामिल थे।

## प्रधानमंत्री की मां के निधन पर भाजपाजनो द्वारा शोक सभा

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माँ हीरा बेन के शुक्रवार तड़के निधन पर जनपद के भाजपा नेताओं,कार्यकताओं ने गहरा दुखः व्यक्त किया।

करीमुद्दीनपुर स्थित प्रगतिशील किसान पंकज राय के पाली हाउस पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया।शोक सभा में सम्पूर्णानंद उपाध्याय ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि त्याग,समर्पण और आदर्श की साक्षात देवी के निधन पर आज सारा राष्ट्र शोकसंतप्त है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण के संस्कारित गुण मनुष्य मे माँ के द्वारा ही निहित होते हैं। उनका निधन दुखद और अपूर्णीय है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित श्याम राज तिवारी ने कहा कि आपकी ममता ने अपने पुत्र को वो संस्कार दिया जिसका अनुसरण आज पूरा विश्व कर रहा है। ऐसी माँ को शत शत नमन। भाजपा किसान नेता कृष्णा नन्द राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नैतिक संस्कार पूर्ण आदर्शों की गुणात्मक गुणवत्ता, राष्ट्र भक्ति भावना का सीधा सम्बन्ध उनके माँ के आदर्शवादी व्यक्तित्व व्यवहार से जुड़ा है। उनके निधन पर आदर्श और संस्कार सम्पन्न व्यवहारिक व्यक्तित्व की जो अपूर्णता हुई है उसकी पूर्ति असम्भव है। अंत में उनकी आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रक्खा गया।इस शोक सभा में प्रगतिशील किसान पंकज राय, प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव, दिनेश पाण्डेय, कलक्टर यादव,ओम प्रकाश कुशवाहा,ओमप्रकाश पाण्डेय,शशिभूषण सिंह उर्फ नथुनी सिंह, आशुतोष राय,अवनीश राय,राम चन्द्र सिंह,सुनील सिंह, कृष्ण कुमार मिश्रा,अमित पाण्डेय समेत ढेर सारे लोग उपस्थित रहे।



## गलगलिया थाना क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमा पर भू माफियाओं के द्वारा किया जा रहा है अवैध खनन

**संवाददाता अब्दुल जब्बार, दैनिक समाज जागरण**

**किशनगंज** ठाकुरगंज प्रखंड के इंडो नेपाल सीमा से सटे गलगलिया थाना क्षेत्र के भॉतगाव पंचायत के नींबूगुड़ी वार्ड नंबर 12 पासवान टोला में भू माफियाओं के द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर अवैध खनन किया जा रहा है।भारत से नेपाल की सीमा लगभग 100 मीटर के दायरे पर पड़ है,जहां पर भू माफियाओं के द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर अवैध रूप से जेसीबी एवं ट्रैक्टर की माध्यम से खनन माफिया के द्वारा खनन किया जा रहा है जिससे सरकार को करोड़ों का राजस्व की हनी हो रही, सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है कि सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल का कैम्प भी उक्त स्थान पर मौजूद हैं।मगर नहीं है आज तक थाना की पुलिस, अंचल के अधिकारी,एसएसबी के जवानों ने,भू माफियाओं के खिलाफ करवाई तक नहीं की जिस पर कोई कई पदाधिकारियों पर भी सवालिया निशान खड़े करते हैं कि भारत नेपाल सीमा से सटे वाले इलाके में आखिर किसके अनुमति से खनन हो रही है, स्थानीय प्रशासन की टीम इन भूमाफिया पर क्यों नहीं कार्रवाई करती? क्या इन भू माफियाओं पर इन्हीं पदाधिकारियों संरक्षण है? जिस तरह सरकार को करोड़ों का राजस्व का चूना लगाकर इंटरनेशनल बॉर्डर पर खनन किए जा रहे हैं,कई पदाधिकारियों पर भी कई सवालिया निशान खड़ा होता है,वहीं स्थानीय कुछ ग्रामीण भी कैमरे के सामने में कूछ बोलने से हिचकिचाते नजर आए मगर कैमरे बंद करके बात करने के लिए कहने लगे,कैमरे बंद करने के बाद ग्रामीणों मो,शमशाद,मो अख्तर आलम,इमामुद्दीन,अशफाक आलम,हसीबुर रहमान,सियाराम पासवान,मोहम्मद अनवर आलम,अशफाक आलम,इत्यादि ने बताया कि जमीन अख्तर नामक व्यक्ति खनन खनन करा रहे हैं,जो अपने आपको अमीन बोलते हैं और सीओ ठाकुरगंज का परमिशन से खनन करने की बात कहां कर खनन करा रहे हैं।वहीं ग्रामीण सूत्रों ने बताया कि इससे पहले भी कई बार यहां से मट्टी एवं बालू जेसीबी के माध्यम से ट्रैक्टरों पर लोड करके भू माफियाओं के द्वारा नए इंडस्ट्री वाले कई कंपनियों को दिया गया है,इन लोगों के खिलाफ बोलने पर तरहां तरहां कि धमकियां दी जाती है,थाना से लेकर प्रखंड के सभी पदाधिकारियों को सूचना है कि खनन होता है मगर कार्रवाई कुछ नहीं होता है,वही इन सारे पहलुओं पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि हम इस मामले का जांच करते हैं,वहीं उप विकास आयुक्त मनन राम ने कहां की खनन क्यों हों रहीं हैं, जिला खनन पदाधिकारी मामले की जानकारी दी जाएगी एवं इसकी जांच की जाएगी,वहीं अवैध खनन की सूचना पर स्थलीय जांच करने पहुंचे ठाकुरगंज अंचल के राजस्व अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि हमने स्थल निरीक्षण किया और देखा कि यहां पर मिट्टी, बालू,का लंबी अवधि से अवैध खनन किया जा रहा है, जिला पदाधिकारी को सूचना दिया जाएगा एवं वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। अब देखने वाली बात यह होगी कि जिस प्रकार नियमों को ताक पर रखकर सरकार को करोड़ों का राजस्व का चूना लगा रहे भूमाफिया उन पर जिम्मेदार पदाधिकारी किया कार्रवाई करते है।



## कराटे खेल से होता है आत्मविश्वास एवं एकाग्रता में वृद्धि: सुमन तलवार

### *पेफी के द्वारा आयोजित पहली राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप का हुआ भव्य शुभारंभ*




दक्षिण भारत के सुप्रसिद्ध सिनेमा कलाकार और मार्शल आर्ट एक्सपर्ट सुमन तलवार ने आज ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित मंथन स्कूल में फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) के द्वारा उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित पहली राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप के उद्घाटन अवसर पर कहा कि कराटे खेल और मार्शल आर्ट में सहभागिता देने से न केवल आपका शारीरिक विकास होता है अपितु इससे आपके आत्मविश्वास और एकाग्रता में भी वृद्धि होती है। उन्होंने मार्शल आर्ट के सभी फॉर्म खेलने के लिए सभी को प्रोत्साहित करते हुए कहा वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति को चाहे वह महिला हो या पुरुष उसे कराटे, मार्शल आर्ट का अभ्यास अनिवार्य रूप से करना चाहिए। एक महिला यदि कराटे, मार्शल आर्ट में निपुण होती है तो वह न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकती है अपितु वह अपने जीवन में आने वाली अनेक प्रकार की चुनौतियों से लड़ने के लिए आवश्यक क्षमता को बड़ी सहजता से विकसित कर सकती है।

राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन संस्था फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में पूरे देश के 15 राज्यों से 350 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है। कार्यक्रम की शुरूआत में देश के यशस्वी प्रधानमत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी की मां श्रीमती हीराबेन जी एवं फुटबाल के महान खिलाड़ी पेले के देहावसान पर मोन रख कर श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर हॉकी जगत के जाने माने व्यक्तित्व डॉ. ए.के.बंसल ने इस राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने आये सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना का पालन करने के पीछे छिपे सिद्धांतो का महत्व समझाया।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निदेशक डॉ. पुष्कर वोहरा, गौतम बुद्ध नगर की जिला खेल अधिकारी डॉ. अनीता नागर और एमवे इंडिया की राष्ट्रीय निदेशक अलका गुरनानी ने भी बच्चो को प्रोत्साहित किया।

**यह प्रतियोगिता कल दिनाँक 31 दिसम्बर तक चलेगी।**

मंथन स्कूल की प्रिंसिपल और आयोजन अध्यक्ष श्रीमती पूनम मेहंदीरत्ता ने सभी सहभागियों एवं अतिथियों का स्वागत किया एवं अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। चैंपियनशिप के शुभारंभ के अवसर पर "डांस इंडिया डांस" मंच पर अपनी प्रतिभा से विशेष पहचान बनाने वाले उत्तर प्रदेश के मुराद नगर के "स्टार डांस हब" के सदस्यों ने एक विशेष प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर सहकार भारती, गौतम बुध नगर के जिला अध्यक्ष कालूराम शर्मा, पेफी के वरिष्ठ सदस्य डॉ. शरद कुमार, पवन त्यागी, पुनीत आर्य, बब्बू मान, डॉ. मुकेश कुमार, सौरभ राजपूत, विशाल सिंह, सुबोध भाटी, देश दीपक कुलश्रेष्ठ, रमनदीप कौर, हरदेव सिंह, वैष्णवी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

***कार्यक्रम आयोजन सचिव मनोज मिश्रा ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।***

## प्राविधिक शिक्षा मंत्री श्री आशीष पटेल ने डिप्लोमा और डिग्री सेक्टर के कार्यो के बजट की समीक्षा की

**15 जनवरी 2023 तक प्राविधिक शिक्षा विभाग के संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर करने के प्रस्ताव उपलब्ध कराए . पॉलिटेक्निक संस्थानो में बाजार की मांग के अनुसार नए कोर्स संचालित की जाय**

30 दिसम्बर 2022 लखनऊ।

प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री श्री आशीष पटेल ने अपने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में विभागीय निर्माणधीन परियोजनाओ की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों के साथ डिप्लोमा और डिग्री सेक्टर के कार्यो के बजट की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बजट का पूरी तरह से इस्तेमाल किया जाय। शासन स्तर पर निर्माण संबंधित बजट प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान की जाय। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 15 जनवरी 2023 तक प्राविधिक शिक्षा विभाग के संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर करने के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि इसके लिए प्राविधिक शिक्षा विभाग के संस्थानों के प्रधानाचार्य को पत्र भेजा जाय।

प्राविधिक शिक्षा मंत्री श्री आशीष पटेल ने निर्देश दिए कि बाजार की मांग के अनुसार नए कोर्स संचालित की जाय तथा पॉलिटेक्निक संस्थानो के प्रधानाचार्य जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश दिलाया जाय।

बैठक में प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा श्री सुभाष चन्द्र शर्मा, विशेष सचिव प्राविधिक शिक्षा कृपा शंकर सिंह, अन्नावि दिनेशकुमार सहित प्राविधिक शिक्षा के अधिकारिगण उपस्थित रहे।

# अलविदा फुटबाल के भगवान पेले

**समाज जागरण**

भगवान सिर्फ क्रिकेट में ही नहीं होते। भगवान हर खेल में होते हैं। फुटबाल की दुनिया में भी पेले का नाम भगवान की ही तरह लिया जाता है।बुरी खबर ये है कि फुटबाल की दुनिया का ये भगवान अब हमेशा के लिए अदृश्य हो गया है।पेले का जाना फुटबाल की दुनिया में एक वट वृक्ष के गिरने जैसा है।

खेलों के बारे में मै अल्पज्ञानी हूं और इसके लिए मुझे कोई शर्मिंदगी नहीं है। लेकिन खेलों में मेरी रूचि हर खेल के भगवान से मिलाती रही है, भले ही ये परिचय आभासी ही क्यों न हो।82 साल के ब्राजील के पेले कैंसर से पीड़ित थे। पिछले हफ्ते वे अस्पताल गए लेकिन फिर जीवित वापस नहीं लौटे।पेले के नाम फुटबाल के विश्व विजयी होने के ताज थे।

पेले के बारे में मैं अपनी किशोरावस्था से ही उत्सुक रहता था। उन दिनों क्रिकेट से ज्यादा फुटबाल का जुनून हुआ करता था तब टीवी नहीं था इसलिए पेले के फोटो पत्रिकाओं में से काटकर चस्पा किए जाते थे। मुझे याद है कि पेले दुनिया के अकेले ऐसे फुटबाल खिलाड़ी रहे जो लगातार छह दशकों तक खेल के मैदान पर अंगद के पैर की तरह जमे रहे। उन्होंने फुटबाल की चार विश्व कप प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया था और तीन में विजय हासिल की थी।

फुटबाल के मैदान पर पेले खेलते ही नही थे बल्कि जादू करते थे। उनके नाम से दर्ज तमाम कीर्तिमान इसका सबूत हैं। पेले जब बाल लेकर गोल दागने के लिए दौड़ते थे तो असंख्य दर्शकों की दिलों की धड़कनें ठहर सी जाती थीं। लोग पागल हो जाते थे।

लोग मानें या न माने किंतु मुझे लगता है कि ब्राजील के इस खिलाड़ी ने फुटबाल का व्याकरण ही नहीं बदला बल्कि पूरा ककहरा ही बदलकर रख दिया था। उन्होंने फुटबॉल को खेल के बजाय कला का रूप दिया। उन्होंने दुनिया में रंगभेद को लेकर धारणा भी बदली और गरीबों की आवाज को भी बुलंद किया। पेले की वजह से ही दुनिया में ब्राजील और फुटबॉल एक दूसरे के पर्याय बन सके। दुनिया में ऐसे बहुत कम उदाहरण हैं।

पेले का जाना उस पीढ़ी के लिए अविस्मरणीय हो सकता है जिसने पेले को खेलते हुए नहीं देखा किंतु हम जैसों के लिए पेले फुटबाल के बेताज बादशाह थे, उन्होंने जो विरासत अपने पीछे छोड़ी है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

फुटबाल के भगवान पेले में दिलचस्पी रखने वाले पेले के बारे में सब जानते हैं लेकिन जो नहीं जानते उनके लिए बता दूं कि पेले ब्राजील की राजधानी रिओ डि जेनेरियो से कोई डेढ़ सौ किलोमीटर दूर एक छोटे से गांव में 1940 में पैदा हुए थे।

पेले ने 15 वर्ष की आयु में सांटोस के लिये और अपनी राष्ट्रीय टीम के लिये 16 वर्ष की आयु में खेलना शुरू किया और अपना पहला विश्व कप 17 वर्ष की उम्र में जीता। यूरोपियन क्लबों द्वारा अनगिनत प्रस्तावों के बावजूद उस समय की आर्थिक परिस्थितियों और ब्राज़ीली फुटबॉल के नियमों का लाभ सांटोस को मिला, जिससे वे पेले को 1974 तक लगभग पूरे दो दशकों तक अपने साथ रख सके। पेले की सहायता से सांटोस 1962 और 1963 में दक्षिण अमरीकी फुटबॉल की सबसे सम्मानित क्लब स्पर्धा, कोपा लिबेटाडोरेस जीत कर अपने चरम पर पहुँचा।

पेले एक इनसाइड सेकंड फार्वर्ड के रूप में खेलते थे, जिसे प्लेमेकर का नाम भी दिया जाता है। पेले की तकनीक और प्राकृतिक जोशीलेपन की विश्वभर में प्रशंसा की गई है और उनके खेल के वर्षों में वे अपनी श्रेष्ठ ड्रिब्लिंग और पासिंग, अपनी रफ्तार, शक्तिशाली शाट, असाधारण सिर से मारने की क्षमता और गोल बनाने के लिये मशहूर थे।

सात बच्चों के पिता पेले के प्रति मेरे सम्मान भाव की वजह उनका नायाब खेल तो था ही साथ ही अपनी कौम, अपने देश के समर्पण भी रहा।अपने मूल देश ब्राजील में पेले का राष्ट्रीय हीरो के रूप में सम्मान किया जाता है। वे फुटबॉल के खेल में अपनी उपलब्धियों और योगदान के लिये प्रसिद्ध हैं। उन्हें गरीबों की सामाजिक स्थिति को सुधारने की नीतियों के जोरदार समर्थन के लिये भी जाना जाता है आपको याद दिला दूं कि उन्होंने अपने 1000 वें गोल को ब्राजील के गरीब बच्चों को समर्पित किया था।

पेले के बारे में लिखने को बहुत है लेकिन आज मैं भावुकता की जद में हूं इसलिए बात यहीं समाप्त करता हूं।मैं हमेशा से चाहता हूं कि हर देश के पास पेले जैसे खिलाड़ी होने चाहिए। विश्वगुरु बनने से ज्यादा बड़ी बात पेले बनना है। पेले के बाद मेराडोना, रोनाल्डो भी हैं, लेकिन कोई भी पेले नहीं है।पेले ने अपने करियर में कुल 1361 मुकाबलों में सर्वाधिक 1283 गोल दागे। यही नहीं, पेले के नाम सबसे ज्यादा हैट्रिक लगाने का भी रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने पूरे करियर में कुल 92 हैट्रिक लगाई। विनम्र श्रद्धांजलि।

**@ राकेश अचल**

# मनी मैनेजमेंट- "बच्चों को सिखायें पैसे सहेजना"

बदलती लाइफस्टाइल ने ना सिर्फ बड़ों का बल्कि बच्चों के जीने का तरीका भी बदल दिया है। हर बार नए और ब्रांडेड चीजों की फरमाइश नए-नए खर्चे पॉकेट मनी की बढ़ती डिमांड और मुसीबत होती है अभिभावकों की। इसलिए जरूरी है कि बच्चों को शुरू से ही सिखाया जाए पैसे को इकट्ठा करके सहेजना। बच्चों को अक्सर यह समझ नहीं होती कि पैसा कितनी मेहनत से आता है और ना ही यह अंदाजा होता है कि यदि पैसे जल्दी खत्म हो गए तो महीना कैसे चलेगा?

बच्चों की दुनियाँ में उनकी डिमांड पूरी करने में आपका मासिक बजट गड़बड़ा जाता है इसलिए जरूरी है कि बच्चों को रुपए पैसों की कीमत समझाई जाए। इसके लिए बच्चों को एक गुल्लक दीजिए या अपने अलमारी के लॉकर में एक ऐसी जगह बना दीजिए जिसमें बच्चा रोजाना कहीं से भी प्राप्त किया हुआ पैसा इकट्ठा करके रखें और उन्हें फिजूलखर्ची से बचाने का प्रयास कीजिए। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अवलोकन करने की भी शिक्षा देनी चाहिए और उन्हें समय-समय पर पैसों के महत्व को लेकर बातें बतानी चाहिए ताकि आप का बच्चा केवल जरूरत के सामान पर ही उचित धन व्यय कर सके। जब बच्चा गिनना सीख जाता है तो खेल खेल में पैसे का फर्क और उसकी कीमतों को सिक्के के माध्यम से बताया जा सकता है। बड़े बच्चों को पॉकेट मनी जरूर दीजिए जिसे आत्मनिर्भर बनने का निर्णय लेना सीखेंगे लेकिन उन पर निगाह जरूर रखिए कि वह पैसे सही तरीके से खर्च कर रहे हैं या नहीं! छोटे बच्चों को पॉकेट मनी हफ्ते के हिसाब से दे बड़े होने पर हर महीने दें। शॉपिंग करते वक्त बच्चों को साथ ले जाया जा सकता है ताकि वह सीख सके कि कोई विशेष प्रोडक्ट आप कीमत देख कर लेवल पढ़कर क्यों खरीदती हैं? इस तरह वे पैसे की कीमत आंकना सीखेंगे। घर के हर सदस्यों को बच्चों को थोड़ा थोड़ा पैसा देना चाहिए और उन बच्चों से यह आग्रह करना चाहिए कि वह अपना पैसा संभाल कर रखें बेकार में खर्च ना करें। उन्हें फिजूलखर्ची के अंतर के बारे में समझाएं। जरूरत व शौक की वस्तुओं में फर्क को भी समझाएं। पॉकेट मनी मिलने के बाद तुरंत खर्च करने के बजाय उन्हें एक बेहतर बजट बनाने की सलाह दे इस तरह उन्हें सही तरीके से खर्च करना भी आएगा और वे इंतजार व धैर्य रखना भी सीखेंगे। बच्चों के लिए एक अलग अकाउंट खोला जा सकता है जिसमें वे अपनी छोटी-छोटी बचत जमा करके रख सकते हैं। प्रोत्साहन स्वरूप आप भी उनके लिए कुछ राशि जमा करके सेविंग कर सकते हैं इस तरह बच्चे सेविंग का पैसों की कदर करना सीख लेते हैं। बच्चों को डायरी में नोट करना सिखाए किसी भी प्रकार के खर्च का हिसाब उन्हें आना चाहिए। यदि आप कोई सामान बच्चों से मंगवाते हैं तो पैसों का हिसाब और बिल जरूर मांगे बचे हुए पैसे उनके पास ना छोड़े। बच्चे गलती से अधिक पैसा खर्चा कर देते हैं तो उन्हें गलतियाँ होने पर सजा ना देकर प्यार से समझाने का प्रयास करें और उनकी पॉकेट मनी बंद करने की बजाए उन्हें सही सलाह देकर पैसों को जमा करने की तरकीब सुझाये। बच्चों को यह जरूर सिखाये कि उन्होंने जो पैसा जमा किया है उससे वह अपनी जरूरत का सामान खरीद सके, इससे बच्चे अपनी सीमा के अनुसार कोई सामान खरीदने का प्रयास करेंगे जिसे उन्हें यह सबक मिलेगा कि पैसा कब और कहाँ किस हिसाब से खर्च करना चाहिए। यदि बच्चे कुछ अच्छा काम करते हैं तो उन्हें शाबाशी के साथ काम करवाने के लिए कभी पैसे का लालच ना दे। उन्हें पॉकेट मनी देने के बाद यह उम्मीद ना करें कि वह हर खर्च आपकी मर्जी से करेंगे कभी-कभी पैसे का दुरुपयोग भी उनके लिए हानिकारक होता है। कटौती या बजट सीमा सिर्फ बच्चों के लिए ही ना हो बल्कि इसे बड़े अपने ऊपर भी लागू करें ताकि बच्चे देखे और कहे कि "इस महीने हमारे कपड़ों की बजाय आप के कपड़े आने चाहिए। "सबसे जरूरी है कि आप बच्चों से जो अपेक्षा रखते हैं उन पर आपको भी खरा उतरना है मनी मैनेजमेंट कोई भूत नहीं है आय और खर्च के बीच संतुलन बनाना ही मनी मैनेजमेंट है।



**पूजा गुप्ता मिजार्पुर (उत्तर प्रदेश)**

# त्रिदिब मित्रा

त्रिदिब मित्रा (जन्म- 31 दिसम्बर, 1940) बांग्ला साहित्य के 'भूखी पीढ़ी' (हंगरी जेनरेशन) आंदोलन के प्रख्यात कवि थे। वह और उनकी पत्नी आलो मित्रा दोनों मिलकर भूखी पीढ़ी आंदोलन की दो पत्रिकायें चलाया करते थे। अंग्रेजी में 'वेस्ट्पेपर' एवं बांग्ला में 'उन्मार्ग'।

बचपन में स्कूली परीक्षा के बाद त्रिदिब मित्रा एक बार घर से सात महीने के लिये भाग गये। उस दौरान उन्हें जो जीवन व्यतीत करना पडा, उसका असर उनके और उनके लेखन में दिखायी देता है।

त्रिदिब मित्रा द्वारा सम्पादित लघु पत्रिकाओं के नाम से ही पता चल जाता है कि उनके मन में क्या प्रभाव रहा होगा। भूखी पीढ़ी अंदोलन में योग देने के पश्चात ही वह यातनामय स्मृति से उभर पाये थे। उनके लेखन में वह



क्रोध झलकता है।

बांग्ला संस्कृति में एक नयी आयाम का अनुप्रवेश त्रिदिब मित्रा ने घटाया था। श्मशान, कब्रगाह, बाजार, रेलवे-स्टेशन, खालसिटोला के मद्यपों के बीच कविता पढने और ग्रन्थों का उन्मोचन करने का जो सिलसिला भूखी पीढ़ी अंदोलन के बाद शुरू हुये, उस प्रक्रिया के जनक त्रिदिब मित्रा और आलो मित्रा थे। इन दोनों के कविता पठन कार्यक्रम में काफी भीड़ आया करती थी। क्योंकि आम आदमी के बीच में कविता को प्रथम बार ले जाया गया था।

भूखी पीढ़ी ने जो 'मुखौटा' कार्यक्रम शुरू किया था, उसको अंजाम भी त्रिदिब मित्रा और आलो मित्रा ने दिये। ऊँचे पद पर बैठे हुए लोगों के ऑफिस में यही दोनों मुखौटा पहुँचाया करते थे। राक्षस, जानवर तथा जोकर आदि के मुखौटे पर लिखा होता था कि- 'कृपया अपना मुखौटा उतारें'। इस कार्यक्रम के कारण ही कोलकाता का प्रशासन इनके खिलाफ खफा हो गया था।

त्रिदिब मित्रा देखने में बहुत सुन्दर थे। यही कारण था कि उन्हें 'भूखी पीढ़ी का राजकुमार' कहा जाता था।

## बैठकी

# "फ्री, का साइड इफेक्ट्स"

आज तो दिनभर कोहरा छाया रहा और बाहर ठंड भी बहुत बढ़ गई है ! -- सुरेन्द्र भाई को बैठकखाने में राहत लगी!

कल मेरे गांव का जनवितरण कोटा दुकान वाला,कह रहा था कि हमलोगों को राशन वितरण के लिए जो चावल, गेहूं मिलता है उसके हर बोरे में एक-दो किलो वजन कम हीं रहता है उपर से जो दो रुपये, तीन रुपये किलो मूल्य लिया जाता है वो तो उपर नजराना दे देना होता है! अब आप हीं बताईये! कैसे हम इमानदारी से जनता को राशन दें!!!सरकार हमलोगों को महीनवारी मानदेय देने लगती तो कम से कम हमलोग इज्जत से और आत्मसंतुष्टि से अपना धंधा करते!

सरजी, ये स्थिति तो पुरे देश में है! इसपर सरकार कड़ा रुख क्यों नहीं अपनाती!!! --- पारस नेता अपनी कहे!

तभी मुखियाजी बोल पड़े---

""आज शमवा के बजरिया से हम आ रहे थे तो गलिया में मगंरुआ आउर उसका लड़कवा कपार पर भरल बोरी लेके बाजार जा रहा था! रोक कर पुछे कि बोरिया में का लिये हो तो बोला-" मालिक! कोटा वाला चाउर है! जात हैं, दुकानवा पर दे देंगे! सरकार से,पईसा आ फ्री वाला, दुगो राशन मिलत रहे त अधिकवा जात हैं दुकनवा प बेच देवे!" हम पुछे कि का भाव दुकनदार लेगा!!तो बोला- "इहे 16-17 रुपये किलो के भाव से!"

ए सरजी, सरकार पगलाईल है का!!!

लिजिये, मोदीजी ने फ्री का राशन देने की तिथि दिसम्बर 23 तक बढ़ा दिया है! हाँ अब नाम मात्र के पैसे वाला नहीं मिलेगा! --- पारस नेता बीच में!

मुखियाजी, विगत कोरोना काल में जब चारों तरफ हाहाकार मचा था! लाखों लाख लोग बेरोजगारी के गिरफ्त में आ गये थे और शहरों से बड़ी जनसंख्या वापस गाँव की ओर लौट गयी थी तब,अपनी गरीब जनता, भुखमरी की शिकार न हो और उसे दो वक्त का भोजन मिलता रहे, इसको ध्यान में रखते हुए भाजपा सरकार ने फ्री का एक और राशन कोटा देने का निर्णय लिया था! और जब खाने से अधिक अनाज मिलेगा तो लोग बेचेंगे हीं! -- कुंवरजी ने बात बढ़ाई!

अजी, विगत 10-12 बर्षों से, राजनितिक दलों का चुनाव जीतने का जबरदस्त फंडा बन गया है-- फ्री का ये देंगे, फ्री का वो देंगे! इसी दम पर केजरीवाल की पार्टी, दिल्ली में आयी और




पंजाब भी ले गई! --- सुरेन्द्र भाई टोपी ठीक करते हुए!

त मोदीयो सरकार, फ्री के गेहूँ, चउरवा वोटवे के लिए देत है का!! --मुखियाजी मेरी ओर देखे!

तभी भतीजा चाय का ट्रे टेबल पर रख गया और हमलोग एक एक कप उठा लिये!

ए सर, इ ठंढ़ी में चाय बहुत राहत देती है! ---मास्टर साहब चाय की चुस्की लेते हुए!

हाँ त प्रोफेसर साहब !फ्री के अनाज बटला के मतलबो त उहे ह, वोट के राजनीति! --मुखियाजी मेरी ओर!

मुखियाजी, हमारे देश में अमीर लोग, गरीबी को आधार बना कर बर्षों से राजनीति करते आये हैं! लेकिन वे सिर्फ और सिर्फ सत्ता का सुख भोगने तथा और अमीर बनने के उद्देश्य से!एक बार "गरीबी " का नारा देकर इंदिरा गांधी सत्ता में आयी! फिर आजतक गरीबी हटाओ हीं हर राजनीतिक दल के राजनीति का मुद्दा रहा है! गरीब होकर अपनी गरीबी तो बहुतेरे नेता मिटा चूके जिनकी लिस्ट लंबी है लेकिन बदले में, ये गरीबों की गरीबी मिटाने की जगह, जाति- पात का भांग पिलाते रहे !

लेकिन गरीब होकर गरीबी मिटाने का संकल्प रखने वाले कुछैक नेता हीं देश को मिले जैसे- सरदार बल्लभ भाई पटेल, गुलजारी लाल नंदा, लाल बहादुर शास्त्री, मोदीजी आदि! नाम मात्र की कीमत पर या फ्री राशन देने की मोदी सरकार की व्यवस्था सिर्फ और सिर्फ विपरीत परिस्थितियों में लोक कल्याण और गरीबों को, भोजन की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से किया गया है! आज जो राजनीतिक दल, फ्री का बिजली, फ्री का लैपटॉप, फ्री का स्कूटी, फ्री का बस सफर , फ्री का ये फ्री का वो, देने का वादा करते हैं असल में उनका उद्देश्य बिलकुल स्पष्ट है किसी तरह सत्ता हथियाना! --- मैं ठहरा!

लेकिन सरजी, फ्री के राशन का साइड इफेक्ट्स तो गावों में स्पष्ट नजर आता है! --उमाकाका मेरी ओर देखकर!

उ का काकाजी! -- मुखियाजी उमाकाका की ओर!

चूकी भोजन की परेशानी खत्म हो गई है जबकि अन्य सुविधायें भी फ्री में उपलब्ध है अतः लोग मेहनत से जी चुराने लगे हैं !पहली दिक्कत तो श्रमिक उपलब्धता की है! चाहे खेती की बात हो या गृहनिर्माण की गावों में अब लेबर चार्ज इतना अधिक बढ़ गया है कि खेती में- चाहे बुआई हो या कटाई, मशीनों से काम लेना किसानों की मजबूरी बन गई है! नतीजा है कि पशु आहार बहुत मंहगें हो गये हैं! गाँव में भूसा हजार रुपए क्विंटल हो चुका है जिससे पशुपालन भी मंहगा हो गया है! मशीनों के उपयोग से भूसा नहीं बन पाता! गाँव में भी एक दिन की मजदूरी 500 से कम नहीं है! आज गाँव में मकान बनाने का रॉ मैटेरियल जुगाड़ करना जितना मंहगा है, दुसरी ओर मिस्त्री,मजदूर की मजदूरी जुटाना भी कम कठिन नहीं रह गया है !-- उमाकाका हाथ चमकाये!

देखिये, मोदीजी को सब पता है! ये फ्री का जो भी बांटा जाता है वो टैक्स देने वालों की मेहनत की कमाई होती है! विषम कोरोना काल को ध्यान में रखकर मोदी सरकार ने डबल राशन की व्यवस्था की थी लेकिन अब मार्च के बाद राशन तो फ्री में मिलेगा लेकिन महिना में सिंगल !नाम मात्र के पैसे वाला बंद! -- पारस नेता ने जानकारी रखी!

महंगाई बढ़ने के कारण मजदूरी बढ़ना लाजमी है तथापि मुफ्त की राजनीति हमारे देश को ऐसे संकट की ओर ढ़केल देगा जहाँ से उबरना कठिन हो जायेगा! देश में सैकड़ों मुफ्त की योजनायें चलायी जा रहीं हैं और खासतौर पर वैसे राज्यों में जो लाखों करोड़ के कर्ज में डुबें हैं! ये कर्ज का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है लेकिन राजनीतिक दलों को इसकी चिंता नहीं दिखती! फ्री की राजनीति अर्थात, हर एक दिन,आर्थिक दिवालेपन की ओर बढ़ता कदम --- सुरेन्द्र भाई चिंतित लगे!

इसीलिये तो पिछले दिनों उमाकाका ने, सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग से दैनिक समाज जागरण के बैठकी शिर्षक में अनुरोध किया था कि ऐसा कानून बनें कि केंद्र , राज्य या स्थानीय निकायों के चुनाव में यदि उन संस्थाओं पर कर्ज का पहले से बोझ हो तो किसी दल द्वारा फ्री के टूल्स को, चुनाव में इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए!-- कुंवरजी ने याद दिलाया!

बिलकुल सही कहे कुंवर बाबु! इ कनुनवा बन जाता त फिलाड़ नेतवन से भी जान बचिये न जायेगा! --- कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक ( समाजशास्त्री)**

# सकरी नदी के आस पास हैं अनेक धार्मिक स्थल

**राम रतन प्रसाद सिंह रत्नाकर**

नदी, मानव जीवन और सभ्यता का उद्गम स्थल है। जमाने से एक कहावत प्रचलित है। 'कौन नदी, कौन गांव, केकर बेटा, की नाम' अर्थात नदी के नाम से गांव की पहचान होती थी। सनातन मतवादी नदी वंदना करते हैं और अपनत्व के कारण मां का दर्जा देते हैं। नदी छोटी हो या बड़ी, सबका अपना इतिहास और भूगोल है। हजारीबाग और गिरिडीह पर्वतमाला से दो अलग-अलग नाले से प्रवाहित जल, गिरिडीह जिले के घोड़सिमर नामक स्थल तक तेज धारा वाले जल श्रोत का सकरी नदी के रूप में पहचान है।

सकरी नदी सातगामा के पास ( झारखंड) पूरब से पश्चिम प्रवाहित है। इसके ऊपर पेट्रो नामक झरना इस झरने के पास एक प्राचीन शिव मंदिर को नये रूप में बनाया गया। आगे नदी दस किलोमीटर के सफर के बाद बासोडीह और मरचोय गांव के बीच के दक्षिण से उतर दिशा में प्रवाहित है। मिरचोय गांव के बीच से दक्षिण से उतर दिशा में प्रवाहित है। मिरचोय और वासोडीह गांव के बीच में एक छोटे पर्वत पर शिवलिंग है जो प्राचीन है। लेकिन अब नया मन्दिर बना दिया गया है। शिव विवाह के मौके पर दो दिनों का मेला लगता है। इस स्थान के पास सकरी नदी में फागुन महीने तक जल रहता है। इस शिवलिंग के आगे 'नौशरवानाथ' शिवलिंग है। सभी शिवलिंग सकरी नदी के किनारे है, इसके दो किलोमीटर उत्तर में बालीमहादेव नामक शिव मंदिर है। यह मंदिर शिवपुर गांव के पास है। सकरी नदी के एक किनारे में पर्वत है और दूसरे किनारे में गांव है। पेट्रो झरना के आगे आधा दर्जन शिव मंदिर हैं। बीस कलोमीटर उत्तर और नवादा जिले के गोविन्दपुर कस्बा से पांच किलोमीटर दक्षिण में धरती से 30 फीट ऊंचा एक गढ़ पर विशाल शिवलिंग एक पत्थर से निर्मित मंदिर में स्थापित है। शिवमंदिर 22 फीट ऊंचा है और पत्थर पर पत्थर रखकर चूना एवं बलुआ मिटटी से जोड़ा प्रतीत होता है।

इसका गर्भगृह 10 फीट बाइ 10 फीट तक फैला है। पूरा मंदिर परिसर आठ फीट ऊचे चहारदिवारी से घिरा हुआ है। इस पूरे क्षेत्र में शिव परिवार के 13 मूर्तियाँ हैं। सकरी नदी के बीस किलोमीटर सफर में आधा दर्जन शिव के धाम हैं और हर-हर महादेव का जयघोष सालोंभर सुनायी देता है। आस-पास के लोगों की मान्यता है कि यह शिवमंदिर देवघर से भी पुराना है।

घोड़सिमर के आगे सकरी नदी के 65 किलोमीटर के सफर में दस की संख्या में विष्णुधाम मंदिर और मूर्ति विराजमान है। यह सकरी का समतल क्षेत्र है जो बिहार प्रदेश के नवादा, शेखपुरा, नालन्दा जिले तक फैला है। यह नदी कुल 230 किलोमीटर सफर करने के बाद मोकामा बड़हिया टाल होते हुए गंगा मे मिली है। नवादा जिले के लोग सकरी को गंगा मनाते है। घोड़सिमर से चालीस किलोमीटर सफर करते हुए सकरी कादिरगंज और जमुआवाँ नवादा पहुँची। जमुआवाँ में प्राचीन वैष्णव मंदिर है जिसमें शंख, चक्र, गदा और कमल के फूल लिए भगवान विष्णु की आदमकद प्रतिमा है। यह मूर्ति पालकालीन प्रतीत होती है। मूर्ति प्राचीन है लेकिन मंदिर का निर्माण 150 वर्ष पूर्व होने का अनुमान है। जमुआवा के आगे 15 किलोमीटर आगे उत्तर में बढ़ने पर सकरी नदी का छाड़न क्षेत्र दर्शन होता है और छाड़न क्षेत्र के मंजौर बलवापर नामक गांव से वर्तमान सकरी तीन किलोमीटर पश्चिम में प्रवाहित है। इस गांव से सामस ( शेखपुरा जिला ) तीस किलोमीटर क्षेत्र में बलवापर, बलोपुर बाली जैसे दस गांव है। छाड़न क्षेत्रों में बालू के ऊंचे गढ़ पर बसने के कारण इन छाड़न क्षेत्र के भूगोल को स्पष्ट करता है।

इस तीस किलोमीटर के छाड़न क्षेत्र में 10 वैष्णवद मंदिर एवं मूर्ति के दर्शन हो रहे हैं। जमुआवाँ कादिरगंज से 16 किलोमीटर पर प्राचीन मुकुन्दपुर और वर्तमान के मकनपुर गाँव में भगवान विष्णु की तीन मूर्तियाँ जिसमें एक बराह अवतार की मूर्ति है, मिली जो मन्दिर बनाकर स्थापित है। यह मूर्ति गुप्तकालीन प्रतीत होती है। पूर्ण कलात्मक काले पत्थर की है। मकनपुर से दो किलोमीटर पर चैनपुरा गांव में एक पाषाण और भगवान विष्णु कि प्रतिमा इस साल मिली है जो भक्तिभाव से मंदिर में स्थापित की गयी है। मकनपुर से तीन किलोमीटर पर वारिसलीगंज बाजार है। बाजार के पूरब बलवापर नामक गांव के पास सौ साल पूर्व रेलवे लाईन के निर्माण के समय भगवान विष्णु की भूरे पत्थर से निर्मित मूर्ति मिली थी। अब मंदिर बनाकर मूर्ति स्थापित है।

यही नहीं, जमुआवाँ में भगवान विष्णु की प्रतिमा का दर्शन गांववासियों को हुआ। जमुआवाँ से चार किलोमीटर पर शाहपुर नामक गांव में वर्षों से एक वृक्ष के नीचे भगवान विष्णु की मूर्ति है। जमुआवाँ गाँव के पश्चिम अपसढ़ नामक गाँव में धरती से चालीस फीट उंचा एक गढ़ है। खुदाई के बाद यह स्पष्ट हुआ है कि यह वैष्णव विश्वविद्यालय का अवशेष है। इस गढ़ के ऊपर भगवान विष्णु की मूर्ति है जो खंडित स्थिति में है। गढ़ के उत्तर में एक 12 फीट उंची वराह की मूर्ति बलुआ मिटटी से निर्मित है जिसमें पूरे ब्रह्माण्ड को दशार्या गया है। इस साल गढ़ के उत्तर बड़े सरोवर की खुदाई में खंडित भगवान विष्णु की मूर्ति मिली है। वैष्णव माधवगुप्त दक्षिण भारत के संत अरपर के कहने पर शिवभक्त हो गये थे लेकिन अपसढ़ वैष्णव मंदिर के कारण जाना जाता है। अपसढ़ से 5 किलोमीटर पर महरथ से प्राप्त हरिहर' की छः फीट की मूर्ति वर्तमान में नारद संग्रहालय में है। मूर्ति एक भाग में 'हरि' अर्थात विष्णु और दूसरे भाग में 'हर' अर्थात शिव को दशार्या गया है। महरथ से दो किलोमीटर पश्चिम में पार्वती पर्वत के एक गुफा का नाम चुलक गुफा है। इस पर्वत के नीचे एक विष्णु और बुद्ध की एक मूर्ति भी थी।



**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और मगही के साहित्यकार हैं। )**

# अरविंद गणपत सावंत


जन्म- 31 दिसंबर, 1951, मुम्बई, महाराष्ट्र) भारतीय राजनीतिज्ञ हैं। वह मुंबई से शिवसेना के नेता हैं। अरविंद सावंत भारत की 16वीं लोकसभा के सदस्य रहे हैं। नरेन्द्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में वह कैबिनेट मंत्री बने हैं। 17वीं लोकसभा में उन्हें भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्री बनाया गया है। अरविंद सावंत महाराष्ट्र के मुंबई दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने एक पुस्तक भी प्रकाशित की है, जिसका नाम है- "बालकाडू", यह महाराष्ट्र विधान परिषद में उनके भाषणों का संकलन है।

**परिचय**

अरविंद सावंत का जन्म 31 दिसंबर, 1951 को मुम्बई, महाराष्ट्र में गणपत पांडुरग और आशालता गणपत सावंत के घर हुआ था। उन्होंने बी.एससी की डिग्री मुंबई के भवन कॉलेज से प्राप्त की है। राजनीति में आने से पहले उन्होंने एक इंजीनियर के रूप में राज्य के स्वामित्व वाली महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड के साथ काम किया।

**राजनीतिक शुरूआत**

सन 1968 में अरविंद सावंत ने शिवसेना के साथ अपने राजनीतिक कॅरियर की शुरूआत की। इस समय के दौरान उन्होंने एक पोलिंग एजेंट के रूप में काम किया और पार्टी द्वारा आयोजित विभिन्न विरोध प्रदर्शनों में भी भाग लिया।



वे स्टानिया लोकाडिकर समिति में भी शामिल हो गए, जिसका काम स्थानीय लोगों के लिए नौकरियों की मांग करना था।

**शिवसेना के साथ**

1995 में अरविंद सावंत ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली और शिवसेना में शामिल हो गए। 1996 में वह महाराष्ट्र विधान परिषद के लिए चुने गए। परिषद में उन्होंने झुग्गी विकास से संबंधित मुद्दों को उठाया। मराठी भाषा के लिए प्रमुखता की मांग की और मिल श्रमिकों के लिए आवास की मांग की। हालांकि वह दो बार परिषद के लिए निर्वाचित होने में कामयाब रहे, लेकिन वे अपने तीसरे प्रयास के दौरान चुनाव हार गए, क्योंकि पार्टी मुंबई नगर निगम में संख्या में कम थी। 2010 में उन्हें पार्टी का उपनेता और आधिकारिक प्रवक्ता बनाया गया।

**कैबिनेट मंत्री**

पार्टी के प्रवक्ता के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान अरविंद सावंत ने समाचार चैनल की बहसों में पार्टी का बचाव उस समय किया, जब पार्टी की मुंबई में प्रवासियों पर अपनी नीति के लिए आलोचना की गई थी। शिवसेना ने उनकी निष्ठा को देखते हुए साल 2014 के लोकसभा चुनाव में उनको मुंबई दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ाने का ऐलान किया। उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी मिलिंद देवड़ा की तुलना में कमजोर उम्मीदवार माना जाता था, लेकिन अरविंद सावंत देवड़ा को हराने में कामयाब रहे। वहीं इस बार के चुनाव में उन्हे फिर से पार्टी ने मौका दिया और दोबारा जीत कर वे लोकसभा पहुंचे। इस बार एनडीए सरकार मे उन्हें भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्री बनाया गया है।

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# रानीगंज नगर पंचायत की चेयरमैन बनी रूपा देवी तो उप मुख्य पार्षद का ताज मिला सुभद्रा देवी को

अररिया ।

नव सृजित नगर पंचायत रानीगंज का मतगणना मार्केटिंग यार्ड अररिया में संपन्न हो गया ।निवार्ची पदाधिकारी नें विजयी प्रत्याशी को जीत का प्रमाण पत्र दे दिया है ।नगर पंचायत बने रानीगंज का पहला चेयरमैन बनी रूपा देवी नें अपने निकटतम प्रतिद्वंदी पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं पूर्व मुखिया रहीं कद्दावर नेत्री पूनम पासवान को 673 मतों से पराजित कर उसे धूल चटा दी ।बता दें कि मुख्य पार्षद का पद अनु जाति कोटि में था ।इस पद के लिये 10 उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में थे ।रानीगंज सीट सुरक्षित हो जाने से कई दिग्गज अपने चहेते को अपना समर्थन दिया था किन्तु जीत रूपा देवी को मिली ।इस सीट से भाग्य आजमा रही प्रत्याशी अनिता देवी 782 कंचन देवी 342,डोली देवी 380,पूनम पासवान 3173,प्रीति कुमारी 849,फूलन देवी 389,रजनीगन्धा 608,रानी देवी 2226,रूपा देवी 3846,संगीता देवी 619 मत मिला ।सबसे कम मत कंचन देवी लायी । उप मुख्य पार्षद सीट निर्वाचित हुई सुभद्रा देवी के झोले में गया उन्हें 4925 मत मिला जबकि राखी कुमारी दूसरे स्थान पर रही उसे मात्र 3773 वोट से हीं उन्हें संतोष होना पड़ा ।सुभद्रा देवी नें 1152 मतों से राखी को पटकनी दी ।बता दें कि उप चेयरमैन सीट पर 5 प्रत्याशी अखाड़े में कदमताल कर रही थी । बिरखी देवी 1366, राखी कुमारी 3773,रूबी देवी 1643,शिम्पल कुमारी1507, सुभद्रा देवी 4925 मत मिला ।सबसे कम वोट बिरखी देवी हीं लायी ।

# रानीगंज के मतदाताओं नें वार्ड पार्षद पद पर दिग्गजों को चटाया धूल

## भाजपा नेता कृष्ण कुमार सेनानी को वार्ड 3 से मिली कामयाबी तो रजनी प्रकाश वार्ड न०17 की बनी पार्षद



रानीगंज । कृषि उत्पादन बाजार समिति अररिया परिसर में संपन्न हुए नगर पंचायत रानीगंज के काउंटिंग में विजयी





वार्ड पार्षद को निवार्ची पदाधिकारी नें जीत का प्रमाण पत्र दे दिया है ।कई दिग्गज हस्ती जो सुरक्षित सीट मुख्य पार्षद पद होने की वजह से वार्ड पार्षद पद पर भाग्य आजमा रहे थे ।कई लोग तो हार की वजह से पहले हीं चुनावी समर से अपने को अलग रखा ।इस रिजल्ट में मतदाताओं कई वार्ड में चुनाव लड़ रहे राजनीति परिवार को धूल चटा दिया ।इधर जीतने वाले में रानीगंज के निवर्तमान मुखिया प्रतिनिधि सह मंडल भाजपा अध्यक्ष कृष्ण कुमार सेनानी वार्ड 3 से पार्षद पद का चुनाव जीत गये हैं ।वार्ड वासी के अलावा रानीगंज एवं भाजपा से जुड़े लोगों नें उन्हें बधाई दी है ।पूर्व उप प्रमुख रहे समाजसेवी उमेश मिश्र नें भी उन्हें जीत पर शुभकामनायें दी ।जीतने वालों में युवा दिलों के धड़कन समाजसेवी अपनी जाति के नगण्य वोट के बाबजूद रितेश ठाकुर उर्फ सरदार की पत्नी रजनी प्रकाश वार्ड न०17 से विजयी रही ।जीतने वाले वार्ड पार्षद में वार्ड 1से पार्षद बनी गीता देवी तो वार्ड न० 2 का ताज रेखा देवी को मिला । कृष्ण कुमार सेनानी वार्ड 3 से, निशा कुमा री वार्ड 04 से ,लुखा देवी,रानीगंज वार्ड न० 05 से जीत दर्ज की ।मनोज कुमार,वार्ड न० 06 से ,बिरेंद्र मुखिया वार्ड 7 से, आरती कुमारी,वार्ड-०8 से, तारो खातून,वार्ड सं ०9 से , अंशु कुमारी, वार्ड 10 से, अमानत अली अंसारी, वार्ड 11 से ,निधी कुमारी, वार्ड 12 से आलोक कुमार भारती वार्ड 13 से ,पमिला देवी,वार्ड-14 से, मंजु देवी,वार्ड 15 से ,लीला देवी हसनपुर वार्ड न० 16 से, समाजसेविका रजनी प्रकाश हरिहर नगर वार्ड न० 17 से एवं बसंत कुमार हॉसदा,बरबन्ना, वार्ड-18 से चुनाव जीत गए हैं इन सभी विजेताओं नें अपने अपने वार्ड की विकास करने की बात कही ।

## नगर पंचायत जोकीहाट के विजयी वार्ड पार्षदों नें किया खुशी का इजहार मतदाताओं के प्रति जताया आभार कहा वार्ड का विकास मनोयोग से करूंगा

जोकीहाट । अररिया की राजनीति में जोकीहाट का स्थान सर्वोपरी एवं उर्वरा रहा है ।नव सृजित नगर पंचायत जोकीहाट में इस बार युवा जीत कर आए हैं ।इन लोगों को मार्केटिंग यार्ड मतगणना स्थल पर निर्वाचन प्रमाण पत्र











निवार्ची पदाधिकारी द्वारा दिया गया ।जीतने वाले वार्ड 3 की बेबी देवी,वार्ड 4 की रिन्की देवी वार्ड 6 की गजाला देवी चुनाव जीती ।वार्ड 11से वदिऊ जमा चुनाव जीते ।वार्ड 7 से दानिश काशमी वार्ड 12 से आजम आलम चुनाव जीते ।इन सबों नें मतदाताओं के प्रति आभार जताया और कहा कि वार्ड का मनोयोग पुर्वक विकास करूंगा ।

# नवसृजित नगरपंचायत नरपतगंज से विजयी वार्ड पार्षदों को मिला जीत का प्रमाण-पत्र

## *कौशल कुमार दास वार्ड एक के बने वार्ड पार्षद*





नरपतगंज । मार्केटिंग यार्ड अररिया के प्रांगण में कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुए मतगणना में निर्वाचित सभी वार्ड पार्षदों की विजयी प्रमाण पत्र निवार्ची




पदाधिकारी नें हस्तगत कराया ।जीते पार्षदों नें अपने अपने वार्ड को चमकाने की बात कही ।मतगणना कक्ष से बाहर विजयी प्रत्याशियों के समर्थक एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर जिन्दाबाद के नारे भी लगाए ।जीतने वालों में वार्ड 1 से कौशल कुमार दास को 486 मत,वार्ड 2 से बाल कुमार पासवान 122 मत ,वार्ड 3 से गीता देवी को 279 मत मिला और वे चुनाव जीत गए ।वार्ड 4से मुखी लाल पास्-।वान को 180वोट,वार्ड 5,से सन्तोष यादव को 175 मत,वार्ड 6 से रेखा देवीदेवी को 293 मत,वार्ड 7 से रोशन को 470,मत,वार्ड 8 से अमित कुमार को 234 मत,वार्ड 9 से कंचन कुमारी को 298 मत पाकर वे सभी विजयी रहे ।वार्ड 10 में एक प्रत्याशी की निधन से चुनाव नहीं हुआ ।वार्ड 11 से उमा कुमारी 192 मत,वार्ड 12 से नाजदा प्रवीण 157 मत,वार्ड 13 से प्रंलयकर सिह,181मत,वार्ड 14 से नवीसा खातून 365मत,वार्ड 15 से केशव कुंदन 340 मत लाकर जीते ।वार्ड 16 से राधा नंद यादव को 274 मत,वार्ड 17 से भीम कुमार राय को 168 मत मिला और जीते ।वार्ड 18 से शारदा मुनि 315 मत,वार्ड 19,उषा देवी 423 मत एवं वार्ड 20 से बिमला देवी वोट 191 लाकर जीत गई ।

## नगर पंचायत जोकीहाट से पूर्व गृह राज्य मंत्री मरहुम तस्लीम बाबू की समधिन चुनाव हारी,मुख्य पार्षद बनी बीबी सफिदन उप मुख्य पार्षद पद पर आसीन हुई जावेद आलम की बेटी माहेदरक्षा



जोकीहाट । अररिया राजनीति का हॉट सीट जोकी सदैव रहा है ।नव सृजित नगर पंचायत जोकी का मतगणना मार्केटिंग यार्ड अररिया के प्रांगण में संपन्न हो गया ।कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न मतगणना के बाद विजयी प्रत्याशियों को जीत का प्रमाण पत्र निवार्ची अधिकारी नें दिया ।नगर पंचायत जोकीहाट से मुख्य पार्षद पद पर चुनाव लड़ रही पूर्व गृह राज्य मंत्री मरहुम तस्लीम बाबू की समधिन चुनाव हार गई ,चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता मो शकुर की अम्मी बीबी सफिदन मुख्य पार्षद बनी ।इधर उप मुख्य पार्षद पद वरीय समाजसेवी जावेद आलम की लाड्ली माहेदरक्षा हथियाने में कामयाब रही ।नव निर्वाचित मुख्य एवं उप मुख्य पार्षद को जीत के बाद बधाई देने वालों का ताँता लगा रहा ।मतगणना कक्ष पहुंच कर जोकी के प्रमुख प्रतिनिधि शहजाद आलम नें बधाई दिया ।जीते प्रत्याशी के समर्थकों नें अबीर गुलाल लगाकर जिन्दाबाद का नारा लगाए

# वर्कशॉप की सफलता पर डॉ. कुलदीप ने दी बधाई

मधेपुरा । बीएनएमयू के समाज शास्त्र विभाग में न्यू ट्रेंड्स इन रिसर्च मेथोडोलॉजी पर आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के सफलता पूर्वक संपन्न होने पर विभागाध्यक्ष ने बढ़ाई दी है। विभागाध्यक्ष डॉ कुलदीप यादव ने कहा कि कुलपति डॉ आरकेपी रमण के निर्देश पर विभाग के सभी शिक्षक, शीधार्थी, छात्र, कर्मचारियों ने काफी मेहनत कर इसे सफल किया है। वर्कशॉप में विश्वविद्यालय के सभी विभाग का भरपूर सहयोग मिला। कुलपति डॉ आरकेपी रमण ने भी बेहतर वर्कशॉप संपन्न कराने के लिए एचओडी डॉ कुलदीप यादव को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कुलदीप यादव ने विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। उन्होंने ऐसे वर्कशॉप अन्य विभागों में भी करने की बात कही।



# सहयोग प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की माता के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

पूर्णियां । सहयोग प्रांगण आकाशवाणी रोड पूर्णिया में सहयोग अध्यक्ष डॉ अजीत प्रसाद सिंह के द्वारा परम आदरणीय युगपुरुष प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी की माता के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया इस अवसर पर डॉ अजीत प्रसाद सिंह ने कहा मां तुझे सलाम भारत माता को युगपुरुष देने वाली मां को शत-शत नमन ऊं शांति विनम्र श्रद्धांजलि ऐसे उदार दिल, कर्तव्यपरायण और मेहनती मां कि आत्मा को शांति दे भगवान,

प्रधानमंत्री जी के द्वारा कही गई यह बातें दिल को छू लेने वाली

"मां, ये सिर्फ एक शब्द नहीं है। जीवन की ये वो भावना होती जिसमें स्नेह, धैर्य, विश्वास, कितना कुछ समाया होता है। दुनिया का कोई भी कोना हो, कोई भी देश हो, हर संतान के मन में सबसे अनमोल स्नेह मां के लिए होता है। मां, सिर्फ हमारा शरीर ही नहीं गढ़ती बल्कि हमारा मन, हमारा व्यक्तित्व, हमारा आत्मविश्वास भी गढ़ती है। और अपनी संतान के लिए ऐसा करते हुए वो खुद को खपा देती है, खुद को भुला देती है।

से हम सबको प्रेरणा लेने की जरूरत इस अवसर मां हीराबेन आत्मा को शांति के शांति हेतु संस्थान के सदस्य एवं छात्रों के बीच 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि देते हुए सहयोग कार्यालय में अवकाश घोषित कर दिया गया कार्यक्रम में संस्थान के सदस्य अक्षय कुमार रवि कुमार कुशवाहा भवेश कुमार विकास कुमार सिंह पवन कुमार राहुल कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे

# पांच बार अररिया के सांसद रहे सुकदेव पासवान की पत्नी नीलम पासवान पटकनी दे सन्नु कुमारी बनी मुख्य पार्षद

**कुन्ती देवी को नरपतगंज नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद का मिला ताज**

नरपतगंज । लक्ष्मी और सरस्वती से परिपूर्ण और संपन्न परिवार से आने वाले समाजसेवी मधुरा उत्तर निवासी इन्द्रानंद पासवान की लाड्ली मिस



सन्नु कुमारी नें वरीय राजद नेता सह 5 टर्म बीजेपी के सांसद रहे सुकदेव पासवान की पत्नी नीलम पासवान को काफी पीछे छोड़ नगर पंचायत नरपतगज के चेयरमैन सीट पर कब्जा जमाने में कामयाब रही ।भाजपा से राजद का दामन थामने वाले पुर्व सांसद श्री पासवान की पत्नी नीलम पासवान को औकात में ला छोटा चुनाव में सन्नु नें धूल चटा दी ।बता दें कि सन्नु के परिवार में लक्ष्मी सरस्वती बिराज रही है ।बड़े भाई सन्तोष एस ड़ी एम



है तो भाभी लवली बी ड़ी ओ ।बड़ी मां हेडमिस्टरेस तो घर में रेलवे ,डॉ पद पर परिजन आसीन हैं ।मम्मी समाजसेविका तो पापा समाजसेवी ।सन्नु अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सीमा को पराजित की ।तीसरे स्थान पर नीलम पासवान रही ।सन्नु को 5493 मत मिला सीमा को 3300 एवं नीलम को मात्र 1206 मत पर लाकर समेट दिया ।सन्नु नें कहा कि स्वास्थ्य,शिक्षा मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी ।नव सृजित नगर पंचायत नरपतगंज को बेहतर बनाना मुख्य उददेश्य रहेगा



।इधर उप मुख्य पार्षद पद पर कुन्ती देवी नें अपने विरोधी फूल देवी को हरा उप चेयरमैन की कुर्सी हथियाने में कामयाब रही ।तीसरे स्थान पर आशा देवी थी ।

# 41 सीएनआरपी का हुआ प्रशिक्षण

अररिया । जिला परियोजना समन्वयन इकाई, अररिया की ओर से सामुदायिक पोषण साधन सेवी यानी सीएनआरपी का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 30 दिसंबर को समाप्त हुआ। जिसमें रानीगंज और सिकटी प्रखंड के 41 सीएनआरपी ने हिस्सा लिया। यह प्रशिक्षण कैप्सुल 1 के रूप में जाना जाता




है। जिसके तहत स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित जानकारी विस्तार से दी गई है। ताकि ये सीएनआरपी गांवों में रह रहे जीविका दीदियों और उनसे जुड़े परिवारों को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक कर सके। इसके अन्तर्गत आंगनवाड़ी सेविका एवं आसा से समन्वय स्थापित कर जीविका दीदियों तक इस संवाद को पहुंचाना है। इस प्रशिक्षण के बाद ये सीएनआरपी जीविका दीदियों में स्वास्थ्य, पोषण संबंधी जागरूकता के अलावा सरकार के विभिन्न स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं की जानकारी समूह स्तर के अलावा घर-घर जाकर पोषण से संबंधित परामर्श देंगी। जिसका लाभ दीदियों को मिलेगा। प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए प्रबंधक स्वास्थ्य एवं पोषण शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि जिले के 160 सीएनआरपी का अबतक प्रशिक्षण पूर्ण कर कार्य पर लग चुकी हैं। जिसका लाभ व्यापक स्तर पर जीविका दीदियों को मिल रहा है। इस प्रशिक्षण को बेहतर ढंग से कराने के लिए प्रशिक्षक के रूप में राज्य कार्यालय से आए शेखर कुमार सिंहा और बगेश कुमार मिश्रा प्रशिक्षण दिया और इस प्रशिक्षण की महत्ता को बताया।

# प्रत्यूष लोहिया के दुबारा अध्यक्ष निर्वाचित होने से संगठन में भारी जोश व उत्साह

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई देने के लिए लोगों का लगा ताता, आगामी नगर पालिका चुनाव और लोकसभा के नजरिए से चुनाव को माना जा रहा है अति महत्वपूर्ण।

(आर एन चौरसिया)

मिजार्पुर , शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उमर ओमर वैश्य परिषद् मिर्जापुर एवं महिला मंडल मिर्जापुर का वार्षिक चुनाव चौबेटोला स्थित राजगद्दी रामभवन पंचायती भवन में समाज के वरिष्ठ जनों के देख रेख में सम्पन्न हुआ । चुनाव अधिकारी विनोद कुमार ने चुनाव की औपचारिकता सम्पन्न कराते सर्व सम्मत से वर्ष 2023 के अध्यक्ष के लिए प्रत्युष कुमार लोहिया के हुए नाम की घोषणा की ।जिसका अनुमोदन उपस्थित लोगो ने सर्व सम्मत से किया।अध्यक्ष के चुनाव से पूर्व नई कार्यकारिणी के कुल 31 सदस्यों की टीम की घोषणा की गई, जो पूर्व के सामाजिक कार्यों में सदैव अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहे है। इसके साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु राकेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष हेतु विष्णु गुप्ता महामंत्री हेतु राधेश्याम गुप्ता ,कोषाध्यक्ष हेतु लवकुश गुप्ता, संयुक्त मंत्री द्वारा 1 अजय गुप्ता 2 रवि गुप्ता



संगठन मंत्री हेतु नितिन गुप्ता ,प्रचार मंत्री (प्रकाशन एवम मिडिया) हेतु आनंदजी गुप्ता , आय व्यय निरीक्षक हेतु संजय गुप्ता, वस्तु एवं कार्यक्रम व्यवस्थापक हेतु गप्पू (विकास), मिडिया प्रभारी हेतु गौरव उमर क्रमशः को चुना गया`

कार्यक्रम में मुख्यरूप से पुष्पेन्द्र गुप्ता, भारतभूषण, राधेश्याम गुप्ता, सुनील गुप्ता, विनय कुमार उमर, आनंद गुप्ता, ज्ञानशंकर गुप्ता, डा० रामश्री गुप्ता आदि अनेक गणमान्य समाज के बुद्धिजीवी वर्ग के लोग उपस्थित थे। वही महिला मंडल के वार्षिक चुनाव में चुनाव अधिकारी सुमनलता गुप्ता की देख रेख में चुनाव सम्पन हुआ। जिसमें अध्यक्ष, साधना गुप्ता ,उपाध्यक्ष, डाली गुप्ता और सीमा गुप्ता (शिल्पी), महामंत्री मधु गुप्ता, कोषाध्यक्ष मंजू गुप्ता, संयुक्त मंत्री पुष्पलता गुप्ता, आय-व्यय निरीक्षक सीमा गुप्ता, प्रचार मंत्री मनु झ ओमर संगठन मंत्री बबिता गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या रेखा को चुना गया ।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रत्यूष लोहिया ने कहा कि समाज की उम्मीदों पर वह खरा उतरेंगे। समाज को नई शक्ति ऊर्जा देने के अलावा राजनीतिक दृष्टिकोण से भी समाज को और मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहेंगे ।उन्होंने कहा कि जनपद मिजार्पुर के बारह ब्लॉक व चार तहसील में समाज को और संगठित किया जाएगा।

## वही आचरण करें जो शास्त्रों और वेदों में वर्णित है : त्रिदंडी स्वामी

धार्मिक आयोजन

**-गड़हांचल के बघौना में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का किया शुभारम्भ**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : गड़हांचल के बघौना में शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का शुभारम्भ गंगा पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण त्रिदंडी स्वामी जी महाराज ने किया। उन्होंने कहा कि मनुष्यों को वही करना चाहिए जो वेदों, शास्त्रों और संतों ने कहा है।
त्रिदंडी स्वामी बघौना में साल के अंतिम सप्ताह में आते हैं। इस बार भी वे पहुंचे हैं। गांव के बाहर विशाल मैदान में लगे पंडाल में उनकी कथा चार जनवरी तक चलेगी। पहले दिन का प्रवचन प्रारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा किए हुए कर्मों का फल ही सुख और दुख के रूप में प्राप्त होता है। जैसे हम दुख नहीं चाहते तब भी वो हमारा पीछा नहीं छोड़ता। ठीक उसी प्रकार से हम नहीं कामना करेंगे तो भी हमारा सुख, हमारा आनंद हमारे साथ ही रहेगा। हमें अपने कर्मों को अच्छे से करना



चाहिए। जो वेद और शास्त्र कहता है व संत कहते हैं, उन कार्यों को करना चाहिए। कहा कि जो भी भोग आज हम भोग रहे हैं, उसमें अगले जन्म का किया धरा है। कोई कहता है हम इतना पूजा पाठ करते हैं तब भी कष्ट होता है। जैसे कोई अंधा या लंगड़ा है। जो भी है ये सब पूर्व का प्रारब्ध है। जिसने पूर्व जन्म में अपने मां की हत्या किया हो वही अंधा होता है। जिसने जंगल में विचरण करने वाले हिरन की हत्या किया हो वही लगड़े हो के आते हैं। इसीलिए जीवन में कोई गलत कार्य न करें।

## विश्वसनीय बैंकों की श्रेणी में शामिल में एचडीएफसी बैंक का बांसडीह में खुला

शाखा का उद्घाटन

**-व्यापारी वर्ग ने बैंक शाखा खुलने पर किया खुशी का इजहार, बैंक कर्मी भी प्रसन्न**

कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : वैसे तो एसबीआई, इलाहाबाद बैंक, बड़ौदा बैंक, यूनियन बैंक जरूर है लेकिन स्थानीय नगर पंचायत के अम्बेडकर तिराहा के पास एचडीएफसी बैंक के आने से अब काफी सहूलियत आम जन को होगी। शुक्रवार को उक्त बैंक का पूरा देश में एक साथ साढ़े तीन सौ शाखाओं का मुम्बई से एमडी शशिधर जगदीशन के द्वारा बैंक की शाखाओं का एक साथ शुभारंभ हुआ। उसी क्रम में बाँसडीह में एचडीएफसी बैंक का भी उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सीआरओ बलिया अनिल कुमार अग्निहोत्री द्वारा किया गया।
इस अवसर पर एडीएम ने कहा कि निश्चित ही यह बैंक मिसाल कायम करेगा। वहीं कलस्टर हेड कैफी रिजवी तथा बैंक मैनेजर देवदीप ने एक स्वर में कहा कि आम जन की सेवा में हम सदैव तत्पर हैं। सेवा में कोई कमी नहीं होगी। बैंक आपका है। शुक्रवार को बांसडीह अंबेडकर तिराहा का नजारा ही कुछ अलग रहा। दरअसल इस इलाका में निजी बैंक के नाम पर एक भी बैंक



ऐसा नहीं था , जिससे आम जन को राहत मिल सके। ऐसे में एचडीएफसी बैंक शुभारंभ के दौरान मुख्य अतिथि मुख्य राजस्व अधिकारी बलिया अनिल कुमार अग्निहोत्री ने कहा कि यहां की व्यवस्था को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि निश्चित ही बैंक मिसाल कायम करेगा। सरकार की मंशा है कि हर संभव कोशिश कर हर क्षेत्र में विकास हो ताकि लोगों को राहत मिल सके। मुख्य अतिथि ने कहा कि बैंक उद्घाटन करने का अवसर मिला मैं भी धन्य हूं। हमारी शुभकामनाएं हैं। बांसडीह एसडीएम राजेश कुमार गुप्ता ने बैंक को शुभकामनाएं दिया। एसडीएम ने बैंक मैनेजर देवदीप से पूछा अभी पोजिशन क्या है। मैनेजर ने सर्च कर कहा, सर विश्व में 11वां एवं देश में नंबर वन जगह एचडीएफसी बैंक ने बना लिया है। इतने पर एसडीएम ने कहा जब मेरी बांसडीह में तैनाती हुई तो इस बैंक को खोज रहा था।को आज आ गया। उपजिलाधिकारी ने मैनेजर को बधाई के साथ शुभकामनाएं दीं। बांसडीह अंबेडकर तिराहा पर एचडीएफसी व्यापारी वर्ग से लगायत हर तबके में खुशी है।वहीं एचडीएफसी बैंक मैनेजर देवदीप सहित सभी कर्मचारी भी प्रसन्नता जाहिर किये। बैंक मैनेजर ने कहा कि हमें खुशी इस बात की है कि इस क्षेत्र में निजी बैंक के तौर पर हम सभी को सेवा देने का पहला अवसर आया है। ग्राहक की संतुष्टि ही हमारी संतुष्टि है। कलस्टर हेड कैफी रिजवी ने कहा हमारी टीम ने पता किया था बांसडीह तहसील अंतर्गत चार नगर पंचायत के अलावा सैकड़ों गांव हैं कहीं इस तरह का बैंक नहीं था। मैनेजर ने कहा आप सब की सेवा में एचडीएफसी बैंक पहली बार पहुंचा है कहीं से कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।आम जन की संतुष्टि बैंक की संतुष्टि है। बैंक उद्घाटन समारोह में एबीएम शशांक पांडेय, नितेश राय, चन्दन यादव, आशुतोष द्विवेदी, आशीष यादव, राहुल यादव, दयानन्द पांडेय, धीरेंद्र बहादुर सिंह चुन्ना,रणजीत चौधरी, रमेश वर्मा, विनोद पांडेय, घनश्याम सिंह, प्रतीक सिंह, उदय सिंह आदि मौजूद रहे।

## पांच मोटरसाइकिल, एक बुलेट के साथ चार गैंगस्टर एक्ट के शातिर गिरफ्तार

**-कोतवाली पुलिस को सफलता**

**-अपर पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली में ही पहुंच मीडिया को कराया अवगत**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : कोतवाली पुलिस को वर्ष के अंत में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध चार वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास एक बुलेट, पांच मोटरसाइकिल एक अदद तमंचा भी मिला है। अपु पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कोतवाली पहुंच मीडिया को पुलिस की इस कामयाबी से अवगत कराया।
पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देशन में वांछित गैंगस्टर अभियुक्तों/वारंटियों व वाहन चोरों/लुटेरों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मिली सफलता को अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया। कहा कि थाना कोतवाली के उ0नि0 चन्द्र प्रकाश कश्यप व उ0नि0 नागेन्द्र पाण्डेय मय फोर्स की संयुक्त टीम



द्वारा चोरी के वाहनों पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर बेचने की योजना बना रहे 04 नफर अभियुक्तों गणों सतीश सैनी उर्फ बड़े पुत्र स्व0 मुन्ना सैनी निवासी गोठहुली थाना बांसडीह रोड, राजा गौड़ उर्फ राजकुमार गौड़ पुत्र स्व0 राम भजन गौड़ निवासी रतसड़ थाना गड़वार, दीपक तिवारी पुत्र स्व0 राजमोहन तिवारी निवासी बहुवारा थाना सहतवार तथा योगेश उर्फ मोहन राय पुत्र सुनील राय निवासी देवकली थाना सुखपुरा को रामजानकी मंदिर मकदूमही के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त के कब्जे से 05 अदद मोटर साइकिल व 01 अदद बुलेट गाड़ी बरामद किया गया तथा जमातलाशी में अभियुक्त दीपक तिवारी के कब्जे से एक अदद देशी पिस्टल बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने पुलिस को अपनी योजनाओं के बाबत विस्तार से बताया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में निरुद्ध कर अभियुक्तों को न्यायालय के सिपुर्द कर दिया। गिरफ्तार चारों अभियुक्तों पर किसी न किसी थाने में गैंगस्टर की कार्रवाई चल रही है।

## आजादी की लड़ाई लड़ने वाले शहीद वृंदावन तिवारी की स्मृति घोर दुर्दशा में

**-शहीद का अपमान**

**-नगर पंचायत ने इस बखर दिया धन फगर भी निर्माण लटका अवर में ही**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : नगर पंचायत चितबड़ागांव में बलिया- गाजीपुर मुख्य मार्ग के पीसीओ तिराहे से अंद जाने वाले मार्ग पर भारतीय स्टेट बैंक के पास शहीद वृंदावन तिवारी की स्मृति स्थापित है। नगर पंचायत के बुजुर्गों द्वारा बताया जाता है कि 23 अगस्त 1947 को शहीद वृंदावन तिवारी कुछ नवयुवकों के साथ कस्बे से निकल कर अंग्रेजों का सामना करते वक्त शहीद हुए थे।
इस स्मारक पर प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त व 26 जनवरी के साथ साथ 23 अगस्त को झंडा फहराया जाता है। स्मारक की दुर्दशा को देखते हुए जन प्रतिनिधियों व नगर पंचायत प्रशासन द्वारा उक्त स्मारक सुंदरीकरण का आश्वासन भी दिया जाता है। नगरपंचायत चेयरमैन केशरी नंदन त्रिपाठी व अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार द्वारा पिछले साल सुंदरीकरण के लिए धन भी स्वीकृत कर



टेंडर कर दिया था। इसे स्मारक या नगर पंचायत का दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है कि वो स्मारक के केवल चारों तरफ पिलरों को लगा कर छोड़ दिया गया। नगर पंचायत के वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभुशंकर तिवारी, सुमन सिंह, विद्यानन्द तिवारी, गोपाल सिंह आदि लोगों ने शहीद वृंदावन तिवारी स्मारक के सुधि लेने के लिए, जन प्रतिनिधियों व नगर पंचायत प्रशासन से पुनः अनुरोध किया है।

## गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा रेड क्रास सोसायटी को दिया गया सिरोपा

मीत श्रीवास्तव, समाज जागरण

बलिया : प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा में साहेब श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज सिक्खों के दसवें गुरु के 356



वें प्रकाश उत्सव पर्व पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला समन्वयक शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्य के लिए सिरोपा से गुरु महाराज का आशीर्वाद (सम्मान) प्राप्त हुआ।
इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार रणजीत सिंह, सरदार बलवीर सिंह, सरदार अमृतपाल सिंह, सरदार जितेंद्र सिंह, सरदार इंद्रपाल सिंह, सरदार सुरेन्द्र सिंह खालसा, सरदार जितेन्द्र सिंह आदि पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## रामप्रवेश तहसील सिकन्दरपुर के अध्यक्ष तो प्रदीप राय बने पंद्रह ब्लाक अध्यक्ष

**-संगठनात्मक चुनाव**

**- खेजुरी में हुआ उप्र सीनियर बेसिक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के तहसील सिकन्दरपुर इकाई का गठन शुक्रवार को कुमकुम देवी कन्या जूनियर हाई स्कूल लेदुहिं खेजुरी पर आयोजन समारोह में किया गया। इसमें रामप्रवेश यादव को तहसील अध्यक्ष के रूप में चुना गया। जबकि प्रदीप राय को पंद्रह का ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया।
उप्र सीनियर बेसिक शिक्षक संघ की जनपदीय इकाई का हाल ही में चुनाव किए जाने के बाद तहसील व ब्लाकों में संगठन का विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में सिकन्दरपुर तहसील में



संगठन के पदाधिकारियों का चुनाव कुमकुम देवी कन्या विद्यालय पर आयोजित सम्मेलन में हुआ। सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों का अंगवस्त्रम से सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय कान्हजी, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंत्री वेदप्रकाश पाण्डेय, जिलाध्यक्ष अशोक कुमार केसरी, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, शारदा सिंह, सुधीर उपाध्याय, पंकज कुमार राय, एनडी तिवारी, अरुण सिंह, महेश ओझा, आनंद प्रताप, कमलेश यादव, श्यामलाल, बलराम गुप्ता, विजय ओझा, कुमकुम देवी, रिंकू ओझा, सुशीला देवी व ज्ञानी देवी आदि थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक व संचालन महामंत्री अनूप कुमार सिंह ने किया। राजविजय यादव ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रधानाध्यापिका पुष्पा देवी ने सभी के प्रति आभार जताया।

## तोड़.फोड़ जोड़ कार्यक्रम के तहत बच्चों की नव प्रवर्तन प्रदर्शनी

**-सकारात्मक आयोजन**

**-जिला विज्ञान क्लब द्वारा हालीपथ कांवेंट स्कूल सिंहपुर में आयोजन**

**-पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर मो. फहीम रहे आयोजन के मुख्य अतिथि**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : स्कूली बच्चों हेतु तोड़-फोड़-जोड़ कार्यक्रम के अन्तर्गत नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन बलिया



विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब, बलिया द्वारा शुक्रवार को हालीपथ कांवेंट स्कूल सिंहपुर में किया गया।
नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन में कक्षा 06 से 12वीं तक के छात्र छात्राओं के द्वारा बेकार पड़ी सामाग्री, खिलौने, मशीने, यंत्रों की मदद से अपने द्वारा बनाए गए नवप्रवर्तनों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सेवा सदन स्कूल कथरिया, हालीपथ कान्वेंट स्कूल सिंहपुर, शक्तिपीठ इंटर कालेज चितबड़ागांव, चित्रगुप्त हाईस्कूल, स्वामी सहजानंद स्कूल भरौली समेत विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुहम्मद फहीम ने दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चो द्वारा बेकार पड़ी सामग्रियों द्वारा बनाये गये मॉडलों नवप्रवर्तनों को देखकर ऐसा लगता है कि अगर बच्चों को सही दिशा मिले तो वो बहुत आगे जाएंगे। मेरी शुभकामनाएं सभी प्रतिभागियों के साथ हैं। क्षेत्राधिकारी ने बच्चों को पुलिस के डायल 112 के बाबत भी विस्तार से बताया। विशिष्ट अतिथि अनवर अली खां इंस्पेक्टर ने कहा कि बच्चों द्वारा बनाया गया इतना बढ़िया मॉडल/नवप्रवर्तन देख कर मन प्रफुल्लित हो गया। आज इस मंच द्वारा इनको अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला जिसके लिए मै जिला विज्ञान क्लब को धन्यवाद देता हूँ। मेरी यही कामना है कि हर प्रतिभाशाली नवप्रवर्तकों को अपनी प्रतिभा दिखाने हेतु ऐसा मंच मिले। प्रतिभागियो का मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर के पूर्व बाल वैज्ञानिक व गाइड अविनाश पाण्डेय व शिक्षक सौरभ शुक्ला ने किया।
विज्ञान मॉडल/नव प्रवर्तन प्रदर्शनी में सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान आयुषी सिंह, श्याम कुशवाहा ने द्वितीय स्थान तथा खुशबू भारती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान अब्दुल जिसान, द्वितीय स्थान शुभम मौर्या ने व तृतीय स्थान महिमा यादव ने प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक डॉ परवेज अंसारी ने जिला विज्ञान क्लब को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस मंच की वजह से ही आज हमारे स्कूल के बच्चों के साथ साथ क्षेत्र के अन्य प्रतिभाशाली बच्चो को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुअवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में विशेषज्ञ अविनाश पाण्डेय ने नैतिक शिक्षा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए नव प्रवर्तन विषय पर विचार रखा, इससे पूर्व कार्यक्रम की रूपरेखा जिला विज्ञान क्लब, बलिया के समन्वयक अतुल कुमार ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार जिला विज्ञान क्लब, बलिया के सह समन्वयक डॉ0सुधीर कुमार सिंह ने व्यक्त किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माताजी हीराबेन मोदी जी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित लोगों ने दिवगंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। इस अवसर पर अश्विनी तिवारी, इरफान, अरविंद कुमार मिश्रा, सीवी पाण्डेय, निधि गुप्ता,इच्छा सिंह, डीएन उपाध्याय,अनिल गुप्ता, राजनारायण सिंह, नीतीश उपाध्याय,आदि ने सक्रिय सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## टायर फटने से बीच सड़क पर टमाटर लदी पिकप पलटी

अमित सिंह, समाज जागरण

रामगढ़ (बलिया) : टायर फटने से बीच सड़क पर गुरुवार की रात्रि लगभग एक बजे टमाटर, मटर, मरीचा लदी पिकप पलट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाजीपुर



से हरा मटर, टमाटर, मिर्च लादकर पिकप साहेब जंग बिहार जा रही थी। अभी हल्दी थाना क्षेत्र के कुछ छपरा काली मंदिर के पास ही पहुंची थी कि उसका टायर फट गया। जिसकी वजह से असन्तुलित होकर बीच सड़क पर ही पिकप पलट गई। जिससे सारा सब्जी सड़क के दोनों तरफ बिखर गया। आवाज सुनकर आस पास के लोगों ने तत्काल पहुँचकर पिकप वालों की मदद किया। इस घटना में कोई कोई व्यक्ति ज्यादा चोटिल नहीं हुआ ।

## विकासखंड के ड्वाकरा हाल में कोविड निगरानी समिति की बैठक

ब्रजेश दुबे, समाज जागरण

गड़वार (बलिया) : स्थानीय ब्लाक के ड्वाकारा हाल में शुक्रवार को ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी के संग कोविड को लेकर निगरानी समिति की बैठक हुई। इसमें प्रमुख रूप से निगरानी समिति को और अधिक सक्रिय करने पर बल दिया गया।
बैठक में अधीक्षक डा० राकिफ अख्तर ने बताया कि चिकित्सा एवं विकास से जुड़े कर्मी अपने उच्च अधिकारी को सूचना दिए बिना मुख्यालय न छोड़ें। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं व आशा सहयोगी के जरिए घर-घर सर्वे कराया जाए। सर्दी खांसी जुकाम के मरीजों को चिह्नित किया जाए। मौसमी बीमारियों के लक्षण दिखने पर तुरंत इलाज के लिए अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर भेजने के लिए प्रेरित किया जाए। ब्लाक कर्मियों एवं ग्राम प्रधान से कहा कि ग्राम पंचायत में आने जाने वालों की थर्मल स्क्रीनिंग जरूर की जाए और बाहर से आने वालों का डाटा भी तैयार करें। भीड़भाड़ वाली जगह पर मास्क का प्रयोग करें। खण्ड विकास अधिकारी रमेश यादव ने बताया कि गांव में जिन लोगों का कोविड वैक्सीनेशन का प्रथम और द्वितीय डोज लगा हो उन्हें प्रिकाशन डोज के लिए प्रेरित कर अस्पताल पर भेजवाएं। साथ ही



गांव में निगरानी समिति का गठन पूर्व की भांति ग्राम प्रधान कर लें। ताकि आने वाले वैश्विक महामारी से निपटने में कोई परेशानी न हो।

## आशा कार्यकर्ताओं ने पीएचसी पर काटा जमकर बवाल

संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण

नगरा (बलिया) : उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश के बाद भी पोर्टल पर नाम अंकित न करने व भुगतान में हीलाहवाली करने से गुस्साए आशा कार्यकर्ताओं ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को जम कर बवाल काटा।
इस दौरान पीएचसी के अधिकारी गायब रहे। आशा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उच्च न्यायालय के आदेश पर ब्लाक के 23 आशा बहुओं का नाम पोर्टल पर अंकित कर उनके मानदेय का भुगतान करने का निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी नगरा को दिया था। आरोप है कि पीएचसी पर तैनात बीसीपीएम द्वारा मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है। यहां के अधिकारी सीएमओ के निर्देश को ठेंगा दिखा



रहे हैं। मानदेय का भुगतान न होने से उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। मानदेय भुगतान के इस प्रकरण में सीएमओ ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिये अपने निर्देश में कहा है कि आप द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है जो घोर लापरवाही का द्योतक है। जबकि प्रकरण उच्च न्यायालय से आच्छादित होने के उपरांत भी आप द्वारा नाम अंकित नहीं किया गया है तथा मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है। सीएमओ ने यह भी निर्देश दिया है कि उक्त के संबंध में स्पष्टीकरण तीन कार्य दिवस के अंदर कार्यालय में प्रस्तुत करते हुए आशा बहुओं का पोर्टल पर नाम अंकित करते हुए भुगतान की कार्यवाई करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर आशा कार्यकर्ता संघ के जिलाध्यक्ष सुनील त्रिपाठी, मिन्ता यादव, रेनू भारती, पूनम देवी , सुमन यादव , सुनीता वर्मा , मीरा देवी आदि मौजूद रहे।
प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. राहुल सिंह का कहना है कि सीएमओ का निर्देश मिला है। मानदेय भुगतान के संबंध में सीएमओ से मिलकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अजनेरा गांव में श्री विष्णु महायज्ञ का हवन पूजन व भंडारा के साथ हुआ समापन

रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण

सिकन्दरपुर (बलिया) : विकास खण्ड मनियर के ग्राम पंचाय अजनेरा के विष्णु मन्दिर पर आयोजित श्री विष्णु महायज्ञ का समापन 29 दिसम्बर को हवन-पूजन, एवं विशाल भंडारे के साथ ससमारोह सम्पन्न हुआ।



इस अवसर पर ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह ने कहा कि निष्काम भाव से ईश्वर की भक्ति करना ही सच्ची भक्ति है प्रभु का सच्चा भक्त वही है जो भगवान से ही प्रेम करता है। सच्चे हृदय से उन्हें याद करता है बदले में उनसे संसार की कोई भी वस्तु नहीं मांगता। कथा समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमे दर्जनों गावों के श्रद्धालुओं ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया।

## सिकन्दरपुर में नहर बना कचड़े का मुख्य केंद्र

समाज जागरण सिकन्दरपुर (बलिया) : गुरुवार की शाम को सिकन्दरपुर से गुजरने वाले नहर में भारी मात्रा में कूड़ा कचड़ा देखने को मिला। नहर में



गन्दा व बदबूदार पानी बहता हुआ देखा गया।
साफ सफाई की अभाव में वहीं गुरुवार को उक्त नहर में भारी मात्रा में कूड़ा होने के कारण जगह जगह पुलों के पास कचड़ा इकठ्ठा होने से पानी ओभरफ़्लो होकर सड़क पर बहने लगा। जिससे राहगीर परेशान दिखे।

## ट्रैक्टर के चपेट में आने से 40 वर्षीय युवक की मौत


नित्यानंद सिंह, समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : स्थानीय थाना क्षेत्र के संसार टोला इब्राहिमाबाद नौबरार, अठगांवा के सामने गुरुवार की देर शाम ट्रैक्टर की चपेट में आने से 40 वर्षीय युवक की मौत।
जानकारी के मुताबिक लाला टोला निवासी गुरुवार को सायं सुनील कुमार महतो (40) वर्षीय अपनी बाइक से छपरा से अपने गांव आते समय संसार टोला बंधे मार्ग पर इब्राहिमाबाद नौबरार अठगांवा नौका टोला के पास ट्रैक्टर के चपेट में आने से दुर्घटना हुई। घटना की सूचना पर पहुंची बैरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
मृतक की पत्नी किरण देवी की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक पुतुल यादव पुत्र कृष्ण भगवान यादव निवासी नवका टोला इब्राहिमाबाद के खिलाफ बैरिया थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। चौकी प्रभारी जयप्रकाश नगर गुरुप्रसाद सिंह ने बताया कि पत्नी के तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## गायत्री परिवार में रविवार को आयोजित कलश यात्रा की बनी रणनीति

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया.: गायत्री शक्तिपीठ बलिया द्वारा आयोजित गायत्री माता प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव और 108 कुंडीय महायज्ञ के लिए शुक्रवार को विचार मंथन हुआ। विशेषकर रविवार को आयोजित कलश यात्रा की रणनीति बनाई गई।



गायत्री शक्तिपीठ के प्रभारी विजेंद्र नाथ चौबे "भगवन" ने उपस्थित गायत्री परिवार के सदस्यों से कहा कि गायत्री माता सबकी हैं इसलिए यह आयोजन भी सबका है। आयोजन गायत्री परिवार कर रहा है और सभी गायत्री परिवार के सदस्य हैं। इसलिए सबकी भूमिका बराबर है। कहा कि एक जनवरी को झांकियों के साथ भव्य कलश यात्रा निकलनी है उसका कमांडर परिवार का हर सदस्य है। किसीकी भूमिका बताना नहीं है। गायत्री परिवार का हर सदस्य इस सेना का जवान और कमांडर है। झांकी निर्धारित मार्ग से सम्मानपूर्वक पूरा नगर भ्रमण कर युग चेतना के प्रवाह को पूरे शहर के कोने कोने तक पहुंचा दे यह प्रयास होना चाहिए। कहा कि झांकियों को व्यवस्थित रखना हर परिजन का दायित्व है। सभी स्वयं को नायक मान कर आयोजन में अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

## स्कूली बस की टक्कर से घायल ई-रिक्शा चालक की मौत

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : शिवपुर-बसंतपुर मार्ग पर स्थित सुखपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अपयाल के पास शुक्रवार को स्कूली बस की टक्कर से घायल ई-रिक्शा चालक की मौत हो गयी। वहीं, तीन लोगों का उपचार चल रहा है। चालक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।



बता दे कि शिवपुर-बसंतपुर बलिया मार्ग पर शुक्रवार की सुबह 9 बजे के करीब अपायल भाभो के पास सड़क किनारे ई-रिक्शा सवारी लेने के लिए खड़ा था, तभी सामने से आ रही बच्चो से भरी स्कूल बस ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मौके पर चीख पुकार मच गयी। तेज आवाज सुन आस पास के लोगों ने सभी घायलों को एम्बुलेंस बुलाकर नारायनपुर निवासी ई रिक्शा चालक सुनील राजभर (35) के अलावा मिथुन चौहान, संजय और उपेन्द्र को जिला अस्पताल भेजा। टक्कर के बाद बस छोड़कर चालक भाग गया। पुलिस ने बस में सवार करीब 15 बच्चो को स्कुल भेजा। उधर, जिला अस्पताल में उपचार के दौरान ई-रिक्शा चालक सुनील राजभर की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।

## डी एल एस कान्वेंट स्कूल में संस्थापक की मनी पुण्यतिथि

## *पौधारोपण एवं गरीबों में किया कंबल वितरण*

बिकास राय ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण



गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील के उत्तम पुर में स्थित डी एल एस कान्वेंट स्कूल में विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय डाक्टर लल्लन सिंह की नौवीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई।
कार्यक्रम का शुभारंभ स्व0 लल्लन सिंह की पत्नी कमलावती देवी, विद्यालय के प्रबंधक डाक्टर अरविन्द कुमार सिंह, प्राचार्य जितेन्द्र विश्वाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि से किया। प्रबन्धक डाक्टर अरविन्द सिंह ने कहा की डाक्टर लल्लन सिंह मुरली मनोहर टाउन डिग्री कालेज बलिया में अध्यापक से लेकर प्राचार्य तक की भूमिका का निर्वहन सफलता पूर्वक किये। सामाजिक क्षेत्र में उन्होंने कई कार्य किये थे।उनको राष्ट्रीय स्तर के सम्मान से सम्मानित भी किया गया था।उनका सम्पूर्ण जीवन सादगी एवं उच्च विचारों की श्रंखला था।
कार्यक्रम के मध्य उनके पुत्र बिकास अधिकारी मनोज सिंह, डाक्टर उदय प्रताप सिंह, प्रधानाध्यापिका श्रीमती प्रियंका सिंह,के द्वारा पौधारोपण किया गया। जबलपुर मध्य प्रदेश से पधारे एडवान्टा ग्रुप के क्षेत्रीय प्रबंधक नृपेन्द्र कुमार सिंह श्रीमती सुनीता सिंह ने स्वर्गीय लल्लन सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।
अंत में विद्यालय परिवार के सभी छात्र छात्राओं को भोजन एवं उपस्थित गरीब असहाय व्यक्तियों को ठंढ में राहत प्रदान करने के लिए कंबल का वितरण किया गया।
कार्यक्रम में श्याम नारायण सिंह उत्तम पुर, राजेश कुमार सिंह,प्रदीप सिंह,अतुल सिंह,रमेश राय,तेज बहादुर यादव, श्वेता सिंह की भूमिका सराहनीय रही।

## 31 दिसंबर तक कक्षा आठ तक के विद्यालय रहेंगे बंद

आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार ने भीषण शीतलहरी को देखते हुए कक्षा 1 से 8 तक के समस्त सरकारी, अनुदानित एवं प्राइवेट स्कूलों को 31 दिसंबर तक बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने समस्त स्कूलों को इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, तथा कहीं से भी स्कूल खुलने की शिकायत पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी।

## किसान विकास फाउंडेशन के संस्थापक/अध्यक्ष किसान पुत्र नीरज के द्वारा संजीव त्यागी का सम्मान

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

किसानों की समस्या व उनकी बदहाल हालत को बहुत ही सरल शब्दों के साथ वस्त्विकता से रूबरू कराने का काम कर रही पुस्तक " ए सरकार !किसान हई हम" के रचयिता,भोजपुरी के क्षेत्र में कम समय में ही खुद को स्थापित कर चुके एवं सरकार व सामाजिक संस्थाओं की तरफ से कई सम्मान पा चुके गाजीपुर जनपद के लट्ठूडीह निवासी एवं उत्तर प्रदेश के जालौन में अध्यापन कार्य के द्वारा आने वाली पीढ़ियों को सुनहरा भविष्य देने में लीन हिंदी के प्रवक्ता संजीव कुमार त्यागी जिनको वर्ष 2021 में प्रकाशित पुस्तको में हिंदुस्तानी एकेडमी,प्रयागराज से "भिखारी ठाकुर सम्मान" तथा हिंदी संस्थान लखनऊ से "भिखारी ठाकुर सर्जना" पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इनके भोजपुरी भाषा के लिए किए जा रहे प्रयास को देखते हुए और "ए सरकार किसान हई हम" पुस्तक किसानों के लिए लिखने और किसानों का दर्द बयां करने के लिए आज किसान हितों के लिए समर्पित "किसान विकास फाउंडेशन" की तरफ से लखनऊ में फाउंडेशन के संस्थापक/अध्यक्ष किसान पुत्र नीरज के द्वारा अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर



सम्मानित किया गया और उम्मीद की जा रही है कि श्री त्यागी भविष्य में भी किसानों की समस्या को ऐसे ही लिखते रहेंगे क्योकि किसी भी कार्य को बड़ा जनांदोलन का रूप देने में कवियों और लेखकों का बहुत ही बड़ा योगदान होता है। इस कार्यक्रम में दौरान मुख्य रूप से रजनीश राय (निवर्तमान राष्ट्रीय प्रवक्ता-किसान संघ), सर्वेश सिंह सेंगर, अनूप राय,आशीष चौधरी,धर्मेंद्र कुमार व विमल कुमार उपस्थित रहे ।

## भाजपा पदाधिकारियों द्वारा प्रगतिशील किसान पंकज राय को किया गया सम्मानित

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के युवा प्रगतिशील किसान पंकज राय को संरक्षित कृषि के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर बाराचवर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा उन्हें माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम से सम्मानित किया।
इस अवसर पर किसान सभा के क्षेत्रीय मंत्री कृष्णानंद राय ने कहा कि मुख्यमंत्री के हाथों कृषि का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त करना केवल पंकज राय के लिए ही नही बल्कि पूरे गाजीपुर जिले के लिए गर्व की बात है।इस प्रकार के पुरस्कार पहले पश्चिम के लोगो को मिलते थे लेकिन पंकज राय ने इसे हासिल कर लोगो के लिए प्रेरणा बने है।उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोग पॉलीहाउस के बारे में पहले केवल सुनते थे की कोई ब्यवस्था है जिसमें बगैर मौसम के भी आधुनिक ब्यवस्था के द्वारा कम समय में खेती कर बढ़िया पैदावार की जा सकती है।लेकिन अपने दृढ़ संकल्प मजबूत ईरादे के बल पर केवल अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर पंकज राय ने इसे कर के दिखा दिया। लोगो के मन शंका थी कि पंकज राय का यह प्रयोग इस क्षेत्र में सफल नही हो पायेगा। लेकिन पंकज राय की सब्जियां लंदन से लेकर खाड़ी देशों तक गया। क्षेत्र के लोग इनके पाली हाउस पर खुद आकर आर्गेनिक विधि से उत्पन्न सब्जियां ले जाते हैं।लोग अपने पैदावार को मार्केट में ले जाते हैं लेकिन पंकज राय के सब्जी के लिए लोग चल कर आते हैं।



इतने पिछड़े इलाके में शिमला मिर्च स्ट्रॉबेरी और केशर पैदाकर इन्होंने साहसिक कार्य किया है।इस अवसर पर शशीभूषण सिंह उर्फ नथुनी सिंह, प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव संपूणानंद उपाध्याय, आशुतोष राय,दिनेश पांडेय,अमित पांडेय, कलेक्टर यादव, ओमप्रकाश पाण्डेय समेत ढेर सारे लोग उपस्थित रहे। संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्यामराज तिवारी व अध्यक्षता ओमप्रकाश कुशवाहाने ज्ञापित किया।

## स्व0 मोती सिंह यादव के त्रयोदशाह में उमड़े लोग

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के बाराचवर ब्लाक के बिशुनपुरा निवासी समाजसेवी अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक स्व0 मोती सिंह यादव के तेरही पर आयोजित कार्यक्रम में जनपद के कोने कोने से पधारे लोगों ने स्व0 मोती सिंह यादव के चित्र पर



पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।सभी आगंतुकों ने स्व0 मोती सिंह यादव के पुत्र श्रीराम सिंह यादव अवकाश प्राप्त सब इंस्पेक्टर, हरेराम सिंह यादव प्रधान, सियाराम सिंह यादव,पौत्र सत्येन्द्र यादव सदस्य जिला पंचायत से मिल कर शोक संवेदना प्रकट किया।
श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात सभी ने भोज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।इस अवसर पर
संग्राम यादव विधायक फेफना, मन्नू यादव विधायक मुहम्मदाबाद, पूर्व मंत्री पूर्व एमएलसी काशीनाथ यादव,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज सिंह, पूर्व मंत्री हैदर अली टाइगर,पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जाफर अली भोलू,जिला पंचायत सदस्य राम सागर यादव, जिला पंचायत सदस्य फेकू यादव,डालिम्स सनबीम स्कुल के प्रबंधक हिमांशु राय, एस के वाई प्रबंधक विजय यादव,अमरनाथ यादव,धर्मेंद्र यादव,गोलू यादव, कृष्णानंद यादव, पंकज यादव, उपेंद्र यादव, नीरज यादव, जज यादव,पंकज यादव, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनिल यादव,अच्छे यादव, राजेश. अनिल प्रधान योगेश प्रधान, हृदय प्रधान, फिरदौस प्रधान, अरविन्द प्रधान, अनिल पासवान प्रधान, अर्जुन प्रधान, पूर्व प्रधान नेसार, पूर्व प्रधान बब्बन सिंह, पूर्व प्रधान वंश नारायण कुशवाहा, राजेंद्र राजभर सदस्य जिला पंचायत, पूर्व प्रधान बथोर मंजर हुसैन जुगनू, मृत्युंजय राय बुल्लू, पत्रकार रविदेव गिरी, कृष्ण कुमार मिश्रा,समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मदद करने वालों से नहीं होगी पुछताछ – पुलिस अधीक्षक

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर-लंका ट्रैफिक बूथ के पास आज डायल 112 जागरूकता अभियान का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक द्वारा फिता काट कर गया। इस मौके पर शहर के सम्मानित लोगों के अलावा अन्य लोग मौजूद थे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि 112 नंबर के लोग आज लोगों की मदद में काफी सराहनीय भूमिका निभा रही है। वहीं सड़क दुर्घटना पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अब तक पुलिस और जांच पड़ताल से भयभीत लोग सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाने से कतरा रहे थे।



जिसका कारण था कि पहुंचाने वाले से ही काफी पूछताछ होने लगती थी, लेकिन अब नए रूल के अनुसार मदद करने वाले से कोई पूछताछ नहीं होगी जो शासनादेश के खिलाफ होगा।
अब एक नया रूल जारी हो गया है। जिसके तहत कोई भी किसी घायल व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचा सकता है और उससे पूछताछ नहीं होगी। आगे उन्होंने यह भी बताया कि यदि मदद करने वाले व्यक्ति से पूछताछ होती है तो वह शिकायत कर सकता है, और उसकी मदद की जाएगी। चाहे जिसकी गाड़ी से जो व्यक्ति घायल हो गया हो उसे भी गाड़ी वाला व्यक्ति भी स्वास्थ केंद्र पर पहुंचा सकता है। लोगों की जान बचाने और उन्हें समुचित इलाज कराना सभी का फर्ज है। सभी लोग अब खुलकर यह कार्य कर सकते हैं उनसे कोई पूछताछ नहीं होगी।क्यों कि यह एक मदद की उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है। अगर किसी घायल को तत्काल स्वास्थ्य चिकित्सा मिल जाएगी तो वह हो सकता है कि उसकी हालत में सुधार आ जाएगा यह मदद की बात है। और किसी को अब भयभीत नहीं होना है और बेहिचक कहीं भी कोई घटना हो रही है तो तत्काल 112 को सूचित करें या स्वयं उसे घायल को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाने का कार्य करें। ताकि किसी की जिंदगी बचाई जा सके यह एक सराहनीय कार्य होगा। आम पब्लिक को डरने की बात नहीं है कोई भी किसी घायल व्यक्ति को कभी भी हॉस्पिटल पहुंचा सकता है।

## डायल 112 का पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद डायल 112 का पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने शुक्रवार को फीता काटकर किया शुभारंभ थाना नजीबाबाद की सराय चौकी क्षेत्र पर डायल 112 का पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया उन्होंने बताया कि कोई भी घटना घटित होने पर डायल 112 पर संपर्क करने पर पुलिस तत्काल मदद के लिए मौके पर पहुंचेगी यह सुविधा जनता



के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगी डायल 112 प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक चलने वाले जागरूकता डायल 112 का उद्घाटन किया गया अभियान के तहत क्षेत्र के लिए दो बाइक दो बाइक व कार की व्यवस्था की गई उद्घाटन के दौरान जनता को एटीएम कार्ड कवर पंपलेट वितरित किए गए इस मौके पर सराय चौकी प्रभारी विकास कुमार एसआई अशोक कुमार हेड कांस्टेबल सतीश विपिन महिला कांस्टेबल अंशु देवकरण राहुल कान्हा कणवाल आदि उपस्थित रहे

## उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा प्रोफेसर आनंद कुमार सिंह को तुलसी पुरस्कार से नवाजा गया

बिकास राय ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा प्रोफेसर आनंद कुमार सिंह को "अथर्वा मैं वही वन हूं" नामक काव्य कृति के लिए पुस्तकों को दिए जाने वाले महाकाव्य विधा में सर्वोच्च सम्मान "तुलसी नामित पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। प्रोफेसर आनंद सिंह ने इस कृति की रचना में 26 वर्ष लगाए। यह कृति भारत के पुरातात्विक इतिहास, वैदिक एवं उत्तर वैदिक इतिहास एवं संस्कृति, प्राचीन और मध्यकालीन इतिहास तथा संस्कृति के गलियारों से गुजरती हुई आधुनिक कालीन इतिहास की विडंबना को अपने वृहत्तर परिवेश में समाविष्ट कर लेती है। यह खड़ी बोली नई कविता की अनेकानेक विशेषताओं को प्रकाशित करने वाली महाकविता है। कवि ने इस कृति के माध्यम से समकालीन हिंदी कविता को वैश्विक चेतना से इस तरह जोड़ा है कि उसमें परंपरा और आधुनिकताबोध के साथ-साथ मनुष्य की आत्मिक खोज के प्रश्नों के व्यवस्थित समाधान की ओर भी संकेत किया जा सके। इसकी शैली महाकाव्यों वाली है जिसमें आधुनिक काल की बौद्धिकता को मनुष्य की मनोवैज्ञानिक चेतना से भी जोड़ने का यत्न किया गया है। अशोक बाजपेई जैसे महत्वपूर्ण कवि एवं चिंतक ने इस पुस्तक के विमोचन के अवसर पर कहा था कि इस पुस्तक की एक प्रशस्ति यह भी हो सकती है कि यह कविता और भाषा को वहां पहुंचाने का काम करती है जहां पिछले 50 वर्षों में हिंदी कविता और भाषा दोनों ही नहीं गए थे। प्रोफेसर आनंद सिंह ने अपने साहित्यिक जीवन की शुरूआत 90 के दशक से की और भारतीय परंपरा और



आख्यान तथा आध्यात्मिक प्रतीकों को लेकर उन्होंने "गणपति आकल्ट", "शक्ति आकल्ट" और "शिव आकल्ट" नामक प्रारंभिक पुस्तकों का सृजन किया। ये पुस्तकें अंग्रेजी, हिंदी और संस्कृत के साथ-साथ गुजराती भाषा के सौंदर्य से भी युक्त हैं। प्रोफेसर आनंद सिंह ने हिंदी में पर्यावरणीय कविता का सूत्रपात करते हुए नर्मदा नदी तथा अन्य नदियों के प्राकृतिक सौंदर्य तथा आधुनिक कालीन पर्यावरणीय विडंबनओं को ध्यान में रखकर "सौंदर्य जल में नर्मदा" नामक काव्य पुस्तक का सृजन किया था। इसके माध्यम से उन्होंने भारतीय कविता की पारंपरिक शक्ति को प्राकृतिक सौंदर्य और आधुनिक कालीन प्रदूषण से मिलाकर देखा और उसके चेतना प्रवाह को भाषा में संस्कारित करने का सुंदर प्रयत्न किया। आनंद की शीघ्र ही प्रकाशित होने वाली पुस्तक "विवेकानंद" एक छंदात्मक लंबी कविता है जो स्वामी विवेकानंद के देहावसान के 120 वर्षों बाद लिखी गई है। एक प्रकार से यह भी कहा जा सकता है स्वामी विवेकानंद पर हिंदी की यह पहली व्यवस्थित और सुदीर्घ कविता है। इसकी विशेषता यह भी है कि यह ठीक उसी छंद में सृजित हुई है जिसमें महाप्राण निराला ने "तुलसीदास" नामक लंबी कविता का सृजन किया था।
आनंद की एक और प्रकाश्य पुस्तक "समुद्र सौंदर्य की ही प्यास है" भारतीय कला साधना के अनेक आयामों का स्पर्श करती है। उन्होंने विद्यार्थी काल से अंग्रेजी साहित्य, बांग्ला साहित्य तथा संस्कृत साहित्य के अनेक कवियों की कविताओं का हिंदी कविताओं में अनुवाद भी किया है जो "शिवमहिम्न" तथा "सौंदर्य लहरी" के काव्य- अनुवाद के रूप में सामने आ चुके हैं। आनंद जी कवि होने के साथ-साथ अपने प्राध्यापकीय कर्म के कारण आलोचना में विशेषकर कविता की आलोचना में योगदान देने के लिए भी प्रशंसित और पुरस्कृत हो चुके हैं। उनकी पुस्तक "सन्नाटे का छंद" आलोचना की सर्वमान्य पुस्तकों में से एक है जो कवि अज्ञेय के प्रेम, प्रकृति और समाज से संबंधित काव्य-अनुभवों को अत्यंत गहराई से उद्घाटित करती है। इस पुस्तक को उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी पुरस्कार, स्पंदन आलोचना सम्मान, मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन भोपाल तथा प्रभाकर श्रोत्रिय आलोचना सम्मान से पुरस्कृत किया जा चुका है। अभी हाल ही में मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी ने "अथर्वा मैं वहीं वन हूं" पर अखिल भारतीय अटल बिहारी बाजपेई पुरस्कार घोषित किया है। इस कृति पर राष्ट्रभाषा प्रचार समिति हिंदी भवन भोपाल की पत्रिका अक्षरा ने अपना मई का विशेषांक निकाला है जिसमें देश के अत्यंत महत्वपूर्ण आलोचकों ने अथर्वा पर अपने अत्यंत महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किये हैं। अथर्वा के महत्व का एक प्रमाण यह भी है कि मध्य प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल के 5 विश्वविद्यालयों में "अथर्वा" पर शोधार्थी पीएचडी करने के लिए पंजीकृत हो चुके हैं। यह अथर्वा की लोकप्रियता का एक अकादमिक प्रमाण भी है। पुस्तक की भाषा क्लासिक और शैली कठिन होने के बावजूद यह विद्यार्थियों और अध्यापकों में पर्याप्त लोकप्रिय हुई है।

पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित होने के बाद प्रोफेसर डा. आनंद सिंह ने बताया कि जब कोई साहित्यकार सृजन करता है तो उसे लगता है कि उसकी रचना को कोई पढ़ नही रहा है, लेकिन पुरस्कार इस बात का प्रमाण है कि समाज चुपचाप अपने साहित्यकार की रचना को पढ़ता रहता है और समय आने पर उसे पुरस्कृत भी करता है। इसलिए मौन होकर साहित्यकारों को साधना करते रहना चाहिए। एक दिन पुरस्कार स्वयं उसके पास चलकर आते हैं। डा. आनंद के पुरस्कृत होने पर प्रसिद्ध होमियोपैथ चिकित्सक और साहित्यकार डा. एमडी सिंह, पत्रकार धीरेंद्र श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह, पूर्व कुलपति हरिकेश सिंह, प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भैया के कुलपति प्रो. अखिलेश, प्रो. प्रदीप कुमार शर्मा, पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह, फौजदार सिंह, शिक्षक नेता प्रो. काशीनाथ सिंह, गीतकार बुद्धिनाथ मिश्र, प्रो. विनोद मिश्र, प्रो. अमेंद्र त्रिपाठी,फादर फेलिक्स राज प्रधानाचार्य हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर आदि लोगों ने बधाई दी। सत्यदेव ग्रुप आफ कालेज के प्रबंध निदेशक प्रो. डा. सानंद सिंह ने सबके प्रति आभार प्रकट किया।

## लकड़ी काट रहे युवक की पेड़ से गिर कर हुई मौत

पुष्पेन्द्र सिंह रैकवार,
दैनिक समाज जागरण

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र के कुतुबनगर विश्वनाथ पुर मजरा देवगंवा निवासी एक युवक पेड़ पर चढ़ का सुखी लकड़िया काट रहा पैर फिसलने से वह पेड़ से जमीन पर गिर पड़ा घायल अवस्था मे ग्रामीणों द्वारा उसे नजदीकी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया जंहा डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार प्रेम कुमार पुत्र प्रभू उम्र लगभग (30) वर्ष निवासी विश्वनाथ पुर मजरा देवगंवा थाना पिसावां का मूल निवासी था युवक अपना व अपने परिवार का जीवन यापन करने के लिए ड्राइवर का काम करता था ठण्ड ज्यादा होने के कारण शुक्रवार को वह अपने गांव के समीप बाग में एक पेड़ पर चढ़ कर जलाने के लिए सूखी लकड़िया काट रहा था अचनात पैर फिसलने से वह पेड़ से नीचे जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों ने आनन - फानन में उसे नजदीकी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया जंहा पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया

# नीली बत्ती एवं हूटर लगे प्राइवेट वाहनों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

**- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न**
**- गत माह हेलमेट में 511, सीट बेल्ट में 169 लोगों का चालान होने के अलावा 117 ड्राइविंग लाइसेंस का निलंबन**

आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान एआरटीओ कहकसा खातून ने बताया कि गत माह हेलमेट में 511, सीट बेल्ट में 169 लोगों का चालान होने के अलावा 117 ड्राइविंग लाइसेंस का निलंबन भी किया गया। उन्होंने बताया कि पंजीकृत 588 स्कूली वाहनों में से 122 स्कूली वाहन फिटनेस में फेल पाए गए, जिन्हें नोटिस प्रेषित करने के साथ ही रजिस्ट्रेशन निलंबन की कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा 35 स्कूली वाहनों का चालान भी किया गया है। ओवरलोड में 61 वाहनों को का चालान किया गया तथा 33 वाहनों को निरुद्ध किया गया.हूटर एवं प्रेशर हॉर्न वाले 18 वाहनों का भी चालान माह नवंबर में किया गया। ई-रिक्शा के खिलाफ



चलाए गए अभियान में पिछले माह कुल 22 ई रिक्शा का चालान किया गया। जिलाधिकारी ने सभी प्रकार के चालानो की संख्या बहुत ही कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए टीमों को सक्रियता बढ़ाने के साथ ही चालानो की संख्या भी बढ़ाने के निर्देश एआरटीओ को दिए। उन्होंने जनपद के सभी प्रवेश करने एवं बाहर आने जाने वाले केंद्रों पर कर्मचारियों की तैनाती कर एक माह तक लगातार सर्वे करने के निर्देश दिए, जिससे अन्य प्रदेशों के पंजीकृत वाहनों के साथ ही साथ प्रतिदिन जनपद में आने वाले वाहनों की संख्या पर नजर रखी जा सके। साथ ही बिना परमिट के घूमने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जा सके। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट को फिटनेस फेल गाड़ियों की सूची तथा उनके खिलाफ अब तक की गई कार्रवाईयों की रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट को ओवरलोडिंग वाले वाहनों का पूरा विवरण एआरटीओ से लेकर उनके खिलाफ की गई कार्रवाईयों का पूरा ब्यौरा भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जनपद में प्राइवेट वाहनों पर लगे हूटर एवं नीली बत्ती का मामला संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी ने उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। साथ ही ऐसे सभी संदिग्ध गाड़ियां, जिनमें काले शीशे लगे हो, नंबर प्लेटों पर अनावश्यक चीजें प्रदर्शित हो उनके खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात प्रभारी एवं एआरटीओ को कम उम्र के लड़के ई-रिक्शा का संचालन न करने पाए, इसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग यातायात प्रभारी एवं पुलिस विभाग को जांच टीमों की संख्या बढ़ाने के साथ ही अधिक सक्रियता दिखाते हुए अवैध वाहनों एवं चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन,नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, एआरटीओ कहकसा खातून एवं रमेश श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी जितेंद्र कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह सहित अन्य सभी अधिकारी उपस्थित थे

# कुशल क्षमता से युवा हर क्षेत्र में बना सकते है विशिष्ट पहचान

आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

- नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय आवासीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम
- विवेकानंद के चित्र पर अतिथियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन किया अर्पित

मऊ : नेहरू युवा केंद्र जनपद के सुदूरवर्ती ग्रामीण अंचलों में रहने वाले युवाओं में प्रतिभा की पहचान करके



प्रतिभा को निखारने का काम करता है। यह कार्य बहुत ही प्रशंसनीय है। यहां के निकले हुए युवा नेता अपने कार्य क्षेत्रों में विशिष्टता प्रदर्शित करके जनपद का नाम रोशन करेंगे। उक्त उद्गार किसान नेता देवेंद्र सिंह के थे जो नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय आवासीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि युवा शक्ति को संबोधित कर रहे थे। कहा कि युवा शक्ति को रचनात्मक दिशा देने के लिए जलती हुई आग को बुझाने जैसा कार्य करने में सहयोग करने का आवाहन किया। पूर्व अध्यक्ष राम नवल राही ने युवाओं को अपने गीत से मंत्रमुग्ध कर लिया। इस अवसर पर सोनल चौबे और चांदनी ने अतिथियों का स्वागत गीत के माध्यम से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर अतिथियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में शेर नारायण सिंह, नरेंद्र तिवारी, अर्जुन विजय कुमार, एडवोकेट अमरनाथ प्रजापति और वॉलीबॉल कोच राम जन्म चौहान ने प्रशिक्षण प्रदान किया। युवा नेतृत्व प्रशिक्षण के दौरान सुबह में योग श्रमदान शैक्षिक सत्र के अलावा समूह चर्चा मुद्दा आधारित जागरूकता सत्र लेकर तथा शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। जिला युवा अधिकारी राशि मिश्रा ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा एपीए ओम प्रकाश मिश्र ने आभार व्यक्त किया। संचालन प्रशिक्षक नारायण सिंह ने किया।

# देहात चाइल्डलाइन द्वारा हरिहरपुररानी ब्लॉक में खुली बैठक का किया गया आयोजन*

जनपद श्रावस्ती देहात संस्था के तत्वाधान में चाइल्डलाइन श्रावस्ती द्वारा स्थान संविलियन विद्यालय सिसवा ग्राम पंचायत हरिहरपुर रानी ब्लॉक हरिहरपुर रानी जनपद श्रावस्ती में खुली बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का आरम्भ करते हुए चाइल्डलाइन टीम सदस्य पंकज श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगो को धन्यवाद करते हुए बताया कि चाइल्डलाइन 1098 अर्थात बच्चो की हेल्पलाइन महिला एवम बाल विकास मंत्रालय,भारत सरकार की एक परियोजना है जो 24 घंटे की राष्ट्रीय आपात कालीन निः शुल्क फोन सेवा है और इसका टोल फ्री नम्बर 1098 है,वह निरंतर पीड़ित व मुसीबत में फसे बच्चो की मदद में कार्य करती है।वर्तमान में भारत में 600 जनपदों में चाइल्डलाइन का विस्तार हो चुका है,जनपद श्रावस्ती में चाइल्डलाइन विगत 04 वर्षो से कार्यरत है।

टीम सदस्य हंसराम जी ने स्वास्थ्य पर जागरूक करते हुए बताया कि हम सभी बच्चे अब बड़े हो गए है हमे अपने साफ सफाई का स्वयं ध्यान रखना होगा खाने से पहले साबुन से हाथ धोना,प्रतिदिन नहाना साफ सुथरे कपड़े पहनने से हम लोग सैकड़ों बीमारियों से बच सकते है,काउंसलर सुषमा कश्यप जी ने किशोरियों पर चर्चा करते हुए बताया कि आप आशा व आंगनवाड़ी दीदी से मिलकर टिटनेस का टीका व आयरन फोलिक एसिड की दवा नियमित रूप से लें।

टीम सदस्य आसिया बेगम ने बच्चों को बताया कि आप अपने परिवार के सदस्यों का नाम जरूर याद रखे ताकि कहीं गुम हो तो आसानी से घर पहुंच सके।आप अपने गुरु द्वारा बताई गई बाते सुनें एवं मनन करें।टीम सदस्य श्रीपाल जी द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम पर चर्चा की और सभी बच्चो से कहा की आप लोग आस पास के बच्चो को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास करें,बाल श्रम अधिनियम के विषय में जागरूक करते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे से कार्य कराना अथवा किसी प्रकार के शारीरिक श्रम वाला कार्य लेना कानूनी अपराध है।

टीम सदस्य मनोज कुमार और आसिया जी द्वारा बच्चो को पुरस्कार वितरण कर सूक्ष्म जलपान कराकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

उपरोक्त कार्यक्रम में चाइल्डलाइन से काउंसलर सुषमा कश्यप टीम सदस्य पंकज श्रीवास्तव,हंसराम,श्रीपाल,मनोज कुमार,आसिया बेगम,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप तथा विद्यालय से प्रधानाचार्य अतिया परवीन,सहायक अध्यापक महरुन्निषा,अंजू दिवेदी,मीनू राव,शिक्षामित्र अर्चना ओझा,जगदीश प्रसाद ,रसोईया कलावती देवी,संगीता देवी,सावित्री सहित अभिभावक एवम बच्चे उपस्थित रहे

# हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना देते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन खण्ड शिक्षा अधिकारी को सौंपा। शुक्रवार को बीआरसी कार्यालय मानियावाला में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ ने विभिन्न मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन खण्ड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार गौतम को सौंपा। ज्ञापन में नई पेंशन योजना प्रदेश के बेसिक शिक्षकों पर जबरदस्ती स्वीकार करने का प्रयास किया जा रहा है। तथा न स्वीकार करने की स्थिति में जबरन वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। यह प्रदेश के बेसिक शिक्षकों के साथ तानाशाही पूर्ण व्यवहार है। यह योजना



1 अप्रैल 2005 में लागू की गई थी। जो कि स्वैच्छिक है। और 17 वर्षों बाद फिर जबरदस्ती किया जाना प्रदेश के बेसिक शिक्षकों के साथ अन्याय है। उन्होंने पुरानी पेंशन बहाल किये जाने को लेकर मुख्यमंत्री जी से मांग की है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर संदीप कुमार ने तथा संचालन गजेन्द्र पाल सिंह ने किया इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लाक अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के संदीप कुमार के अलावा, कृपाल सिंह,दीपक कुमार, यशवंत सिंह,जितेन्द्र कुमार,राकेश कुमार,इसरार अहमद,अनीश अहमद, अनुपम, ,नेहा, मनोज कुमारी, मुकेश कुमार,अरशद तथा चन्द्रशेखर आदि मौजूद रहे।

# अब्दुल्ला गुलजार ने दुर्घटना में मृतक के दोनों परिवार कि मदद का बीड़ा उठाया

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद दो चचेरे भाई आमिर और सलमान निवासी मोहल्ला मुगलूशाह नजीबाबाद की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी सलमान और आमिर का परिवार गरीब परिवार है और कुछ वर्ष पूर्व ही दोनो की शादी हुई थी और दोनों के दो दो बच्चे हैं दोनो परिवार बहुत गरीब है यह घटना जब ए आई एम आई एम पार्टी के जिला अध्यक्ष व चेयरमैन पद के भावी उम्मीदवार अब्दुल्लाह गुलजार साहब के संज्ञान में आई तो वह मृतक परिवार के घर पहुंचे और उनकी आर्थिक स्थिति देखते हुए और उन दोनों मृतकों के छोटे-छोटे बच्चों को देखकर गहरा दुख जताया और उन्होंने यह घोषणा की मृतक के बच्चों को वह अपनी जिम्मेदारी पर अपने निजी खर्चे पर उन्हें दीन और दुनिया की दोनों तालीम देंगे उनके परिवार वालो ने उन्हें बहुत दुआएं दी और और तहे दिल से धन्यवाद किया इस कार्य से नजीबाबाद क्षेत्र की जनता उनकी प्रशंसा कर रही है




# धर्म परिवर्तन के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण संवादाता मोहम्मद आलम

बढ़ापुरः धर्म परिवर्तन के मामले में हाल ही में थाना बढ़ापुर पर दर्ज एक मुकदमे में बढ़ापुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान किया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम वीरभान वाला में ईसाई मिशनरी द्वारा लोगों को लोभ लालच देकर ईसाई धर्म में शामिल करने का मामला तूल पकड़ने के बाद हिन्दू संगठनों द्वारा इसका कड़ा विरोध करते हुए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की गई थी जिसके चलते हुए थाना बढ़ापुर पुलिस द्वारा विश्व हिंदू संघ के जिला संगठन मंत्री की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में विश्व हिंदू संघ के जिला संगठन मंत्री द्वारा पांच लोगों को नामजद किया गया था जिसमें शुक्रवार को बढ़ापुर पुलिस ने रिपोर्ट में नामजद दो आरोपी बलविंदर सिंह पुत्र वीर सिंह छिंदर सिंह पुत्र वीर सिंह को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान किया है।

थाना प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि मुकदमे में नामजद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में एक को किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा

बढ़ापुरः नगर के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस के ही एक अधेड़ व्यक्ति पर उसकी नाबालिग पुत्री को बुरी नियत से ईख के खेत में खींचने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई थी जिस पर बढ़ापुर पुलिस ने ततपरता दिखाते हुए मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार चालान कर दिया।

बताया जा रहा है कि नगर के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति की नाबालिग पुत्री को गुरुवार को देर रात पड़ोस के ही एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा मकान के सामने खड़ी ईख में खींचने का मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ था। जिस कारण तभी से मामले को दबाने के लिए बैठकों का दौर शुरू हो गया था। मामले का कोई हल न निकलने पर पीड़िता का पिता पुलिस के पास जा पहुँचा जहाँ पर नाबालिग पुत्री के पिता के तहरीर पर बढ़ापुर पुलिस ने नामजद आरोपी मुसर्रत पुत्र नन्हे निवासी मोहल्ला नौमी के खिलाफ छेड़छाड़ सहित पोक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर ली। मामले की गम्भीरता को देखते हुए बढ़ापुर पुलिस ने तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी अनुज कुमार तोमर द्वारा बताया गया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान किया गया है।

# सावधान रहें शराबी नया साल, ड्रिंक एंड ड्राइव पर लगाम ब्रीथ एनालाइजर से शुरू होगी जांच.

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़।** पुलिस अधीक्षक के दिशानिर्देश पर शुक्रवार शाम नववर्ष को लेकर पुलिस ने नगर के बस स्टैंड स्थित जसपुर तिराहा पहुंचकर शराब पाबंदी का पालन कराने में जुटी है। शराबियों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया है। शुक्रवार को नव वर्ष के मद्देनजर स्थानीय पुलिस ने सीओ सर्वम कुमार के नेतृत्व में नगर के बस स्टैंड स्थित जसपुर तिराहा पहुंचकर शराबियों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया तथा शक की बुनियाद पर सड़क पर घूम रहे, होटलो में मुर्गा मुसल्लम खा रहे तथा वाहन चालकों को रोकर लोगों के मुंह पर लगाकर ब्रेथ एनालाइजर मशीन द्वारा शराब का टेस्ट किया उधर बस स्टेंड पर शराब के ठेके पर शराब खरीद रहे लोगों में भगदड़ मच गई कई लोगों ने पुलिस के इस चेकिंग अभियान की सराहना की क्योंकि शराब के नशे में धुत होकर आए दिन दुपहिया वाहनों रोड पर चलने वाले शराबी दुर्घटना के शिकार होते रहते हैं सावधान पुलिस को ब्रेथ एनालाइजर मशीन मिल गई है। अब पुलिस शहर की सड़कों पर शराब पीकर घूमने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शराब पीने वाले लोगों पर पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए मौके पर ही शराब के नशे की जांच करना संभव होगा। ब्रेथ एनालाइजर मशीन में व्यक्ति द्वारा तेज फूंक मारने से शराब ( एल्कोहल ) की मात्रा की जानकारी हो सकेगी। अभी तक शराब के नशे में मिलने वाले व्यक्ति को पुलिस द्वारा पकड़ कर अस्पताल ले जाया जाता था तथा चिकित्सक से मेडिकल जांच कराई जाती थी। मशीन आने से समय की बचत के साथ शराब के नशे में चलने वाले लोगों की मौके पर जांच हो सकेगी इस अवसर पर सीओ सर्वम कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज एसआई अमित कुमार सिसोदिया, एसआई अनोखेलाल गंगवार, एसआई अजीत सिंह, कॉन्स्टेबल सचिन कुमार व विकास बाबू आदि पुलिस बल मौजूद रहे।



# तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

पुष्पेन्द्र सिंह रैकवार, दैनिक समाज जागरण

सीतापुर। लहरपुर प्रभात राजेंद्र कुमार पूनम देवी महाविद्यालय प्रांगण में चल रहे 3 दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर के समारोह पूर्वक समापन के अवसर पर महाविद्यालय संस्था प्रमुख राजेंद्र श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन किया। इस मौके पर महाविद्यालय की बहनों द्वारा सरस्वती वंदना की गई। आज शुक्रवार स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन बीपी सिक्स, ध्वज शिष्टाचार, बिना बर्तन के भोजन बनाना, टेंट का निर्माण करना सिखाया गया। इस मौके पर स्काउट गाइड छात्र-छात्राओं ने बिना बर्तन भोजन बनाने एवं टेंट निर्माण का सजीव प्रदर्शन का निरीक्षण कोतवाली के सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार सोनकर ने किया और सभी स्काउट गाइड के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थापक राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मुख्य प्रशिक्षक एवं जिला स्काउट मास्टर मंगली प्रसाद, एलओसी कैप्टन मनोज यादव एवं स्काउट शिक्षिका कैप्टन प्रसून लता ने निरीक्षण कर स्काउट गाइड छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर स्काउट गाइड छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाई गई उत्तर पुस्तिकाओं का भी निरीक्षण किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने प्रार्थना, स्काउट गीत व झंडा गीत लिखे थे। इस अवसर पर विजई प्रतिभागियों के साथ साथ श्रीमती पूनम श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। स्काउट गाइड शिविर के समापन पर जिला स्काउट मास्टर मंगली प्रसाद,स्काउट मास्टर मनोज यादव व गाइड शिक्षिका



कैप्टन प्रसून लता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों से हम अनुशासन एवं लोगों के प्रति सहायता करना सीखते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य उदय भान सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# टी एल एम कार्यशाला का हुआ समापन

जितेन्द्र शर्मा समाज जागरण अमेठी

अमेठी जनपद में विकास खंड भेटुआ के प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को रोचक,सरल तथा व्यवस्थित तरीके से पठन- पाठन कराने व उनमें बौद्धिक विकास हेतु शिक्षकों के टीचिंग लर्निग मेटेरियल की तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हो गयो हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह कार्यशाला बीआरसी भेटुआ में संपन्न हुई जिसमें निन्यानवे प्राथमिक विद्यालयों के निन्यानबे शिक्षकों को योग्य प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया गयो शिक्षकों को 50 और 49 की संख्या के दो समूहों में बांट टी एल एम की गतिविधियों से अवगत कराया गया,प्रथम समूह को जहाँ प्रशिक्षक शैलजा गौड़,अनुपम पाण्डेय तथा गिरीश चन्द्र पाण्डेय ने प्रशिक्षित किया वहीं दूसरे समूह के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी प्रशिक्षक स्वामी प्रसाद सिंह,कमलेश चन्द्र यादव व दल बहादुर सिंह ने उठायी एआरपी महेंद्र कुमार जायसवाल ने बताया कि लगातार तीन दिनों तक सुबह 10 से चार बजे तक शिक्षकों को टी एल एम का प्रशिक्षण दिया गया,इस दौरान शिक्षकों के जलपान तथा गुणवत्ता पूर्ण भोजन की व्यवस्था भी विभाग द्वारा की जाती रही समापन सत्र को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी डा० संतोष कुमार यादव ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है प्रशिक्षित शिक्षकों ने इन तीन दिनों में जो कुछ भी सीखा है उसका इस्तेमाल कर वे अपने विद्यालय के बच्चों की बौद्धिक क्षमता को अवश्य बढ़ाएंगे



# जनपद में दो लाख से अधिक बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने का लक्ष्य।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी जनपद में बाल स्वास्थ्य पोषण माह (बीएसपीएम) के दौरान दो लाख दस हजार बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान आगामी 26 जनवरी तक चलेगा। इस सम्बन्ध में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय कुमार शर्मा ने बताया कि इस बार बीएसपीएम के दौरान लगभग दो लाख दस हजार बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य है। जिसमें नौ माह से 12 माह के 24170 बच्चे एक से दो वर्ष के 45538 बच्चे तथा दो से पांच साल के 141195 बच्चे हैं। ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (वीएचएनडी) के माध्यम से विटामिन - ए की खुराक बच्चों को एक सुनिश्चित योजना के अनुसार दी जायेगी। उन्होंने बताया कि विटामिन ए वसा में घुलनशील है,नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की नौ खुराक दिये जाने का प्रावधान है, नौ से 12 माह के बच्चों को एक मिली मीजल्स एवं रूबेला के पहले टीकाकरण के दौरान, 16 से 24माह के बच्चों को दो मिली (दो लाख अंतर्राष्ट्रीय यूनिट) मीजल्स एवं रूबेला के दूसरे टीके के साथ नियमित टीकाकरण सत्र के दौरान, दो साल से पाँच साल के बच्चों को दो मिली (दो लाख अंतर्राष्ट्रीय यूनिट) 6 माह के अन्तराल पर बाल स्वास्थ्य पोषण माह के दौरान दी जाती है। उन्होंने बताया कि नौ माह से पाँच साल तक की आयु के बच्चों के लिए आवश्यक विटामिन ए की खुराक साल में दो बार जून एवं दिसंबर माह में बाल एवं पोषण माह का आयोजन कर बच्चों को पिलाई जाती है। उन्होंने बताया कि विटामिन ए की कमी से बच्चों में अंधापन हो जाता है जिसे रोका जा सकता है। इसके साथ ही विटामिन ए की कमी से गंभीर रोग तथा मृत्यु भी हो सकती है। गर्भवती में विटामिन ए की कमी से रतौंधी (नाईट ब्लाइंडनेस) हो जाता है। विटामिन ए के सेवन से शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि होती है। रतौंधी से बचाव, कॉर्निया की सुरक्षा होती है, दस्त एवं सांस सम्बन्धी रोगों से बचाव होता है एवं कुपोषण में कमी होती है।

# नया सवेरा योजनान्तर्गत लोगो को बालश्रम के प्रति किया गया जागरूक

जनपद बलरामपुर में लगातार चलाई जा रही बालश्रम उन्मूलन जन जागरूकता अभियान के आज नौवे दिन जनपद के विकास खंड बलरामपुर के ग्राम पंचायत गंगापुर लखना में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया' कार्यक्रम का क्रियान्वयन कर रही संस्कार संस्था के द्वारा ग्राम पंचायत में स्थित कंपोजिट विद्यालय लखना के बच्चो के साथ एक जागरूकता रैली भी निकाली गयीं' संस्था के सदस्यो के द्वारा कुछ घरो का सर्वे कर यह जानने का प्रयास भी किया गया की कितने ऐसे बच्चे है जो नियमित तौर पर विद्यालय नहीं जाते है या कही ना कहीं मजबूरी में बल मजदूरी करनी पड़ती है' इसके बाद संस्था के द्वारा बालश्र और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगो को बालश्र और बाल विवाह के दुष्परिणामो से अवगत कराने का प्रयास किया' एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट बलरामपुर से प्रतिभाग की महिला आरक्षी पूजा चौहान ने लोगो को बाल विवाह और बालश्र ना कराने की बात कही उन्होंने बाल विवाह के विषय में बताते हुए कहा की बाल विवाह से लड़की और लड़के दोनों का भविष्य खराब हो जाता है और उनसे पैदा हुए बच्चे भी कमजोर होते है इसके अलावा उन्होंने बताया की बल विवाह करना और कराना दोनों ही कानूनन अपराध है अगर कोई व्यक्ति बाल विवाह करता है या करता है तो उसको 2 वर्ष की सजा और रुपए 200000 तक का जुमार्ना भी लगाया जा सकता है' आगे उन्होंने बताया की अगर आपको बाल विवाह के विषय में जानकारी मिलती है तो इसकी सुचना आप हेल्प लाइन नंबर 1098,1090 और 112 पर कर सकते है' नया सवेरा योजना के टी० आर०पी० श्री मनोज तिवारी ने लोगो को बताया की बालश्रम कानूनन अपराध है अगर कोई भी व्यक्ति किसी बच्चे से कार्य कराता है तो उसे 6 माह से 2 वर्ष तक की सजा और रुपए 20000 से 50000 तक का अर्थ दंड भी लगाया जा सकता है' उन्होंने यह भी बताया की कोई माता पिता भी अपने 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चे से विद्यालय के समय में सिर्फ कार्य कराता है और उसे शिक्षा से वंचित रखता है तो सु पर भी रुपए 10000 तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है' उन्होंने बताया की लगभग सभी जनपदों में बच्चो के देख रेख और संरक्षण के लिए बाल कल्याण समिति बनायीं गयी है अगर कोई भी बच्चा अनाथ है या मजबूरी में भीख मांगता है या उसका परिवार उसका पालन पोषण करने में सक्षम नहीं तो इस बाल कल्याण समिति उन बच्चो के सर्वोत्तम हित के लिए कार्य करती है'

# बच्चों से बाल श्रम न करवाए और बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजे-अध्यापक इंद्रजीत यादव

जनपद बहराइच श्रम विभाग द्वारा यूनिसेफ और उद्यमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश के तकनीकी सहयोग से संचालित नया सवेरा योजना के अन्तर्गत बाल संरक्षण जनजागरण कार्यक्रम ब्लॉक चित्तौरा के ग्राम पंचायत बहादुरपुर में अयोजित किया गया। ग्राम पंचायत बहादुरपुर के मजरे सरदारपुर में कानपुर की संस्कार संस्था के सदस्य, आंगनबाड़ी और अध्यापक द्वारा डोर टू डोर ग्राम वासियों को बाल श्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी पर रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। कानपुर की संस्कार संस्था सदस्य महेश वर्मा,दीपक वर्मा, विष्णु, मोहित, अलका और वैशाली द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल श्रम और बाल विवाह के प्रति लोगो के जागरूक किया और अपने ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखने के लिए प्रेरित किया। चंद्रिश यादव टीआरपी नया सवेरा ने बाल श्रम करवाने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी और श्रम विभाग की बाल श्रमिक विद्या योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना और अटल आवासीय विद्यालय की जानकारी दी और बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने को कहा।

इंद्रजीत यादव अध्यापक प्राथमिक विद्यालय सरदारपुर ने कहा कि अपने बच्चों से बाल श्रम और खेरलू काम न करवाए और अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजे। जीवन में शिक्षा का क्या महत्व है इसके बारे में भी लोगो को जागरूक किया।

केशरानी आंगनबाड़ी ने ग्राम वासियों को बाल श्रम और बाल विवाह न करवाने के लिए प्रेरित किया और स्वयं अपनी ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखने का संकल्प लिया।

अंत में संस्कार संस्था द्वारा जन जागरण में नुक्कड़ नाटक में पूछे गए सवाल में सही जवाब देने वाले 4 बच्चों मोहित, आरती, मोनू और आदम को अध्यापक, टीआरपी और आंगनबाड़ी द्वारा मेडल दिया गया और शिक्षा के महत्व की जानकारी दी।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी मुन्नी देवी और विद्या देवी ने पूर्ण सहयोग दिया

## जिलाधिकारी ने जनता दर्शन के दौरान आये दिव्यांग फरियादी को दिलाई ट्राईसाईकिल

ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती, जनता दर्शन के अन्तर्गत आये दिव्यांग फरियादी फकरूद्दीन पुत्र मो0 बन्ने, निवासी-टंगडवा रजानगर, भिनगा ने जिलाधिकारी नेहा प्रकाश से ट्राईसाईकिल के लिए फरियाद किया। जिस पर दयावान जिलाधिकारी ने फरियादी की दयनीय स्थिति को देख तत्काल जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित कर दिव्यांगता से पीड़ित व्यक्ति को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना के तहत ट्राईसाईकिल प्रदान की गयी है।



जिलाधिकारी ने बताया है कि जन भागीदारी के माध्यम से शासकीय योजनाओं का लाभ आम जनमानस तक पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। इसलिये कोई भी पात्र गरीब, बेसहारा व असहाय व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित न रहने पाये। उन्होने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 द्वारा संचालित योजना कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को अनुदान दिए जाने का प्राविधान है। जिसके तहत दिव्यांगता से पीड़ित व्यक्ति को ट्राईसाईकिल प्रदान की गई है। इससे निश्चित ही उनके आने-जाने में सुगमता होगी।

## 05 जनवरी से 04 फरवरी, 2023 तक मनाया जायेगा सड़क सुरक्षा माह

श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति आम जनमानस में जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से 05 जनवरी, 2023 से 04 फरवरी, 2023 तक 'सड़क सुरक्षा माह' का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान सुरक्षित एवं सुगम यातायात हेतु सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए तिथिवार कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जायेगा।



जिलाधिकारी ने यातायात नियमों का पालन किये जाने तथा इसके प्रति सभी को जागरुक रहने की जरुरत पर बल देते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम बच्चों को वाहन न चलाने दें, मोटर साईकिल व स्कूटर चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगायें। उन्होने कहा कि नशे की हालत में एवं मोबाइल पर बात करते हुए वाहन न चलाये तथा तेज गति से वाहन न चलाये और स्टंट आदि बिलकुल न करें। उन्होने सभी विभागो को आपसी समन्वय के साथ कार्य किये जाने का निर्देश दिया। उन्होने यह भी कहा कि इस अभियान में जिस विभाग को जो भी जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी निष्ठा से पालन करते हुए इस अभियान को सफल बनायेंगे।

उन्होने यह भी कहा कि "सड़क सुरक्षा माह" के अन्तर्गत परिवहन विभाग के साथ पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग समस्त निर्माण एजेंसियां, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रतिदिन विद्यालयों, नगरीय निकायों एवं ब्लाक स्तर पर सड़क सुरक्षा के प्रति कार्यक्रम आयोजित कर आम जनमानस को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया जायेगा।

## शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा कस्बा अमेठी में पैदल गस्त किया गया एवं होटल/ढाबा/सराय आदि की चेकिंग की गयी

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा कस्बा अमेठी में यूपी-112 पुलिस द्वारा लगाये गये जागरूकता कार्यक्रम/स्टाल का निरीक्षण किया गया एवं शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा ह्रमिशन शक्तिह नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से तथा



आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा अमेठी में बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया गया तथा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर होटल/ढाबा/सराय आदि की चेकिंग की गयी एवं संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई।

## असम करीमगंज जिले के 1202 नं देशबंधु प्राथमिक विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से एक दिवसीय सामुदायिक उत्सव का आयोजन किया गया।

असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण :

शैक्षिक अभियान के तहत करीमगंज जिले के रामकृष्णनगर शिक्षा प्रखंड अंतर्गत देशबंधु प्राथमिक विद्यालय संख्या 1202 में विगत 27 दिसंबर (मंगलवार) को एक दिवसीय संप्रदाय उत्सव मनाया गया। विद्यालय के



प्रधानाध्यापक रवींद्र सिन्हा एवं सहायक शिक्षक अमित सिन्हा के नेतृत्व में सुबह 10 बजे विद्यालय के छात्रों ने दीप प्रज्वलन के साथ सड़क किनारे शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया। अंत में विभिन्न समुदायों के विद्यार्थियों ने मणिपुरी नृत्य, धमैल, बिहू दिनचर्या, गीत प्रस्तुत किए। इसके अलावा, जो महिलाएं छात्रों के माता-पिता हैं, वे चेयर गेम खेलने भाग लेना अन्य स्कूलों के छात्रों ने सामूहिक उत्सव में भाग लिया। बंधुत्व की भावना गहरी होती है क्योंकि त्योहार का उत्सव एक दूसरे को विभिन्न समुदायों के सांस्कृतिक पहलुओं के बारे में जानने का अवसर प्रदान करता है। इसलिए उपस्थित लोगों ने आने वाले दिनों में भी कार्यक्रम आयोजित करने का आवेदन किया। दरगारबंद केंद्र के सचिव विकास कालोयार, दरगारबंद क्लास्टर नंबर 1 के सी आर सी संजय उपाध्याय, फेटीपात एलपी स्कूल के प्रधानाचार्य त्रिपुल सिन्हा, बरबाली एलपी स्कूल के प्रधानाचार्य श्याम यादव, इंदिरा एमवी स्कूल नंबर 47 के प्राचार्य प्रदीप गोयाला मौजूद थे। उस दिन एक दिवसीय सामुदायिक उत्सव बासकालटीला एलपी स्कूल के प्रधानाध्यापक रूपक सिन्हा, सोनाईछड़ा एलपी स्कूल के प्रधानाध्यापक संजय सिंह, साउथ फानाईबन्द एलपी स्कूल संख्या 352 के प्रधानाध्यापक हरिदास सिंह, निशिकांत एलपी विद्यालय संख्या 155 के प्रधानाध्यापक मनिकांत सिन्हा साथ ही प्रबंधन समिति द्वारा उस दिन एक दिवसीय सामुदायिक उत्सव के दौरान स्कूल की बाउंड्रीवॉल शौचालय, रसोई निर्माण के लिए धन आवंटन के लिए विभागीय अधिकारी से अनुरोध किया। स्कूल केस्कूल के प्रधानाध्यापक ने छात्रों को प्रेरित करने के लिए मौद्रिक पुरस्कार दिया गया।

## परिषदीय विद्यालयों को कॉन्वेंट विद्यालय के तर्ज पर किया जा रहा कायाकल्प-जिलाधिकारी

श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने विकास खण्ड हरिहरपुररानी अन्तर्गत स्थित कम्पोजिट विद्यालय पाण्डेय पुरवा का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों को कॉन्वेंट विद्यालय के तर्ज पर कायाकल्प किया जा रहा है। उन्होने बताया कि जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालय में नामांकित बच्चों को बैठने की उचित सुविधा प्रदान करने एवं परिषदीय विद्यालयों को कॉन्वेंट विद्यालय के अनुरूप बनाए जाने के दृष्टिगत जनपद के 360 विद्यालयों में फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। शासन के निर्देश के क्रम में विद्यालयों को प्रथम चरण में सुव्यवस्थित के जाने के उद्देश्य से फर्नीचर की आपूर्ति की गई है, वर्तमान में जनपद के 360 विद्यालयों में फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। इसके साथ ही अगले चरण में जनपद के समस्त विद्यालयों में बच्चों के बैठने हेतु फर्नीचर की व्यवस्था कराई जाएगी। साथ ही प्रत्येक प्रकार से विद्यालयों को सुव्यवस्थित करने के लिए आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरा मीटर से विद्यालयों को संतुष्ट करने की भी कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को फर्नीचर पर बैठे देख मुझे कान्वेंट विद्यालयों की याद आ गई, क्योंकि ऐसी ही व्यवस्था कॉन्वेंट विद्यालय में होती है, जिससे



बच्चों के अंदर आत्मविश्वास में वृद्धि के साथ ही साथ उन्हें एक अच्छा सुंदर शैक्षिक वातावरण भी उपलब्ध होता है।

इस दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षा की गुणवत्ता परखने के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं से गणित विषय के प्रश्न पूछकर दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की जांच भी की। और उन्होने बच्चों से उनके जिज्ञासा को भी जाना। तथा मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए उन्हें प्रेरित किया। और कहा कि मन लगाकर सभी बच्चे पढ़ेंगे तो निश्चित ही वे जो बनना चाहते है, वह मुकाम हासिल कर सकेंगे। उन्होने विद्यालय में उपस्थित अध्यापकों को छात्र-छात्राओं को उनकी अभिरूचि के अनुसार पढ़ाये जाने का निर्देश भी दिया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में बने मध्यान्ह भोजन की भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में शौचालय, साफ-सफाई, किचन, पेयजल, अग्नि शमन यंत्र आदि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर जायजा लिया और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त हमेशा रखने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी बच्चों के अभिभावक की भूमिका निभा कर उन्हे निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निःशुल्क जूता-मोजा, स्कूल बैग एवं मध्यान्ह भोजन मुहैया करा रही है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा के उजियारे से वंचित न रहने पावे। इसलिये गुरूजनों का भी दायित्व बनता है कि वे अपने दायित्वों को बाखूबी निभावें और नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिक्षित कर उनके भाग्य को संवारे और अभिभावकों के विश्वास पर खरे उतरें। साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अभिभावकों से अपील किया है कि अपने बच्चों को विद्यालय प्रतिदिन भेजकर उनका भविष्य उज्ज्वल बनावें।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह, जिला समन्वयक (निर्माण) सपना सोनी, प्रधानाध्यापक सहित विद्यालय के अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ऋषभ पंत को शरीर में जहां लगी चोट, उसका विकेटकीपिंग से गहरा कनेक्शन, जाने कमबैक क्यों होगा मुश्किल?

नई दिल्ली. ऋषभ पंत के लिए 2022 जाते-जाते बड़ा दर्द दे गया. पहला यह कि उन्हें श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के लिए चुनी गई टीम में जगह नहीं मिली और दूसरा यह कि वो शुक्रवार सुबह एक बड़े कार हादसे का शिकार हो गए. खिलाड़ी का टीम से अंदर-बाहर होना तो लगा



रहता. कभी फॉर्म तो कभी फिटनेस वजह बनती है. इसलिए पहला दर्द तो ऐसा है कि पंत उससे जल्दी उबर जाएंगे. लेकिन, जिस दुर्घटना का वो शिकार हुए हैं, उससे उबरने में उन्हें वक्त लगेगा. यानी मैदान पर उनकी वापसी ना तो आसान होगी और ना ही जल्दी होगी. कम से कम उन्हें शरीर के जिन हिस्सों में चोट लगी है, उससे तो यही लगता है.

पंत को माथे, दाहिने हाथ की कलाई, दाएं घुटने के लिगामेंट, टखने और एड़ी में चोट लगी है. इसके अलावा, कार पलटने की वजह से उनकी पीठ में भी चोट लगी है.

घुटना, टखना, एड़ी और कलाई शरीर के ऐसे स्थान हैं, विकेटकीपिंग के दौरान जिसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है और पंत को यहीं चोट लगी है. यानी एक विकेटकीपर शरीर के जिन हिस्सों का सबसे ज्यादा इस्तेमाल करता है, उसी स्थान पर पंत को चोट लगी है. अब चोट कितनी गंभीर है, यह तो सारे मेडिकल परीक्षण और स्कैन होने के बाद ही पता चलेगा. लेकिन, एक बात साफ है कि उनकी इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी आसान नहीं होगी.

## रा से यो विशेष शिविर संपन्न

समाज जागरण संवाददाता
विवेक देशमुख

जांजगीर चांपा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अमोरा की रा से यो इकाई के तत्वाधान ग्राम रोगदा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 23.12.22से 29.12.22 तक आयोजित किया गया था जिसमें विधायक सौरभ सिंह के मुख्य आतिथ्य , ईश्वर खंडेलिया ट्रस्टी आर के उ मा शाला अकलतरा के अध्यक्षता , सी के धृतलहरे बी ई ओ अकलतरा , देवकांत द्विवेदी ए बी ई ओ अकलतरा , आर सी मिश्रा पूर्व प्राचार्य आर के उ मा शाला अकलतरा विशिष्ट आतिथ्य सरपंच श्रीमती अनिता महंत , सपना भारद्वाज पंच , मधु कुर्रे पंच , सुरूज बाई पंच , महेन्द्र निर्मलकर पंच अमोरा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ ।विधायक सौरभ सिंह ने स्वयंसेवकों को अपने लक्ष्य प्राप्ति तक ड़टे रहने, रक्तदान 64 यूनिट , स्वास्थ्य परीक्षण , रक्त परीक्षण व सी सी रोड स्थायी निर्माण के लिये बधाई , सफलता के लिये अनुशासन को अनिवार्य बतलाया । श्री खंडेलिया ने स्वयंसेवको द्वारा 2 सोख्ता गड्डा , ग्राम पंचायत के पास खेल मैदान की सफाई , माता चौरा , तालाब में सीढ़ी निर्माण , पचरी घाटों की सफाई पर बधाई प्रेषित किया। महापुरुषों के आदर्शों पर कार्य करने , रा से यो की 10+2 में आवश्यकता पर प्रकाश डाला। आर सी मिश्रा पूर्व प्राचार्या आर के उ मा



अकलतरा ने कहा कैम्प में उपस्थित 91 स्वंयसेवकों के जज्बों को सलाम व उन्हें लेकर आने वाले , कार्यक्रम संपादित करने वाले प्राचार्या , कार्यक्रम अधिकारी , सहयोगी के होशलो को सलाम सी के धृतलहरे ने बच्चों के अनुशासित जीवन , समय पाबंद , पर प्रकाश डाला , सरपंच महोदया द्वारा आगामी सत्र कैम्प रोगदा में ही लगाने निवेदन किया गया । उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक अनुशासित है व उनके कार्य सराहनीय हैं ।उनके द्वारा रोगदा में सी सी रोड निर्माण , रक्तदान 64 यूनिट , स्वास्थ्य परीक्षण 325 से अधिक तथा रक्त परीक्षण जैसे कार्यो के लिये बधाई प्रेषित किया ।संस्था प्राचार्या व संरक्षक श्री आशीष मिश्रा जी द्वारा शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तथा समस्त अतिथियों का शॉल व श्री फल प्रदान कर ल्ल२२ परिवार स्वंयसेवकों की ओर से सम्मान किया । कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार यादव के द्वारा आभार प्रदर्शन व धन्यवाद ज्ञापित किया गया , कार्यक्रम का संचालन श्री के डी वैष्णव जी के द्वारा किया गया। सहायक कार्यक्रम अधिकारी रामकुमार कैवर्त जी के द्वारा कैम्प सहयोग सराहनीय रहा विशेष कर भोजन व्यवस्था कार्यक्रम अध्यक्षता ने भूरी भूरी प्रशसा करते हुए कहा कि भोजन ही आधार है ।कार्यक्रम का समापन श्री खंडेलिया जी के द्वारा ध्वज प्राचार्या जी को सौपकर तथा आगामी वर्ष तक संरक्षण के आश्वासन पश्चात हम होगें कामयाब गीत राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुवा । कार्यक्रम को सफल बनाने में

सहयोगी शिक्षक रामकुमार कैवर्त, शुश्री मेघा दुबे , वसंत नोरगे,लीलादास महंत,आर के पी तिवारी , संजय कुमार यादव शिक्षक अकलतरी , सूरज साहू , अशोक बर्मन,जगदीश दुबे सुरेंद्र लहरे जी,उत्तरी बर्मन,मधु कुर्रे,महेंद्र नोरगे,किशोरी देवी नोरगे,संध्या नोरगे सुनंदा नोरगे,छेदीलाल मेरावी,के आर नोरगे,शिवचरण मेरावी,जीवन लाल कुर्रे,रामखिलावन नोरगे,सीताराम बर्मन,छेदीलाल नोरगे,दौलत राम बर्मन,नंदकुमारी जगत सहित पंच गणों ने सहयोग प्रदान किया ।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद गौतम बुद्ध नगर की प्रथम बैठक संपन्न।

### *जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।*

जनपद गौतम बुद्ध नगर के पौराणिक, ऐतिहासिक पुरातात्विक तथा सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से आज जिला अधिकारी सुहास एलवाई की अध्यक्षता में जूम ऐप के माध्यम से जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद गौतम बुद्ध नगर की प्रथम बैठक संपन्न हुई। आयोजित बैठक में सहायक पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर के पौराणिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक तथा सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण एवं संवर्धन किया जाएगा एवं विभिन्न पर्यटन एवं सांस्कृतिक स्थलों को प्रमुख स्थलों से जुड़े व्यक्तियों, कलाकारों एवं स्थानीय समुदाय के आर्थिक, प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोजगार के साधनों का सृजन होगा। उन्होंने बताया कि जनपद में विलुप्त हो रही सांस्कृतिक विधाओं को पुनर्जीवित किया जाएगा एवं जनपद में स्थापना दिवस एवं माह फरवरी में रामायण कॉन्क्लेव के आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, आर्ट गैलरी, पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से जन-जन को जोड़कर पर्यटन का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जनपद गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश का शो विंडो कहा जाता है और यह जनपद औद्योगिक नगरी के साथ-साथ अपनी पौराणिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक तथा सांस्कृतिक धरोहर के लिए भी जाना जाता है। इसलिए संबंधित विभागीय अधिकारीगण जनपद में पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्यटन स्थलों पर साइनेज लगाने एवं पर्यटन स्थलों के पर्यटन साहित्य ब्राउजर बनवाकर उनका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पर्यटकों को जनपद की पौराणिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक तथा सांस्कृतिक धरोहर की जानकारी हो सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य विकास अधिकारी तेज प्रताप मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, जिला कृषि अधिकारी व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में प्रशिक्षण के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के अभ्यार्थियों का नाई ट्रेड में चयन करने के लिये लिया जाएगा साक्षात्कार।

समाज जागरण संवाददाता

उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र गौतम बुद्ध नगर अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन वेबसाइट www.diupmsme.upsdc.gov.in पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का योजना में नाई ट्रेड में चयन के लिए साक्षात्कार कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र सूरजपुर(कलेक्ट्रेट के निकट/पीछे ईकोटेक 2) ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर के परिसर में दिनांक 03 जनवरी, 2023 को प्रातः 11:00 बजे से गठित समिति द्वारा लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के समय उक्त योजना में प्रशिक्षण के लिए भरे गए ऑनलाइन फॉर्म की प्रति, एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, बैंक पासबुक की एक फोटो कॉपी जिसमें खाता संख्या और आईएफएससी कोड सही लिखा हो, 10 रुपए के स्टांप पेपर पर शपथ पत्र नोटेरी सहित आदि दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है। उक्त योजना में पात्रता के लिए जाति एकमात्र आधार नहीं होगा। योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए ऐसे व्यक्ति भी पात्र होंगे जो परंपरागत कारीगरी जाति से भिन्न हो, ऐसे आवेदकों को परंपरागत कारीगरी से जुड़े होने के प्रमाण के रूप में ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत अथवा नगर पालिका/नगर निगम से संबंधित वार्ड के सदस्य द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उक्त के संबंध में आवश्यक जानकारी के लिए शशि बिंदु के मोबाइल नंबर 9810745043 से संपर्क कर सकते हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग निरंतर एक्शन में।

### आबकारी निरक्षकों के द्वारा बार अनुज्ञापनो का किया गया औचक निरीक्षण।

समाज जागरण संवाददाता

आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी सुहास एल0वाई0 के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस आबकारी निरीक्षक गौरव चन्द, रवि जायसवाल व अभिनव शाही की टीम द्वारा डी0एल0 एफ0 माल ऑफ इंडिया व गार्डेन गेलेरिया में स्थित बार अनुज्ञापनो का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान क्यू आर कोड, बार कोड और स्टॉक की गहनता से जांच



की गई एवं छिजारसी 25 फुटा पर दविश दी गयी। इसी प्रकार आबकारी निरीक्षक राहुल सिंह और चंद्रशेखर सिंह की टीम ने एडवांट टावर थाना 142 में संचालित टॉय बॉय, ड्युटी फ्री, रूबरू, बीयर कैफे, आएसैक न्यूटन, स्काई हाउस बार और ग्रेटर नोएडा रेडिसन ब्लू होटल में संचालित बार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्यू आर कोड, बार कोड और स्टॉक के गहनता से जांच की गई। सभी बार संचालकों को नियमानुसार बार संचालन के लिए निर्देशित किया गया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर

## भाजपा युवा मोर्चा मथुरा द्वारा स्व. अटल जी की स्मृति में भाषण प्रतियोगिता का किया आयोजन

मथुरा। बंसल फूड रेस्टोरेंट कृष्णा नगर पर युवा मोर्चा मथुरा द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन से पहले भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर प्रतियोगिता शुरूआत की गई इसका नेतृत्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष मंजीत पोंनिया के द्वारा किया गया मंजीत पोंनिया ने बताया कि 50 से ज्यादा ने प्रतियोगी प्रतियोगिता में भाग लिया जिनमें 3 विजयी प्रतियोगी प्रथम (नृत्य गोपाल दुबे) द्वितीय (कौशल श्रीवास्तव) तृतीय (विशाल गुप्ता) को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जो आगामी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे महामंत्री कमल कांत शर्मा ने बताया निर्णायक मंडल अंकों के आधार पर निर्णय हुआ है निर्णायक मंडल में शोभाराम प्रधान और वरिष्ठ भाजपा नेता निर्भय पांडे उपस्थित रहे, निर्णायक मंडल ने युवा मोर्चा के



कार्यकताओं को अटल जी के जीवन से सीखने और आधार मानकर चलने की सीख दी।

सभी प्रतियोगियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में रहे जिला मीडिया प्रभारी भगवत सोनी,जोगेंद्र फौजदार, अनुज चौधरी, आदर्श दुबे, नंदू पाराशर, रुपेश चौधरी, दीपक चौधरी, राजू चौधरी, हर्षित शर्मा, कपिल चौधरी, राहुल ठेनुआ, मोहसिन कुरेशी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हाईलाकांडी के प्रीतेश तिवारी की कहानी "अचीभार्स ऑफ द ईयर" बुक मे प्रकाशित।

असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण :

सी-के-एनके-एच फाउंडेशन के द्वितीय जोन एसोसिएशन के वर्तमान जोनल संयुक्त समन्वयक श्री प्रीतेश तिवारी की करियर कहानी रिकॉर्ड बुक "अचीभार्स ऑफ द ईयर" बुक में प्रकाशित हुई है। प्रीतेश का जन्म हाईलाकांडी जिले के काटलीछड़ा में हुआ था, श्री पवन कुमार तिवारी और पूनम तिवारी के पुत्र, पढ़ाई के साथ-साथ वे एक सामाजिक संगठन सीकेएनकेएच से जुड़े। वह पहले नींव में शामिल हो गए और उन्हें फाउंडेशन के पहले जिला संघ, हैलाकांडी जिला संघ के कार्यकारी महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया। उसके बाद, उन्हें हैलाकांडी जिला संघ के महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने हैलाकांडी जिला संघ को राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर पहुँचाया। फिर उनके प्रदर्शन के आधार पर, उन्हें फाउंडेशन के असम स्टेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया। उन्हें महाराष्ट्र में एक संगठन द्वारा महाराष्ट्र में "प्राइड ऑफ यंग हिंदुस्तान" पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, जबकि वे फाउंडेशन के संयुक्त सचिव थे। लेकिन बात यहीं खत्म नहीं हुई, कुछ दिनों के बाद उनके दृढ़ संकल्प और समर्पण को देखते हुए उन्हें फाउंडेशन के




असम स्टेट एसोसिएशन के संयुक्त महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया। उन्हें असम स्टेट एसोसिएशन के एसोसिएट सेक्रेटरी के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान फाउंडेशन के स्टेट एसोसिएशन द्वारा "बेस्ट स्टेट लेवल लीडर ऑफ द ईयर" के रूप में सम्मानित किया गया था और फिर उन्हें फाउंडेशन के दूसरे जोन एसोसिएशन के संयुक्त-समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया था। फाउंडेशन के दूसरे जोन संघ में फाउंडेशन के असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, नागालैंड राज्य संघ शामिल हैं।

जैसा कि उनकी कहानी अचीभार्स ऑफ द ईयर पुस्तक में प्रकाशित हुई थी, फाउंडेशन के कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष श्री राघव चंद्रनाथ महाशय, कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष सुश्री राजश्री लक्ष्मणराव माने महाशय, कार्यकारी बोर्ड के महासचिव श्री राजगुरु सिंह महाशय फाउंडेशन के कार्यकारी मंडल के कोषाध्यक्ष एवं शिक्षा विभाग के प्रमुख गौरी गोगोई महाशय ने उन्हें बधाई दी। राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष जाहिदुल ईस्लाम, महासचिव ज्योतिर्मय बरहगहाई सहित राष्ट्रीय-राज्य-जिला समिति के सदस्यों ने बधाई दी। प्रेस विज्ञप्ति में प्रीतेश ने कहा कि फाउंडेशन से जुड़ने के बाद उनके जीवन की राह ही बदल गई जैसे जिला संघ के सचिव से लेकर जोनल कोऑर्डिनेटर तक के इस सफर में उन्होंने बहुत कुछ सीखा हो. उन्होंने फाउंडेशन के सभी सदस्यों को उनके दृढ़ विश्वास और समर्थन के लिए तहे सभी को दिल से धन्यवाद दिया।

# प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र द्वारा मनाया गया नववर्ष अभिनंदन समारोह

## *कुरुक्षेत्र के विकास में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका : सुधा*

हरियाणा/कुरुक्षेत्र (राजेश सलूजा): प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र द्वारा नव वर्ष अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। रेलवे रोड स्थित होटल पर्ल मार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में थानेसर के विधायक सुभाष सुधा बतौर मुख्यातिथि पहुंचे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद के नवनिर्वाचित सदस्य तथा क्रीडा भारती के जिलाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी ने की। क्लब के सदस्यों ने डीजे की धुन पर विधायक और डीपी चौधरी डीजे के साथ थिरककर नव वर्ष का जश्न मनाया और एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रेस क्लब के प्रधान रामपाल शर्मा, सरंक्षक राजेश शांडिल्य, चेयरमैन कृष्ण धमीजा, महासचिव देवीलाल बारना, वाईस चेयरमैन अशोक यादव, विकास बत्तान, सौरभ चौधरी, विनोद चौधरी, डा. राजेश वधवा, जसबीर दुग्गल, विनीश गौड़, चंद्रप्रकाश, बाबू राम तुषार, अरविंद्र सिंह, तूषार सैनी, राहुल शर्मा, राजेंद्र स्नेही सहित सभी सदस्यों ने सुधा व डीपी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



प्रेस क्लब द्वारा नव वर्ष अभिनंदन समारोह आयोजित करने पर विधायक सुभाष सुधा ने क्लब के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि अति व्यस्त पलों में इस प्रकार के आयोजन करने से मानसिक तनाव दूर होता है। उन्होने आयोजन करने पर क्लब की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि कुरुक्षेत्र को विश्व के मानचित्र पर लाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे समय समय पर कुरुक्षेत्र की विकास संबंधी योजनाओं में मीडिया के साथियों की सलाह लेते रहते हैं। प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र पत्रकारों को एकजुट करने में अहम भूमिका निभा रहा है। क्लब के प्रधान रामपाल शर्मा के नेतृत्व में प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र बुलंदियों को छू रहा है। उन्होने प्रेस क्लब के सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की प्रेस साकारात्मक भूमिका निभाती है और पूरे प्रदेश में स्थानीय प्रेस अपना एक विशेष स्थान रखती है। आज प्रेस के कारण ही कुरुक्षेत्र विश्व भर में अपनी एक पहचान बना रहा है। उन्होने कुरुक्षेत्र के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि ऐलीवेटिड ट्रेक शीघ्र बनकर पूरा हो जाएगा और कुरुक्षेत्र का बाईपास बनवाने के लिए भी उन्होने विधानसभा में आवाज उठाई है। आज प्रेस के कारण ही गीता जयंती महोत्सव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। उन्होने क्लब के सदस्यों को विश्वास दिलाया कि वे तन मन धन से पत्रकारों के साथ हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे धर्मपाल चौधरी डीपी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र के सदस्य अपनी कलम से जहां जन समस्याओं को उजागर करते हैं वही सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में भी बढचढ कर भाग लेते हैं। धर्मनगरी के विकास मे स्थानीय मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। लोकतंत्र में मीडिया को चौथा स्तंभ माना गया है। आज के युग में प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक मीडिया के साथ सोशल मीडिया की भी अहम भूमिका है।

प्रेस क्लब के प्रधान रामपाल शर्मा ने मुख्यातिथि सुभाष सुधा तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष डीपी चौधरी का नव वर्ष अभिनंदन समारोह में पहुंचने पर स्वागत करते हुए कहा कि प्रेस क्लब पीत पत्रकारिता का समर्थन नही करता तथा सकारात्मक अलोचना में विश्वास रखता है। इसी के साथ-साथ क्लब की ओर से जहां सामाजिक कार्यों में बढ चढकर भाग लिया जाता है वहीं जरूरतमंद सदस्यों की हर संभव सहायता भी क्लब की ओर से की जाती है। उन्होने सभी सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी और विधायक का अपने व्यस्त समय से कार्यक्रम में पहुंचने पर विशेष रूप से धन्यवाद किया। कार्यक्रम में मंच संचालन महासचिव देवीलाल बारना ने किया। वहीं आयोजकों की ओर से मुख्यातिथि सुभाष सुधा तथा डीपी चौधरी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को राजेश शांडिल्य, कृष्ण धमीजा, सौरभ चौधरी, बाबूराम तुषार, विकास बत्तान, डा. प्रदीप गोयल, सुभाष पौलत्स, दीपक वशिष्ठ ने संबोधित करते हुए सभी सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनाएँ दी। क्लब के सभी सदस्यों ने डीजे पर थिरककर नववर्ष अभिनंदन समारोह खूब मस्ती के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुनीष मुंडे, सुखबीर सैनी, विनिश गौड, भारत भूषण, सुनील धीमान, कमल सैनी, गगन सांगर, भारत साबरी, मक्खन शर्मा, विक्रम सिंह, आदिति, तरूण वधवा, राहुल शर्मा, अरविंद्र सिंह, तूषार सैनी, राजेंद्र स्नेही, नवोदित, जरनैल रंगा, कुलवंत सिंह, अरविंद, राजेंद्र सिंह, विनोद प्रजापति, शैलेश, राजेश भारद्वाज, नागेंद्र शर्मा, सुदेश गोयल, नीतू चौहान, रीतू, गगनप्रीत, पूजा, मनीषा देवी, शीतल सहित अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

# जिला पंचायत सीईओ ने की आजीविका मिशन के कार्यो की समीक्षा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट ।( 31दिसंबर )जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार की अध्यक्षता में जनपद पंचायत सभाकक्ष बालाघाट में आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी जिसमे स्व-सहायता समूह गठन, ग्राम संगठन गठन, खाता खुलवाने, सीसीएल, आरएफ, सीआईएफ एवं आजीविका गतिविधियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए । जिन मिशनकर्मियों द्वारा प्रगति निराशाजन पाई गई उन्हे 30 जनवरी तक शतप्रतिशत प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया गया ।

सीईओ द्वारा विभिन्न बैकों से समन्वय स्थापित कर आने वाली समस्या का निराकरण करने के लिए जिला इकाई को निर्देशित किया। आजीविका संवर्धन के संबंध में



समस्त विकासखण्ड प्रबंधकों से किए जाने वाले कार्यो की समीक्षा के दौरान बताया गया कि विकासखण्ड लालबर्रा में फ्लाई एश ब्रिक्स इकाई स्थापित की जावेगी। विकासखंड बैहर एवं कटंगी को सीएलएफ आजीविका भवन निर्माण कार्य में आ रही समस्या का सहायक यंत्री जनपद पंचायत से दूरभाष पर चर्चा कर 02 दिवस में निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। विकासखण्ड वारासिवनी के ग्राम गर्रा-रामपायली में अगरबत्ती निर्माण कार्य किया जा रहा है साथ ही आजीविका भवन हेतु आवश्यक तैयारी कर प्रस्तान भेजने हेतु निर्देशित किया गया। जिला इकाई को शेष बचे सीएलएफ के प्रस्तानव जमा करने हेतु मनरेगा शाखा से समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया। विकासखंड वारासिवनी खैरलांजी बिरसा एवं बैहर को दीदी कैफे प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया। जिन मिशनकमीर्यों की प्रगति अच्छी रही उन्हें प्रशस्ती पत्र एवं जिन मिशनकमीर्यों की प्रगति कम पाई गई उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी कर 01 माह के अंदर प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया।

समीक्षा बैठक में आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक ओमप्रकाश बेदुआ, जिला प्रबंधक, युवा सलाहकार, सीएम फैलो एवं सहायक विकासखण्ड प्रबंधक आदि की उपस्थिति रही।

# कालिंद्री इस्पात ने नववर्ष के आगमन पर उपहार स्वरूप दिया ग्राम पंचायतों को स्ट्रीट लाइट और एंबुलेंस की सुविधा।

**समाज जागरण संवाद दाता विवेक देशमुख**

मस्तूरी ।कालिंद्री इस्पात प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बेलपान के द्वारा गुरुवार को अधिनस्थ ग्राम पंचायतो को स्ट्रीट लाइट एवं एंबुलेंस प्रदान किया गया। अब क्षेत्र के हर गांव बिजली की रोशनी से जगमग हो आएगा।

जनपद पंचायत क्षेत्र के अधिनस्थ स्थित ग्राम पंचायत कोकड़ी के आश्रित ग्राम बेलपान में स्थापित कालिंद्री इस्पात प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने अपने आसपास के 10 ग्राम पंचायत मानिकचौरी, कोकड़ी, गोबरी, भटचौरा,आमगांव, बहतरा, जैतपुरी, मनवा,रहटाटोर एवं रैलहा को 40-40 स्ट्रीट लाइट प्रदान किया गया। साथ ही इन ग्राम पंचायतों में आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने की उद्देश्य से एक एंबुलेंस भी दिया गया है। जिसका संचालन आगामी दिनों से स्वास्थ्य केंद्र मस्तूरी के द्वारा किया जाएगा।

ज्ञात हो कि 2 माह पूर्व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासियों द्वारा विभिन्न प्रकार की मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर कालिंद्री इस्पात संयंत्र को बंद करवा दिए थे इस पर प्रबंधन क्षेत्रीय व आंदोलनकारियों से के बीच बातचीत हुई जिस पर आंदोलनकारियों की 19 प्रकार की मांग पर प्रबंधन सहमति जताई थी । इसी परिप्रेक्ष्य में स्ट्रीट लाइट व एंबुलेंस की पूर्ति की गई और शेष मांग की प्रक्रिया जारी है जिसे भी भविष्य में शीघ्र ही पूरी करने की बात इस्पात के एमडी आनंद कुमार सिंघानिया ने किया । इस अवसर पर संबंधित पंचायत के सरपंच, ग्रामवासी तथा संयंत्र स्टॉप गण उपस्थित थे ।



# संत गुरू घासीदास जयंती मे एसीसी द्वारा रोजगार मेला पर लगाया स्टॉल , आस पास के ग्राम के लोगों ने लिया हिस्सा

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर । विगत दिनों मस्तुरी ब्लाक के ग्राम पंचायत पचपेड़ी में गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर ए.सी.सी. सीमेंट चिल्हाटी प्रोजेक्ट द्वारा विभिन्न शासकीय विभागों के साथ रोजगार मेला कार्यक्रम में बढ़ चढकर हिस्सा लिया गया। जिसके अंतर्गत सामाजिक उत्तरदायित्व एसीसी ट्रस्ट द्वारा रोजगार मूलक प्रयासों का प्रदर्शनी लगाकर बड़ी संख्या में युवक युवतियों एवं ग्रामीण महिलाओं को उनके स्वरोजगार एवं आजीविका संबंधी जीवंत प्रस्तुत दी गई इसके अंतर्गत ग्राम पचपेड़ी में संचालित औद्योगिक टेलरिंग प्रशिक्षण एवं रोजगार संस्था द्वारा जानकारी दी गई साथ ही लोहर्सी बोहारडीह, विधाडीह, गोडाडीह एवं भुरकुंडा के महिलाओं द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई नारी जगृति समूह लोहर्सी द्वारा मसाला का विक्रय किया गया एवं बोहारडीह के महिला द्वारा मसाला, फिनाइल का प्रदर्शनीय लगाया गया। गोडाडीह स्व सहायता समूह द्वारा दोना पत्तल का प्रदर्शनीय लगाया गया पशुधन मेला में




एसीसी ट्रस्ट में कार्यरत इअक्क्र संस्था द्वारा पशुपालन संबंध में प्रदर्शनी लगायी गई । आयोजक मिनीमाता प्रबंधन समिति पचपेड़ी द्वारा एसीसी ट्रस्ट को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एसीसी के तरफ से माइस हेड पी पी पाण्डेय एवं एसीसी टीम उपस्थित थे।

# कानपुर का पेंटर हत्याकांड : होटल मालिक के बजाय ड्राइवर को जेल भेजने की तैयारी में पुलिस

## लाइसेंसी राइफल की गोली से मौत से पहले पेंटर का होटल मालिक से हुआ था झगड़ा

सुनील बाजपेई कानपुर` यहां बीते गुरुवार की शाम एक पेंटर की गोली मारकर की गई हत्या के मामले में पुलिस होटल मालिक के स्थान पर उसके चालक की तलाश कर रही है` रावतपुर थाना क्षेत्र में हुई इस घटना यह वजह होटल मालिक और पेंटर के बीच हुई कहासुनी गाली गलौज के परिणाम से संबंधित बताई जाती है इसी के बाद उसकी गोली मारकर हत्या की गई ।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक संभव का चालक ने होटल मालिक के इशारे पर ही पेटर को गोली मारी जिसके फलस्वरूप उसकी मौत हो गई। लेकिन अब इस घटना में उकसाने के रूप में दोषी होने के बाद भी मालिक को बचाते हुए उसके चालक को ही जेल भेजने की तैयारी के जाने के बात कहीं जा रही है।

याद रहे कि बीते गुरुवार की शाम केशवपुरम निवासी योगेश परमार उर्फ गुड्डू सिंह के धामीखेड़ा में बन रहे होटल में हरदोई के बेहटा दुलारपुर गांव निवासी रवि (25) पेंटिंग और पुट्टी लगाने का काम कर रहा था। तभी गोली लगने से वह नीचे फर्श पर जा गिरा था। उसके साथ यह घटना होटल मालिक से किसी बात को लेकर विवाद और गाली-गलौज के बाद हुई थी` जिसके बाद होटल मालिक योगेश अपने चालक संदीप के साथ रवि को हैलट ले गए थे ,जहां डाक्टरों से योगेश ने काम करने के दौरान गिरकर घायल होने की बात कही थी। परीक्षण के दौरान जब डॉक्टरों ने रवि को मृत घोषित कर दिया था तो होटल मालिक और चालक शव छोड़कर भाग निकले थे। पुलिस के अनुसार गोली होटल मालिक के ड्राइवर संजय की बंदूक से चली थी। इस मामले में होटल मालिक के खिलाफ भी जांच किए जाने की जानकारी दी गई है लेकिन अन्य सूत्रों का दावा है कि इस मामले में पुलिस होटल मालिक के बजाय केवल उसके चालक को ही जेल भेजने की तैयारी कर चुकी है। जबकि मौके पर पहुंची पुलिस को प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा जो जानकारी दी गई,उसके मुताबिक वारदात से पहले होटल मालिक और रवि की किसी बात को लेकर बहस हुई थी।

पुलिस का दावा है कि वारदात के वक्त ड्राइवर बिल्डिंग के आगे वाले हिस्से में खड़ा था। जबकि घटना बिल्डिंग के पीछे के हिस्से में हुई है। ऐसे में गोली मालिक ने चलाई कि उसके ड्राइवर ने क मतलब हत्या के इस मामले में यह सवाल भी बहुत महत्वपूर्ण है। फिलहाल इस घटना में दोनों ही फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# नववर्ष पर पटौदी में होगा सुंदरकांड पाठ,रक्तदान कैंप व भंडारे का आयोजन

**पटौदी/सुरेश कोहली :**

आश्रम हरि मंदिर पटौदी के संचालक परमपूज्यनीय महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज के सानिध्य में दिनाँक 01-01-2023 को श्रीराम मन्दिर पटौदी में सुंदरकांड के पाठ व रक्तदान शिविर व तत्पश्चात भण्डारे प्रशाद का आयोजन किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार हवन यज्ञ प्रातः8:30 बजे,सुंदरकांड पाठ प्रातः 9:30 बजे व प्रसाद प्रातः11 बजे होगा। उक्त कार्यक्रम का आयोजन श्रीराम मंदिर कमेटी पटौदी के सौजन्य से किया जा रहा है।

# प्रभारी कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।( 31दिसंबर )संक्रमण के बढ़ने की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मुस्तैद हो गया है। इसी कड़ी में जिला चिकित्सालय में मॉक ड्रील की गई। प्रभारी कलेक्टर विवेक कुमार की मौजूदगी में की गई इस मॉक ड्रील में अस्पताल में कोरोना संक्रमित मरीज के लाए जाने पर उसे किस तरह से एम्बुलेंस से उतारना है और कैसे मरीज को वार्ड में भर्ती करना है इसका अभ्यास किया गया।

इस दौरान अस्पताल में ऑक्सीजन संयंत्र, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन और कोरोना संक्रमित मरीजों को भर्ती करने के लिए बनाए वार्ड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पीपीई किट और उपचार के लिए जरूरी औषधियों की जानकारी भी ली गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पांडेय, सिविल सर्जन डॉ संजय धबड़गांव एवं अन्य स्टाफ मौजूद था। प्रभारी कलेक्टर विवेक कुमार ने कोरोना संक्रमित मरीजों के उपचार की सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

### सावधान रहने की अपील

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पांडेय ने जिले की जनता से अपील की है कि वे कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सुरक्षा उपाय अपनायें। इस संबंध में की गई अपील में डॉ पांडेय ने कहा है कि



वैश्विक स्तर पर कोरोना के मरीजों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली के निदेर्शों के अनुसार बालाघाट जिले में भी जन सामान्य के स्वास्थ्य की सुरक्षा एवं जीवन रक्षा के लिए कोविड-19 कोरोना वायरस की रोकथाम हेतु सभी व्यक्तियों से अपेक्षा की गई है कि वे भीड़ वाले स्थानों पर मास्क का उपयोग करें, भीड़ वाले क्षेत्रों में अनावश्यक जाने से बचें और दो गज की सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करें। सेनेटाईजर या साबुन से बार-बार हाथ धोयें। कोरोना से संबंधित लक्षण दिखाई देने पर निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र या अस्पताल में जाकर चिकित्सक से जांच करायें और चिकित्सक की सलाह के अनुसार होम आईसोलेशन में या अस्पताल में भर्ती होकर अपना उपचार करायें।

# राहुल गांधी व शराब नीति पर जमकर भड़की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।( 31दिसंबर )अल्प प्रवास पर बालाघाट पहुंची पूर्व मुख्यमंत्री उमा



भारती ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को भारत तोड़ो यात्रा बताकर जमकर बिफरी। उमा भारती ने राहुल गांधी को पीओके पर जाकर जोड़ने की बात कही।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को पाक अधिकृत कश्मीर जाना चाहिए और वहाँ जोड़ने का कार्य करना चाहिए न कि भारत मे यात्रा निकालकर जनता को गुमराह करना चाहिए।

### शराब नीति पर बिफरी

शराब की ब्रिकी पर रोक लगाए जाने को लेकर लगातार पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती मुखर आवाज उठा रही है। जिस पर उन्होंने खुलकर बात किया। उन्होंने कहा कि शराब पर रोक लगाने को लेकर अक्सर ये बहाना बनाया जाता है कि शराबंदी होने पर जहरीली शराब बिकने लगती है जिससे लोगों की मौत होती है, लेकिन ये हकीकत बिल्कुल भी नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में शराबंदी नहीं है फिर भी मुरैना में जहरीली शराब से मौत हुई है। ऐसी ही स्थिति उत्तरप्रदेश व राजस्थान में भी निर्मित हुई है। उन्होंने की दरअसल शराबी का संबंध जहरीली शराब से बिल्कुल भी नहीं है जहरीली शराब का संबंध तो जहरीली शराब माफियाओं से है जिन्हें पुलिस, प्रशासन के साथ ही नेताओं का भी संरक्षण प्राप्त है और ये लोग लोगों की जान ले रहे है।उन्होंने यहां तक कहा कि शराब माफियाओं को मेरी बात इतनी नागवार गुजर रही है कि वे मेरी जान के पीछे ही पड़ गए हैं।

# लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत सलोनी को आगे बढ़ने में मिली मदद

**समाज जागरण/ शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।( 31दिसंबर ) लालबर्रा तहसील के ग्राम मिरेगांव निवासी सलोनी पंचेश्वर एक ऐसे परिवार मे जन्मी है जो आर्थिक रूप से अत्यन्त दयनीय स्थिति में था। बालिका के माता-पिता मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते है। बेटी की शिक्षा-दीक्षा तो दूर लालन-पालन तक बडी मुश्किल से हो पाता था। लेकिन मध्यप्रदेश शासन की लाडली लक्ष्मी योजना का सहारा मिलते ही ग्राम मिरेगांव की यह बेटी अपने गांव, जिले एवं प्रदेश की लाड़ली बन गई है। लाड़ली लक्ष्मी योजना ने सलोनी एवं उसके माता-पिता के सपनों को नया आयाम दे दिया है। बालिका सलोनी भी अब देश सेवा का जज्बा लेकर खुले आसमान में पंख पसारे उड़ने को तैयार है।



बालाघाट जिला मुख्यालय से 21 कि0मी0 दूर विकासखण्ड लालबर्रा के ग्राम मिरेगांव के निवासी उमाशंकर पंचेश्वर के घर जब प्रथम बालिका का जन्म हुआ तब वे यह सोचकर चिंतित थे कि इतनी भीषण मंहगाई के दौर में मजदूरी कर भरण-पोषण करने वाला परिवार बेटी का लालन-पालन, शिक्षा-दीक्षा कैसे कर पायेगा और उसका ब्याह कैसे रचायेंगे। जो लोग बेटियों को ईश्वर का वरदान समझ कर अपनाते हैं विधाता किसी ना किसी रूप में उनकी सहायता अवश्य करते है। इसी वरदान के फलस्वरूप मध्यप्रदेश सरकार की महत्वांकाक्षी योजना लाडली लक्ष्मी वर्ष 2007-08 में प्रारंभ की गई। बालिका सलोनी का जन्म दिनांक 19 जनवरी 2007 में हुआ था, जिस कारण वह लाडली लक्ष्मी योजना के लिए पात्र हो गई। जो परिवार बालिका का भरण-पोषण एवं बेटी के शिक्षा के लिए चिंतित था, लाडली लक्ष्मी योजना के तहत प्रदाय की जाने वाली छात्रवृति की सहायता से आज बालिका सलोनी न ही केवल उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहीं हैं बल्कि कक्षा 10 वीं में 97 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण कर पूरे जिले में प्रथम स्थान अर्जित कर चुकी है। बालिका सलोनी की इस सफलता ने परिवार के साथ-साथ ग्राम एवं जिले को भी गौवरान्वित किया है।

जो परिवार बालिका के जन्म के समय उसके पालन-पोषण एवं विवाह को लेकर चिंतित था, वह आज मध्यप्रदेश शासन की लाडली लक्ष्मी योजना से लाभ प्राप्त कर बालिका को उच्च से उच्च शिक्षा प्रदान करवाना चाहता है। ताकि बालिका का स्वयं का जीवन यापन उस परिस्थिति में न हो, जिसमें उसका परिवार करता आया है। वहीं दूसरी ओर बालिका कुमारी सलोनी पंचेश्वर का कहना हैं कि लाडली लक्ष्मी योजना ने उसे इस काबिल बना दिया है कि वह अब उच्च शिक्षा प्राप्त कर स्वयं के परिवार, प्रदेश और देश के लिये कुछ कर गुजरना चाहती है। अब उसे भविष्य की चिन्ता नहीं है क्योकि लाड़ली लक्ष्मी योजना-2.0 के तहत अब उसकी उच्च शिक्षा एवं उज्जवल भविष्य की रुपरेखा मध्यप्रदेश शासन ने तैयार कर दी हैं।

# कांग्रेस नेता जयंत मनहर गुरु घासीदास जी की जयंती मे हुए शामिल

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर । मस्तूरी विधानसभा के ग्राम देवगांव में परमपूज्य गुरु घासी दास बाबा जी के जयंती समारोह में जैत खाम में झंडा चढ़ाने कांग्रेस नेता जयंत मनहर पहुँचे। उन्होंने देवगांव के सरपंच भारत खांडेकर का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। मनहर ने कहा इस पावन जयंती के अवसर मे मुझे आमंत्रित कर यह सौभाग्य प्रदान किया, साथ ही इस गांव की पावन धरा को नमन करता हूँ, जहाँ मुझे बाबा जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस आशीर्वाद के लिए ग्राम देवगांव के हर बड़े बुजर्गो,माताओं, एवं भाइयों और बहनो का आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके आशीर्वाद से ये सम्मान प्राप्त हुआ। बाबा गुरु घासी दास जी से ये कामना करता हूँ की हमारा समाज बिना किसी भेदभाव के हमेशा ऐसे ही आगे बढ़े, उन्नति करे और उचाईयों को छूता रहे ।



# "मां हीराबेन ने राष्ट्र को दिया कोहिनूर हीरा"

## मस्तूरी में भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख बिलासपुर ।**

भाजपा के मस्तूरी स्थित पार्टी कार्यालय भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर शोक सभा आयोजित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री व मस्तुरी विधायक मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के रूप में मां हीराबेन मोदी ने राष्ट्र को एक कोहिनूर हीरा दिया जिसकी चमक आज सारी दुनिया को दिखाई दे रही है उन्होंने आगे कहा कि मां हीराबेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ह्लकाम करो बुद्धि से जीवन जियो शुद्धि सेह्व का मूल मंत्र दिया और उसी मूल मंत्र को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी ईमानदारी और कर्मठता के साथ राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभा रहे हैं और उनके नेतृत्व में भारत मजबूती के साथ



वैश्विक पटल पर दिखाई पड़ रहा है। मस्तूरी मंडल अध्यक्ष विजय अंचल ने कहा कि नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन का जाना भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। नरेंद्र मोदी जैसा उनका बेटा आज भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं। देश मां हीराबेन का सदैव ऋणी रहेगा।

श्रद्धांजलि सभा में रहे यह शामिल मस्तूरी विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ,मंडल अध्यक्ष भाजपा विजय अंचल महामंत्री अजय सिंह सोहर चंदेल लिमतरा सरपंच फूलचंद बंजारे भुनेश्वर पटेल विधायक प्रतिनिधि संतोष मिश्रा, इंद्रजीत चौधरी मनोज यादव बाबा शर्मा सौरभ शुक्ला रिंकु त्रिपाठी भाजयुमो मंडल महामंत्री अंकित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डा. डी. एस. मुणगेकर एवार्ड से सम्मानित हुए डा.सूर्यकांत

## चिकित्सा एवं रिसर्च के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए मिला सम्मान!

**संवाददाता विवेक कुमार**
**समाज जागरण**

लखनऊ, 30 दिसम्बर। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के



रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सूर्यकान्त को चिकित्सा एवं रिसर्च के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए डा. डी. एस. मुणगेकर एवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह एवार्ड वर्ष 1974 से हेल्थ साइंसेस के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए डिपार्टमेन्ट ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, भारत सरकार एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दिया जाता है।

डा. सूर्यकान्त को इस एवार्ड से आईएमए की 97वीं आल इंडिया मेडिकल कांफ्रेंस (26 से 28 दिसम्बर 2022) प्रयागराज, उप्र में सम्मानित किया गया। हाल ही में डा. सूर्यकान्त को विश्व के टॉप 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की श्रेणी में भी स्थान प्राप्त हुआ है। डा. सूर्यकान्त आईएमए, लखनऊ के अध्यक्ष एवं उप्र आईएमए एकेडमी ऑफ मेडिकल स्पेशलिटीज के चेयरमैन रह चुके हैं एवं वर्तमान में आईएमए-एएमएस के राष्ट्रीय वायस चेयरमैन हैं।

ज्ञात रहे कि डा. सूर्यकान्त केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में 18 वर्ष से प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं एवं 11 वर्ष से विभागाध्यक्ष के पद सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा वे चिकित्सा विज्ञान सम्बंधित विषयों पर 19 किताबें भी लिख चुके हैं तथा एलर्जी, अस्थमा, टी.बी. एवं कैंसर के क्षेत्र में उनके अब तक लगभग 700 शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय जनरलस में प्रकाशित हो चुके हैं साथ ही 2 यूएस पेटेन्ट का भी उनके नाम श्रेय जाता है तथा लगभग 200 एमडी/पीएचडी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन, 50 से अधिक परियोजनाओं का निर्देशन, 20 फैलोशिप, 13 ओरेशन एवार्ड का भी श्रेय उनके नाम ही जाता है। 20 से अधिक जनर्लस के सम्पादकीय सलाहकार बोर्ड के सदस्य होने के साथ-साथ लगभग 24 नेशनल एवं इंटरनेशन गाईडलाइन्स एवं एक्सपर्ट कमेटियों के सदस्य हैं। ज्ञात रहे उन्हें अब तक अन्तरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा 165 से अधिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। जिसमें उ0प्र0 का विज्ञान के क्षेत्र का सर्वोच्च पुरस्कार विज्ञान गौरव सम्मान भी शामिल है। ज्ञात रहे कि डा. सूर्यकान्त कोविड टीकाकरण के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। इसके साथ ही चेस्ट रोगों के विशेषज्ञों की राष्ट्रीय संस्थाओं इण्डियन चेस्ट सोसाइटी, इण्डियन कॉलेज ऑफ एलर्जी, अस्थमा एण्ड एप्लाइड इम्यूनोलॉजी एवं नेशनल कालेज ऑफ चेस्ट फिजिशियन (एनसीसीपी) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं तथा इण्डियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन के मेडिकल साइंस प्रभाग के भी राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके है। वे पिछले 25 वर्षों से अधिक समय से अपने लेखों व वार्ताओ एवं टी.वी. व रेडियो के माध्यम से लोगो में एलर्जी, अस्थमा, टी.बी, कैंसर जैसी बीमारी से बचाव व उपचार के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं।

# मस्तुरी पूर्व विधायक लहरिया ने छत्तीसगढ़ प्रभारी सैलजा के प्रथम आगमन पर स्वागत कर किया मुलाकात

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**



बिलासपुर । राजीव भवन रायपुर में पूर्व केंद्रीय मंत्री,अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी कुमारी सैलजा से पूर्व विधायक दिलीप लहरिया ने सौजन्य भेंट मुलाकात करके प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन पर स्वागत अभिनंदन किया।

# कटोरिया में पदस्थापित रोजगार सेवक की सड़क दुर्घटना में मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने संवेदक के खिलाफ शव को सड़क पर रखकर बेलहर देवघर मुख्यमार्ग को किया जाम

**दैनिक समाज जागरण बेलहर संवाददाता सदानंद पंडित**

बांका जिले के बेलहर झाझा मुख्य मार्ग के बस माता भेड़िया बथान के पास सड़क पर बने डायवर्सन में एक पीआर एस ठोकर लग जाने से गड्ढे में गिर कर जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार रोजगार सेवक पिपराडीह निवासी प्रमोद कुमार किस्कू कटोरिया प्रखंड से अपने कार्य को निष्पादन कर शाम में घर वापस जा रहे थे कि बेलहर झाझा मुख्य मार्ग के भेड़िया बथान के पास बने डायवर्सन को पार करते वक्त ठोकर लग जाने से गड्ढे में गिर गया। जहां रोजगार सेवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने जख्मी को स्वास्थ्य केंद्र बेलहर ले गया। जहां पर चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए बांका सदर अस्पताल भेज दिया जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी परिवारवालों को मिलते ही



रो रो कर बुरा हाल हो गया है। इधर शुक्रवार की सुबह पीआर एस की मौत की खबर गांव एवं उनके चेहतों को मिलते ही आक्रोशित लोगों ने भेड़िया बथान के पास बने डायवर्सन पर नाराजगी जाहिर करते हुए संवेदक के खिलाफ आक्रोशित लोगों ने शव को लेकर बेलहर देवघर मुख्यमार्ग को जाम कर दिया। साथ ही आक्रोशित लोगों ने संवेदक व प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सड़क जाम की खबर स्थानीय प्रशासन को मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है लेकिन ग्रामीणों ने संवेदक के उपर कारवाई करने सहित बातों को लेकर मुख्यमार्ग को जाम किए हुए है।इस सड़क जाम से दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लगी हुई है। जिससे इस कननी फरी ठंड में यात्रियों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है।

# सुइया पुलिस को मिली कामयाबी 51पेटी विदेशी शराब के साथ प्रयुक्त वाहन किया जप्त

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला ब्यूरो उमाकांत साह**

बांका/चांदनः-प्रखंड क्षेत्र के सुइया थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुआ है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार 30 दिसंबर को अहले सुबह थाना अध्यक्ष मनीष कुमार ए एस आई शिवराज उरांव व पुलिस बल ने वाहन गस्ती में कटोरिया सुइया मुख्य मार्ग के गडुवा जंगल के करीब महेशमारा मोड़ के समीप देवघर की ओर से आ रहे आलू प्याज लोडेड पिकअप वाहन को रोकने का इसारा किया। जहां पुलिस को देखते ही वाहन चालक सह शराब तस्कर गाड़ी छोड़ कर जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। वहीं वाहन कि तलाशी लेने पर 51 पेटी विदेशी



शराब बरामद की गई। जिसमें 180' का 719 बोतल 375' का 600 बोतल 750' की 132 बोतल कुल 453 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया, साथ ही प्रयुक्त वाहन को कब्जे लेकर थाना लाया गया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि जप्त किए गए शराब लोडेड वाहन नम्बर से मालिक का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल बिहार मद्द उत्पाद अधिनियम का मामला दर्ज कर लिया गया है।

# फुल्लीडुमर प्रखंड क्षेत्र के फुल्लीडुमर -भौरामोड़ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण कार्य का सांसद एवं विधायक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह फुल्लीडुमर /बांका**

शुक्रवार को फुल्लीडुमर प्रखंड क्षेत्र के 01 एवं बेलहर प्रखंड के 04 प्रधानमंत्री सड़क निर्माण कार्य का बांका सांसद गिरधारी यादव एवं बेलहर विधायक मनोज यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवम नारियल फोड़कर किया शिलान्यासे वही फुलीडूमर प्रखंड क्षेत्र के फुलीडूमर से भौरामोड सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास शुक्रवार को अपराहन 3:00 बजे सांसद एवं विधायक द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया`जिस सड़क की लंबाई 7.630 किलोमीटर है वहीं शिलान्यास के मौके पर सांसद



गिरधारी यादव एवं विधायक मनोज यादव ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की समस्या के समाधान एवं क्षेत्र के विकास हेतु वे हमेशा प्रयासरत हैं वहीं शिलान्यास के मौके पर फुल्लीडुमर प्रखंड प्रमुख गौतम प्रकाश, उप प्रमुख बेनी शंकर यादव, फुल्लीडुमर प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह कैथा पंचायत के मुखिया चंदन कुमार, पैक्स अध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व प्रमुख रामानंद यादव, लोकनाथ यादव, रामानंद यादव, संजय मांझी, प्रमुख प्रतिनिधि प्रसेनजीत कुमार राय, बम बम यादव ,अनिरुद्ध भगत, अनुजानंद अनुज सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे

# बढ़ते कप कपाती ठंड को देखते हुए सीओ ने कराया अलाव की व्यवस्था

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला ब्यूरो उमाकांत साह**

चांदन/ बांकाः पिछले 4 दिनों से प्रखंड क्षेत्र में पड़ रही ठंड के कारण आम जनों को घर से निकलना दुभर हो गई है, जहां रोजमर्रा के काम करने वाले लोगों को काफी परेशानी की सामना भी करना पड़ रहा है। बता दें कि जानकारों के मुताबिक रात में तापमान 10 डिग्री तक तो दिन में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज कि गई है। जिसे देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर चांदन सिओ प्रशांत शांडिल्य द्वारा चांदन मुख्यालय स्थित गांधी चौक, चांदन बस स्टैंड, अस्पताल परिसर, ब्लॉक गेट के समीप अलाव व्यवस्था किया गया है। हालांकि शुक्रवार देर शाम को अलाव की व्यवस्था होने से लोगों में तरह-तरह की आलोचनाएं करते देखा गया। तो कुछ लोगों ने बताया कि अलाव की व्यवस्था सिर्फ खानापूर्ति किया गया है। जबकि इस संबंध में चांदन सीओ प्रशांत शांडिल्य ने बताया कि ठंड से बचने के लिए एवं कप कपाती ठंड को देखते हुए प्रखंड मुख्यालय के जगह जगह पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है। अलाव की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। बाकी जगह पर लोगों की मांग होने पर वहां भी अलाव की व्यवस्था कराई जाएगी।

# मंदार पर पिकनिक मनाने आए सैलानी,सुबह से ही जुटने लगे मंदार में पिकनिक प्रेमी

- **पिकनिक प्रेमियों से पटा मंदार व इसके आस पास के पिकनिक स्पाट**
- **लक्ष्मीपुर की मनोरम वादियों के बीच चांदन डैम में भी पिकनिक प्रेमी जुटे**

**दैनिक समाज जागरण।**
**निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांकाः-पूर्व बिहार के सबसे बडे.पिकनिक स्पॉट मंदार सैलानियों के लिए सज धज कर पूरी तरह से तैयार हो गया है। साल के अंतिम दिन पुराने साल को विदा करने पिकनिक स्पॉट मंदार में हजारों की संख्या में पिकनिक प्रेमी मंदार पहुंचे और अपने अंदाज में पुराने वर्ष को विदा किया। वहीं आज बिहार सहित अन्य राज्यों से करीब 50 की संख्या में पिकनिक प्रेमियों के पहुंचने की संभावना है। पिछले दो दशक से मंदार पर्वत पिकनिक प्रेमियों की सबसे पसंदीदा स्पाट रहा है। यही वजह है कि 1 जनवरी को पिकनिक मनाने वालों की तादात यहां उमड़ पड़ती है। 30 दिसंबर से ही मंदार मे पिकनिक प्रेमियों ने अपना पड़ाव डाल दिया है। शुक्रवार को सैकड़ो की संख्या में आयी युवक युवतियों के दल ने मंदार में मोबाईल फोन से तस्वीरें उतार रही थी। इसके बाद पर्वत के ऊपर तक जाकर पर्वत का अवलोकन किया। वहीं दुमका, देवघर, गोड्डा, भागलपुर सहित अन्य जिलों से आकर परिवार सहित पिकनिक का आंनद उठाया। ताजी खिली धूप की वजह से काफी संख्या में पिकनिक प्रेमी मंदार पहुंचे। प्राकृतिक मनोरम वादियो से घिरे मंदार पर्वत पर हर वर्ष कि तरह इस साल भी हजारो सैलानी सपरिवार घुमने व पिकनिक का आनंद लेने पहुचेगें। आज करीब 40 हजार की



संख्या में लोग पिकनिक मनाने जुटेंगे। जो पर्वत सहित आस पास के मंदार वन में खाना बनाकर खाएंगे और डीजे की धुन पर थिरकेंगे। मंदार पर्वत पर देखी अनदेखी दर्जनो गुफाए हैं जो सैलानियो को विशेष आकर्षित करती है। सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। खासकर महिला पुलिस की तैनाती जरुरी है। दुसरी तरफ मेडिकल की टीम मंदार में एक जनवरी को होना अत्यंत जरुरी है। इसके अलावे मंदार के आस पास कई अन्य पिकनिक स्पाट हैं। जहां पर एक जनवरी को भीड़ रहने की संभावना है। लक्ष्मीपुर स्थित चांदन डैम -लक्ष्मीपुर की मनोरम वादियों के बीच बना चांदन डैम में तो पिकनिक प्रेमियों का सैलाब उमड़ता है। बौंसी से 25 किमी दूर चांदन नदी पर स्थित लक्ष्मीपुर डैम अद्भुत जल संग्रह एवं कई रहस्यो को समेटे आज भी सैलानियो को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां पर भी कल करीब 20 हजार की संख्या में पिकनिक प्रेमी जुटेंगे। प्रकृति प्रेमी व शांति प्रिय लोग नव वर्ष के मौके पर हजारो की संख्यां में पिकनिक मनाने यहां आते है। डैम के आस पास यहां काफी पिकनिक स्पांट है जहां सैलानियो को प्रवास के लिए मशक्कत नहीं करनी पड़ती।

# फुल्लीडुमर थाना की पुलिस 26 लीटर महुआ शराब एवं 2.25 लीटर विदेशी शराब के साथ कुमारपुर गांव के एक शराब कारोबारी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

फुल्लीडुमर थाना की पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार दिन के 10:30 बजे कुमारपुर गांव से एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है फुल्लीडुमर थाना के पुलिस पदाधिकारी से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार शराब बिक्री की गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के कुमारपुर गांव में शुक्रवार को पुलिस ने राकेश सिंह पिता रवि सिंह के घर छापेमारी की गई जहां राकेश सिंह को पांच -पांच लीटर महुआ शराब के दो प्लास्टिक डिब्बे के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया वहीं पूछताछ के दौरान गिरफ्तार व्यक्ति के घर के केला गाछ के पास ढंककर



रखे 16 लीटर महुआ शराब एवं 2.25 लीटर विदेशी शराब को भी जप्त किया गया आगे पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि कुल 26 लीटर महुआ शराब एवं 2.25 लीटर विदेशी शराब जप्त को किया गया वहीं शराब के साथ रंगे हाथ शराब कारोबारी राकेश सिंह को भी थाना अध्यक्ष आलोक कुमार के नेतृत्व में एएसआई बलबीर विलक्षण, बीएमपी जवान एवं चौकीदार के सहयोग से गिरफ्तार कर थाना लाया गयो जहां शनिवार को विधि सम्मत कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर फुल्लीडुमर अस्पताल में गिरफ्तार व्यक्ति की कोविड-जांच कराकर पुलिस अभिरक्षा में बांका जेल भेज दिया जाएगा

# नशा मुक्ति अभियान को लेकर जागरुकता रथ को किया रवाना

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका**

नशा छोड़ो घर को जोड़ो', सेहत दौलत सब की दुश्मन है शराब, परिवार और समाज को करती है बर्बाद' सहित अन्य जागरूकता नारों के गूंज के बीच पंजवारा में शुक्रवार को पुलिस पब्लिक द्वारा आयोजित नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत पंजवारा संकटमोचन चौक से जागरूकता रथ को रवाना किया गया। इसको लेकर पंजवारा थाना परिसर से रैली निकालकर पंजवारा संकटमोचन चौक पहुंच जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर बौंसी सर्किल इंस्पेक्टर अमेरिका राम,पंजवारा थानाध्यक्ष अनिल कुमार



साव ,समाजसेवी अमरकांत जायसवाल ,उपस्थित महिलाओं एवं युवक युवतियों द्वारा रवाना किया गया। सर्किल इंस्पेक्टर अमेरिका राम ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान को लेकर क्षेत्र के सभी गांवों में इस जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को शराब के खतरे को लेकर जागरूक किया जाएगा।मौके पर पंजवारा थाना में पदस्थापित एसआई विपिन कुमार,एएसआई मनोज कुमार सिंह, रणधीर कुमार,पंचायत के उपमुखिया प्रेमशंकर मांझी,राजद पंचायत अध्यक्ष रामजी भगत, वार्ड सदस्य मृत्युंजय कापरी, कामेश्वर दास,ग्रामीण भोपाल सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# 1 जनवरी से गरीबों को मुफ्त मिलेगा राशन प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना दिसंबर20 22 से बंद।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।**

जन वितरण प्रणाली दुकान से अनाज लेने वाले गरीबों के लिए सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है।

1 जनवरी 2023 सोमवार से राशन कार्ड धारियों को जन वितरण प्रणाली के दुकान से 1 साल तक मुफ्त अनाज मिलेगा। अनाज के बदले गरीबों से जन वितरण प्रणाली के विक्रेता द्वारा पैसा नहीं लिया जाएगा।

अगर किसी डीलर के द्वारा अनाज के बदले पैसा लिया गया तो कड़ी कार्रवाई करेगी।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 1 जनवरी 2023 से एनएफएसए के तहत गरीबों को सरकार द्वारा निशुल्क राशन जन वितरण प्रणाली के दुकान से दिया



जाएगा। साथ ही सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को दिसंबर 22 से बंद कर दिया । अब सिर्फ गरीबों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 5 किलो प्रति व्यक्ति अनाज मुफ्त दिया जाएगा। जबकि जन वितरण प्रणाली के विक्रेता द्वारा दिसंबर माह के खाद्यान्न के लिए राज्य खाद्य निगम को जो पैसा दिया गया है।वह राशि जन वितरण प्रणाली विक्रेता के खाते में वापस कर दिया जाएगा। खाद्यान्न वितरण का मार्जिन मनी का भुगतान 90 प्रति क्विंटल की दर से प्रत्येक महीने पीडीएस डीलर के खाते में निरंतर भेज दिया जाएगा। वही जिस डीलर के पास प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का अनाज शेष रहेगा उसे एनएफएसए के तहत वितरण करने का आदेश दे दिया गया है।

# कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने लिया मंदार का जायजा

**दैनिक समाज जागरण।**
**निज संवाददाता बौंसी।**

बौसी/बांकाः- भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह शुक्रवार को मंदार पहुंचे। पार्टी के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों के साथ मंदार में आयोजन होने वाले भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों के स्थल का उन्होंने जायजा लिया।

इस दौरान कार्यकताओं ने फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष आयोजन स्थल मंदार बायोडायवर्सिटी पार्क के समीप गए। जहां पर मंच बनने वाले स्थल को उन्हों ने निरीक्षण किया। इसके बाद अद्वैत मिशन स्थित बनने वाले



हेलीपैड स्थल का भी निरीक्षण किया।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि, राहुल गांधी जी की भारत छोड़ो यात्रा का समर्थन में मंदार से यात्रा आरंभ होगी जो बोधगया में जाकर संपन्न होगी। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत तमाम बड़े बड़े नेता पहुंचेंगे। यह यात्रा ऐतिहासिक होगी। बाद में वह गुरुधाम गए। जहां पर पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, परवेज जमाल, सुनैना झा, विनय कुमार कापरी, महेश झा, रमाशंकर रवि सहित अन्य मौजूद थे।

# सीएलएफ स्तरीय प्रदान द्वारा जल एवं स्वच्छता का दिया प्रशिक्षण

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला ब्यूरो उमाकांत साह**

बांका/चांदनः-प्रखंड क्षेत्र के दक्षिणी बारने पंचायत के भैरोपुर गांव में 30 दिसंबर शुक्रवार को गंगोत्री CLF में जल एवं स्वच्छता के विभिन्न योजनाओं का प्रदान के प्रोजेक्ट समन्वयक सरोज कुमार की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित की गई। प्रशिक्षण में सीएलएफ से संबंधित योजनाओं का विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। साथ ही सभी दीदियों को शौचालय का निर्माण का प्रक्रिया एवं उसके महत्व के बारे में बताया गया क प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि पहले से बने हुए शौचालय का रिपेयर, रिनोवेशन और रेट्रोफिटिंग कैसे किया जाना है जिससे सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजना धरातल पर दिख सकें और गांव कस्बों में रहने वाले लोगों इस योजना से लाभान्वित होंगे। साथ ही साथ वाटर फिल्टर, वर्षा जल संचयन एवं विकलांगों एवं बूढ़े- बुजुर्गों के लिए बनने वाला स्पेशल टॉयलेट के बारे में भी जानकारी दिया गया। इस बैठक में सभी दीदी को 5F चार्ट जिससे



कि यह पता चलता है, कि किस प्रकार गंदगी एवं शौचालय के नहीं होने से बीमारी हमारे घर तक पहुंचती है, इस ट्रेनिंग के बाद सभी दीदियों ने अपने समूह में अपने गांव में शौचालय बनाने शौचालय का कार्य करने एवं अन्य सभी स्वच्छता में कैसे जुड़े साथ ही इस योजना के तहत लोन प्रोडक्ट को अपने गांव में करवाने का निर्णय लिया। आज के प्रशिक्षण में मुख्य रूप से प्रतिभागी CM दीदी एवं VRP दीदी आदि मौजूद थी। प्रदान के समन्वयक सरोज कुमार ने बताया की सभी दीदी ग्राम संगठन में शामिल होकर कार्य करती है, प्रशिक्षण के बाद एक बैठक आयोजित कर महत्वपूर्ण बिंदु पर चर्चा करते हुए सीएलएफ के माध्यम से जल एवं स्वच्छता से लाभान्वित होने निर्णय लिया। इस मौके पर PRADAN की तरफ से सरोज कुमार ( PROJECT COORDINATOR) अशोक कुमार (WASH COORDINATOR) एवं इनोसेंट हँसदा( MANTOR), जीविका की ओर से प्रमोद कुमार (CC) भी इस मीटिंग में शामिल हुए इस मीटिंग में कुल 80 उट एवं श्फ्ढ दीदी शामिल हुए। विदित हो कि इस प्रोजेक्ट के माध्यम से water.org वित्तीय सहायक संस्था एवं PRADAN एक तकनीकी संस्कृति संस्था के रूप में कार्य कर रही है। जिसे स्वच्छ फेस प्रोजेक्ट का नाम से जाने जाते हैं।

# अज्ञात अपराधियों ने 24 वर्षीय युवक को मारी गोली, मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान लेकर हुए फरार

**दैनिक समाज जागरण।**
**निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- बौंसी हंसडीहा स्टेट हाईवे पर श्याम बाजार के समीप 24 वर्षीय युवक को अपराधियों ने दाएं हाथ में गोली मारी। लूटपाट के क्रम में बदमाशों ने दिया अपराधिक घटना को अंजाम। युवक की पहचान श्यामबाजार निवासी गौरव कुमार पिता मृत्युंजय चौधरी के रूप में हुई है। युवक को बौंसी रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद डॉक्टर उत्तम कुमार ने बताया कि, युवक की गोली बाहर निकल गई। युवक खतरे से बाहर है। सुरक्षित है। चिकित्सक ने इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु मायागंज रेफर कर दिया। दूसरी तरफ इस घटना के संबंध में जख्मी युवक के भाई



बंकटेश कुमार ने बताया कि, जख्मी युवक अदानी पावर प्रोजेक्ट में कार्य करता है और 4 सालों से प्रतिदिन संध्या में ड्यूटी समाप्त कर घर आता था। शुक्रवार की शाम भी वह घर जा रहा था कि, पीछे से पीछा कर रहे बाइक सवार बदमाशों ने श्याम बाजार से पहले उसे रोक लिया और बाइक छीनने लगे। इसका विरोध करने पर उसने गोली चला दी। गोली युवा के दाहिने हाथ में लगी बदमाश जख्मी युवक का ग्लैमर बाइक, नगद रुपए एवं आई कार्ड लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय, एसआई ज्योति कुमारी सहित अन्य पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंचे एवं मौका ए वारदात पर पहुंचकर छानबीन आरंभ कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अपराधी जो भी होंगे, उसे जल्द पकड़ा जाएगा।

# भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बेलहर के ठाकुरवाडी में मनाया शोक सभा

**दैनिक समाज जागरण बेलहर संवाददाता सदानंद पंडित**

प्रखंड क्षेत्र के ठाकुरबाड़ी में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मां हीराबेन जी के निधन पर भारतीय जानता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बेलहर ठाकुरबाड़ी परिसर में शोकसभा का आयोजन किया |वहीं सभी कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रख कर उनकी



दिवंगत आत्मा कि शांति की प्रार्थना की |साथ ही साथ उनकी तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस दुखद घड़ी में माननीय मोदी जी एवं उनके परिजन के लिए धैर्य की कामना ईश्वर से प्रार्थना की इस शोक सभा उपस्थित कार्यकर्ताओं में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मृगेंद्र सिंह ,उपप्रमुख सुंदर बेसरा ,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास आनंद, महामंत्री रामचंद्र साह ,विनोद सिंह ,पंकज पंडित, बालकृष्ण शर्मा ,श्याम सुंदर सिंह ,कुंदन सिंह ,संकेष कुमार, दयानंद ताती ,शेखर सिंह, नारायण ताती ,चंदन कुमार ,रंजीत भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सांसद व विधायक ने संयुक्त रूप से तीन सड़कों का किया शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण बेलहर संवाददाता सदानंद पंडित**

बांका सांसद गिरधारी यादव व बेलहर विधायक मनोज यादव ने बेलहर के



तीन सड़कों का शिलान्यास संयुक्त रूप से किया। वही तीन सड़कों में बेलहर से चिरोता ,जबकि बेलहर से तेलिया कुमारी तथा बेलहर से फुल्लीडुमर तक सड़कों का शिलान्यास किया गया। वहीं मुख्य रूप से बताया गया कि बेलहर क्षेत्र के एक भी ऐसा नहीं बचेगा, जहां की ग्रामीणों को बाजार से जोड़ा नहीं जा सके। इस मौके पर उपस्थित बेलहर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सूरज हांसदा,तेलिया कुमारी पंचायत के मुखिया चुंकेश्वर हांसदा, घोरबहियार पंचायत के मुखिया रामानंद पंडित, बेलहर वार्ड संघ के अध्यक्ष पीयूष कुमार, मुखिया व सांसद प्रतिनिधि नदेश्वरी यादव , बसमाता पंचायत मुखिया विजय हांसदा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पानी की किल्लत से जूझता ग्रामीण

**बांका/कटोरिया जयपुर से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका कटोरिया प्रखंड जयपुर थाना क्षेत्र के कोल्हासार पंचायत का वार्ड नम्बर दो पलनियाँ में इन दिनों ग्रामीण पेय जल की किल्लत से खासा परेशान हैं ।गॉव में पंचायत के द्वारा जल नल योजना के तहत जल मीनार तो बनाई गई है पर दो साल से बेकार पड़ा गॉव की शोभा की बस्तु बन कर रह गई है कजिसे देखने सुनने वाला कोई नहीं है कवार्ड सदस्य सरिता देवी के अनुसार गॉव में पी एच ई डी ने पॉच चापाकल लगवाये हैं पर तीन चापाकल बेकार पड़ा हुआ है कएक चापाकल वार्ड सदस्य के दरवाजे पर है पर पानी नहीं मिलता है क एक चापाकल . प्रमोद यादव के कर पोखर टोला में है पर तकनीकी कारणों से पानी कम आता है ॥ और दो चापाकल गॉव पलनियॉ के



सामुदायिक भवन के सामने है जिसमें एक चापाकल बेकार पड़ा है ।जब कि एक चापाकल काम कर रहा है जिससे कि जर्र जर्र सामुदायिक भवन में चल रहे प्राथमिक विद्यालय एंव आँगनबाड़ी के बच्चे की प्यास बुझाते है कस्कूल के पास एंव वकील ठाकुर के घर के सामने की चापाकल काम कर रहा है जिससे गाँव के 250 घर के 1500 ग्रामीण अपनी प्यास बुझा रहे हैं । ग्रामीणो में शुरेश राऊत गुली राऊत उदय राऊत देवनारायण यादव प्रमोद यादव दीपेश यादव आदि ने बताया कि इस बार अल्प वृष्टि से जल श्रोत कमजोर पड़ गया है और पानी की सुविधा से आम ग्रामीण खासा परेशान हैं ॥ गॉव का कुआँ भी फरवरी मार्च में सूख जाता है । अभी तो साल का अन्त हो रहा है गरमी का मौसम आना बाँकी है।

# फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के मां के निधन पर जताई गहरी शोक।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।**

बिहार प्रदेश फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सचिदा तिवारी सहित कटोरिया प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के डीलरों ने प्रधानमंत्री के मां के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि समर्पित किया। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री जी के मां हीराबेन की निधन गुरुवर रात्रि को गुजरात के अस्पताल में हो गया। वे 100 वर्ष के थे। शोक संवेदना व्यक्त कर करने में बिहार प्रदेश फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के महामंत्री वरुण कुमार सिंह, ऑल इंडिया फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री प्रह्लद मोदी, फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के राष्ट्रीय महामंत्री विशंभर वासु तथा फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओंकार नाथ झा ने शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि इस दुख की घड़ी में बिहार प्रदेश के 55 हजार डीलर उनके साथ है।

# फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र के नगरडीह गांव में हुए मारपीट की घटना में फिर शुक्रवार को दो अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र के नगरडीह गांव में दो पक्षों में हुए मारपीट की घटना में दोनों पक्षों द्वारा दर्ज प्राथमिकी में शुक्रवार को फिर फुल्लीडुमर थाना की पुलिस दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है फुल्लीडुमर थाना



से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को मारपीट की हुई घटना में गुरुवार को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर पहले जेल भेज चुकी है वहीं शुक्रवार को फिर दो नामजद अभियुक्त फौदी यादव एवं सीताराम यादव दोनों ग्राम नगरडीह को थानाध्यक्ष आलोक कुमार के नेतृत्व में एएसआई महेंद्र सिंह ,सहायक एसआई बलबीर विलक्षण एवं बीएमपी जवानों के सहयोग से गिरफ्तार किया गयो जिसका शुक्रवार को फुल्लीडुमर अस्पताल में कोविड-जांच के बाद पुलिस अभिरक्षा में न्यायिक हिरासत में बांका जेल भेज दिया गया है

# सर्प का विष : दबोचा गया भारत मे पहुंचते ही अंतरराष्ट्रीय तस्कर!

## बांग्लादेश से आयात करके नेपाल में खपाने की योजना विफल।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज)। फांसीदेवा के विधाननगर के मुरलीगंज में करोड़ों रुपये की सांप के जहर के साथ दो तस्करों को हिरासत में लिया गया है । हिरासत में लिए गए अभियुक्तों के नामे मोहम्मद कलीमुद्दीन और जुबेर खान बताए हैं । कलीमुद्दीन इस्लामपुरे और जुबेर खान आंध्रप्रदेश का निवासी है। घोषपुकुर वन विभाग के रेंजर सोनम भूटिया ने बताया कि घोषपुकुर वन विभाग और एसएसबी जवानों के संयुक्त अभियान में यह सफलता मिली है । गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि सांप का जहर को तस्करी के लिये बांग्लादेश से मालदा के रास्ते नेपाल लाया जा रहा है । मद्देनजर वन विभाग व वाइल्ड लाइफ कंट्रोल



ब्यूरो के अधिकारियों ने अभियान चलाकर एक संदिग्ध बाइक जब्त किया । इसके बाद तलाशी के दौरान बुलेट प्रूफ कांच के जार से करीब 2 किलो 529 ग्राम सांप का जहर बरामद किया गया । इस संबंध में कार्शियांग के एडीएफओ दीपेन विश्वकर्मा ने बताया कि आवश्यक करवाई के बाद हिरासत में लिए गए अभियुक्तों को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया जाएगा । फिलहाल पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बताते चले कि इसके पूर्व भी गत 15 अक्टूबर को फांसीदेवा के मुरलीगंज इलाके के घोषपुकुर में वनविभाग ने अभियान चलाकर फ्रांस निर्मित बुलेट प्रूफ कांच के जार से करीब 2 किलो 517 ग्राम सांप के जहर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था ।

# जीएन पुस्तकालय सह संग्रहालय सचिव का निधन से हुई अपूर्णनीय क्षति

## एसडीएम सहित सैकड़ों बुद्धिजीवियों ने पुष्प माला अर्पित कर दिया श्रद्धांजलि

पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश दुल्हिन बाजार/ गुरुवार की रात प्रखण्ड क्षेत्र के भरतपुरा गांव स्थित देश के सांतवे सबसे बड़े गोपाल नारायण सार्वजनिक पुस्तकालय सह संग्रहालय के सचिव ध्रुपद नारायण सिंह की निधन इलाज के दौरान पटना स्थित आइजीआइएमएस अस्पताल में हो गया। जिनकी पार्थिव शरीर शुक्रवार को पैतृक गांव भरतपुरा पहुंचते ही अंतिम दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। वही पालीगंज एसडीएम मुकेश कुमार व चिकित्सक डॉ. श्यामनन्दन शर्मा सहित सैकड़ों अन्य बुद्धिजीवियों ने श्रद्धांजलि दिया।

प्राप्त सूचना के अनुसार एक माह पूर्व से ही ध्रुपद नारायण सिंह की तवियत कुछ खराब चल रही थी। इसके बावजूद भी संस्था से जुड़कर सचिव के पद पर योगदान देते हुए उन्होंने संस्था के विकास कार्यो से जुड़े रहे व पर्यटकों के साथ समय बिताते रहे। जबकि स्वास्थ्य खराब होने के बावजूद भी पिछले 12 दिसम्बर को पुस्तकालय सह संग्रहालय की स्थापना दिवस समारोह में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराया। जब स्वास्थ्य ज्यादा खराब होने लगी तो कुछ दिनों पूर्व परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए पटना निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां स्वास्थ्य में सुधार नही होते देख परिजनों ने दो दिनों पूर्व पटना स्थित आइजीआइएमएस अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया। जहां उन्होंने गुरुवार की रात अंतिम सांसे ली। उनकी निधन की सूचना मिलते ही प्रखण्ड क्षेत्र में





शोक की लहर छा गई। वही शुक्रवार को उनकी शव को भरतपुरा गांव पहुंचते ही अंतिम दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। ध्रुपद नारायण सिंह की निधन की सूचना पाकर भरतपुरा गांव पहुंचकर पालीगंज एसडीएम मुकेश कुमार, चिकित्सक डॉ. श्यामनन्दन शर्मा, सुमेर सिंह व अशोक सिंह सहित सैकड़ों बुद्धिजीवियों ने ध्रुपद नारायण सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

बता दूं कि ध्रुपद नारायण सिंह का जन्म सन 1935 में दुल्हीन बाजार प्रखण्ड क्षेत्र के भरतपुरा गांव में एक जाने माने जमींदार परिवार में हुई थी। जिनके माता का नाम नगीना देवी व पिता का नाम रघुराज नारायण सिंह था। इनकी बचपन की शिक्षा गांव में ही हुई। उसके बाद उन्होंने पढ़ने के लिए पटना गए। जहां इन्होंने पाटलीपुत्रा विश्वविद्यालय से इंटर व पटना विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन की शिक्षा प्राप्त किया था। वही दादा गोपाल नारायण सिंह द्वारा 12 दिसम्बर 1912 में स्थापित पुस्तकालय सह संग्रहालय की जिम्मेदारी सम्हाली। बाद में पुस्तकालय सह संग्रहालय की बढ़ती लोकप्रियता को देख बिहार सरकार उसे अपनी निगरानी में ले लिया। साथ ही जिलाधिकारी को स्थायी अध्यक्षता में इसकी देख रेख के लिए एक कमिटी के गठन किया गया। वही कमिटी के सचिव ध्रुपद नारायण सिंह को बनाया गया। जिनके कार्यकाल में संस्था का विकास इतनी अधिक हुई कि फिलहाल सर्वे के अनुसार इस संग्रहालय सह पुस्तकालय का स्थान पूरे देश मे सांतवां है। जबकि ध्रुपद नारायण सिंह आजीवन सचिव पद का निर्वहन करते हुए 87 वर्ष की आयु में 30 दिसम्बर 2022 को इस दुनिया से विदा हो गए।

# पीएम मोदी की माता के निधन पर भाजपा नेताओं ने जताई शोक संवेदना

**दैनिक समाज जागरण** एकमा (सारण)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता हीराबेन के निधन पर एकमा विधानसभा क्षेत्र के सभी पांचों भाजपा मंडल के नेताओं व कार्यकताओं ने विभिन्न स्थानों पर शोक सभाएं आयोजित कर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। भाजपा कार्यकताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

शोक संवेदना प्रकट करने वालों में भाजपा के एकमा विधान सभा प्रभारी एवं जिला मंत्री सत्यानन्द सिंह, भाजपा नेता व मांझी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, युवा नेता विभूति नारायण तिवारी, किसान मोर्चा नेता चैतेन्द्र नाथ सिंह, मंत्री वीरेन्द्र पांडेय, एकमा भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अविनाश चंद्र उपाध्याय, एकमा पूर्वी मंडल अध्यक्ष अखिलेश्वर प्रसाद भोला जी, लहलादपुर मंडल अध्यक्ष अखिलेश शर्मा, भाजपा नेता चन्द्रशेखर सिंह, बंटी ओझा, प्रमोद सिंह, चितरंजन सिंह, अभय मिश्रा उर्फ मुन्नू बाबा, बलवन्त सिंह, ओमप्रकाश सिंह, जितेन्द्र सिंह, पप्पू सिंह, पैक्स अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, मंटू मिश्रा, अरविंद कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, विक्की सावन, सतीश सिंह, आदित्य दूबे बिट्टू आदि अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता शामिल हैं।

# मारपीट में एक महिला समेत चार व्यक्ति घायल

**दैनिक समाज जागरण** तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के अफजलपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक महिला समेत चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में अफजलपुर गांव की पुष्पा देवी, चंदन कुमार सिंह, प्रिंस कुमार, तथा मसरख थाना क्षेत्र के सेमरी सनौली गांव निवासी रितिक कुमार सिंह, शामिल है। घायल सभी व्यक्तियों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तरैया में किया गया है। इस संबंध में पीड़ित पक्षों ने स्थानीय थाने में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई है।

# कलभट्ठ निर्माण हेतु पूर्व मुखिया अफाक आलम के पुत्र वसीम ने किशनगंज सांसद डॉ मोहम्मद जावेद आजाद को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण सीमांचल प्रभारी मोहम्मद चांद**

अररिया से गलगलिया न्यू बीजी रेल लाइन परियोजना निमार्णाधीन रेल लाइन में ठाकुरगंज प्रखंड के तहत तातपोवा एवं दल्लेगांव को जोड़ने वाली मुख्य ग्रामीण सड़क खोनादीघी पोखर के समीप तल मार्ग कलभट्ठ निर्माण हेतु सांसद किशनगंज को ज्ञापन सौंपा है। पूर्व मुखिया अफाक आलम के पुत्र वसीम अकरम के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि तापावर एवं दल्लेगांव पंचायत के वर्तमान में एनएच 327 ई 6 तातपोवा होते हुए कादोगांव बाजार होते हुए दल्लेगांव पंचायत तक ग्रामीण सड़क है। जिसमें अररिया से गलगलिया तक न्यू बीजी रेल लाइन परियोजना की स्वीकृति हो चुकी है। जिस पर रेलवे ट्रैक हेतु मिटटी भराई कार्य चल रहा है। उक्त रेलवे लाइन का तातापोवा पंचायत के खोनादिघी होते हुए कादोगांव बाजार होते हुए जाएगी। जिसके कारण हम लोगों के गांव में जो मुख्य सड़क पड़ती है। वह सड़क मार्ग से वंचित हो जाएगा। हम लोग के गांव में बस स्टैंड, थाना एवं उप स्वास्थ्य केंद्र, ग्राम कचहरी, हाट-बाजार है। जो आसपास के कई गांव एवं पंचायत का मुख्य केंद्र है। इस सड़क पर मिट्टी भरकर रेलवे लाइन बनाने से सभी ग्रामीणों को असुविधा होगी एवं कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उक्त रास्ता पर मिट्टी भरकर रेलवे लाइन का ट्रैक बिछाने के स्थान पर अंडर पास तलमार्ग कल्वर्ट बनाकर रेलवे लाइन का ट्रैक बिछाया जाए। जिससे ग्रामीणों को सड़क मार्ग से जाने में कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। उक्त तल मार्ग द्वारा रेलवे लाइन भी समुचित रूप से चालू हो सके। उक्त कल भट्ठ के बनने से ग्रामीणों को लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क घूम कर जाने से बचा जा सकेगा।





वहीं, एक दूसरे आवेदन के माध्यम से आर.सी.सी पुल में घटिया सामग्री उपयोग करने को लेकर सुखानी से दल्लेगांव पंचायत को जोड़ने वाली मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय विश्व बैंक द्वारा वित्तीय पोषित परियोजना के तहत सड़क निर्माण एवं आरसीसी पुल निर्माण कार्य एम.एम.जी.एस.वाई 19 किशनगंज 2- 7 पाट अपार्ट इ दोनों में काफी अनियमितता बरती जा रही है। योजना के तहत स्वीकृति सामग्री के जगह घटिया से घटिया स्तर की लोकल बालू एवं सिलीगुड़ी लोकल चिप्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। उक्त सड़क निर्माण के साइट पर प्राक्कलन बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। साइट इंजीनियर भी साइट पर कभी नहीं आते हैं। जिसके अभाव में ठेकेदार द्वारा गलत सामग्री का इस्तेमाल धड़ल्ले से किया जा रहा है। यह स्थान मेंची नदी इंडो नेपाल बॉर्डर के समीप है। जो सुरक्षा की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण सड़क एवं ब्रिज है। इस ब्रिज के अनियमितता बरतना देश की सुरक्षा को खतरा हो सकता है इस परियोजना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। ताकि, समय रहते हुए सड़क निर्माण का कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराई जा सके। ऐसा ना हो कि उद्घाटन के पहले ही यह ध्वस्त हो जाए और देश की सुरक्षा में खतरे में पड़ जाए। इस कार्य के लिए श्रीमान को अविलंब जांच हेतु कमेटी बनाई जाए

ग्रामीणों ने सांसद किशनगंज लोकसभा क्षेत्र के अलावे रेल मंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री बिहार, उपमुख्यमंत्री बिहार, रेलवे राज्य मंत्री भारत सरकार, मुख्य अभियंता एनएफ रेलवे मालेगांव असम, जी.एम पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे जोन कटिहार डिविजन के मंडल रेल प्रबंधक, मुख्य अभियंता एनएफ रेलवे न्यू जलपाईगुड़ी पश्चिम बंगाल, ठाकुरगंज विधायक, क्षेत्रीय प्रभारी मंत्री विजेंद्र यादव, विधान पार्षद डॉ दिलीप जायसवाल, जिला पदाधिकारी किशनगंज, स्थानीय पूर्व मुखिया, स्थानीय मुखिया दल्लेगांव, स्थानीय समिति स्थानीय मुखिया तातपोवा को भी पत्राचार की प्रति भेजी है।

# चोरी करने के लिए घर में घुसे चोर को घरवालों ने पकड़ पुलिस को सौंपा

# एक चोर चारदीवारी फांदकर हुआ फरार

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के अफजलपुर गांव में रात्रि में चोरी करने के उद्देश्य से एक व्यक्ति के घर में घुसे चोर को घरवालों ने पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया, हालांकि इस दौरान एक चोर घरवालों को चकमा देकर चारदीवारी फांदकर फरार हो गया। इस संबंध में अफजलपुर गांव निवासी राजेश सिंह की पत्नी पुष्पा देवी ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित महिला का कहना है कि रात्रि में वे लोग खाना खाने के बाद घर में सभी सोए हुए थे। तभी ताला टूटने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद वह जगी और आंगन में निकल कर देखी तो दो व्यक्ति ताला तोड़कर घर के अंदर घुसे हुए थे। जब वह चिल्लाई तो एक व्यक्ति दीवार तड़पकर भाग गया, जबकि एक व्यक्ति को महिला ने पकड़ लिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर महिला के देवर चंदन कुमार और प्रिंस कुमार आए तो पकड़े गए व्यक्ति ने अपने हाथ में लिए चाकू से मारकर दोनों व्यक्ति को जख्मी कर दिया। पकड़ा गया व्यक्ति मसरख थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी रामबाबू सिंह का पुत्र रितिक कुमार है। जब महिला अपने घर में पेटी बक्सा चेक की तो बक्से में रखे गहने और रुपये गायब थे। महिला का कहना है कि भागा हुआ व्यक्ति तीन लाख रुपये के गहने और दस हजार रुपये नगदी लेकर भागा है। इधर घरवालों ने पकड़े गए व्यक्ति को पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# चोरी के समान के साथ तीन गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण** रसूलपुर (सारण)। रसूलपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर बाजार में मोबाइल दुकान में चोरी करने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। बुधवार क ी देर रात्रि रोहित मोबाइल दुकान में गैस कटर से शटर काटकर लाखों रुपए की चोरी हुई थी। दुकानदार मनोज सोनी की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की है। चोरी के मोबाइल के साथ तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवकों का तलाशी लेने पर दो मोबाइल फोन व एक चाकू बरामद हुआ है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर तीनों युवकों को शुक्रवार को जेल भेज दी है।

# मारपीट में महिला जख्मी, दो आरोपित

**दैनिक समाज जागरण** एकमा (सारण)। थाना क्षेत्र के परसागढ़ गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में शुक्रवार को मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में एक महिला कलावती देवी जख्मी हो गई। परिजनों द्वारा इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पीड़ित महिला द्वारा पड़ोस के ही दो लोगों को मामले में आरोपित किया है। घटना के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

# अलग-अलग मामले में तीन गिरफ्तार

**सिटी रिपोर्टर दैनिक समाज जागरण**

दरौंदा (सीवान)। पुलिस ने गुरुवार की देर रात्रि अलग-अलग मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान बगौरा गाँव के झखड़ माझी बाल बंगरा सें हरेंद्र यादव कों शराब पीने के मामले में गिरफ्तार किया है। दूसरा नल जल का पैसा गबन करने के मामले में हाथोंपुर सें कमलेश राम को गिरफ्तार किया गया है। दरौंदा के पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी रीता कुमारी ने नलजल का पैसा बर्बाद करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बीडीओ के आवेदन पर पुलिस ने कांड सं 136/19 मे प्राथमिकी दर्ज किया था। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को शुक्रवार को सिवान जेल भेज दिया है।

# कुलपतिमहोदय ने जयप्रकाश विश्विद्यालय के ताइकवान्डो टीम को झंडी दिखाकर किया रवाना

**दैनिक समाज जागरण अर्जुन सिंह**

सारण , अर्जुन सिंह - गुरुनानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में इस बार का अन्तर्विश्वविद्यालयी चेस चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 3.1.2023 से 6.1.2023 तक होने वाला है।गत सप्ताह विश्विद्यालय में विश्विद्यालय स्तरीय ट्रायल हुआ था।इस प्रतियोगिता में अभिषेक कुमार, विकास ठाकुर, उज्जवल कुमार,शुभम कुमार का चयन हुआ था।कुलपतिमहोदय ने विश्व विद्यालय की तरफ से झंडा दिखाकर सभी खिलाड़ियों एवं कोच को रवाना किया।कुलपतिमहोदय ने स्पोर्ट्स डायरेक्टर को निर्देश दिये कि सभी खिलाड़ियों के लिए सारी व्यवस्था वे अपने स्तर से करें,जिससे खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

माननीय कुलपतिमहोदय प्रोफेसर फारूक अली ने चेस टीम के कोच के रूप में यदुनंदन महाविद्यालय दिघवारा के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर जितेंद्र कुमार को भेजने का निर्णय लिया है।

कुलपतिमहोदय के साथ अधिषद सदस्य श्री रविमनि त्रिपाठी,जगलाल चौधरी महाविद्यालय की प्राचार्या डाक्टर बसुन्धरा पाण्डेय, अधिषद सदस्य श्री नवलेश कुमार सिंह, प्रोफेसर हरिश्चंद्र समायोजक महाविद्यालय विकास परिषद, डॉक्टर विश्वामित्र पांडेय स्पोर्ट्स डायरेक्टर, श्री रमेश कुमार सिंह पी टी आई,श्री जय प्रकाश गौङ आदि टीम के रवाना करने के समय मौजूद थे।कुलपतिमहोदय ने कहा कि चेस में अच्छा करके आने वाले छात्रों को विश्वविद्यालय की तरफ से भी पुरस्कार दिये जायेंगे।

# आज दिनांक 30 दिसंबर को अररिया जिला में नगर पंचायत के मतगणना का काम संपन्न हो गया

**मासूम रजा जिला संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

बताते चलें कि रानीगंज नरपतगंज जोकीहाट नगर पंचायत का रिजल्ट घोषित कर दिया जोकीहाट से शकूर आलम के मां चेयरमैन के प्रत्याशी के रूप में विजय घोषित हुए उप चेयरमैन के प्रत्याशी जावेद आलम वार्ड कमिश्नर के रूप मैं निक्कू आलम काशी बाड़ी से हैं विजय घोषित वार्ड कमीशन के रूप में वार्ड कमिश्नर दिलीप यादव यादव टोला से जीत हासिल की वही जोकीहाट से वार्ड 11 से बदी उजमा ने वार्ड मेंबर में जीत हासिल की रानीगंज के वार्ड नंबर 17 से रवि प्रकाश वार्ड नंबर क जीत हासिल की सभी ने चेयरमैन के प्रत्याशी ने एवं वार्ड प्रत्याशियों में अपने जनता को जीत की बधाई दिए और आगे विकास कार्य करने का वादा किए बताया कि मैं जनता का हूं जनता मुझे जीत दिलाया है और मैं भी जनता का विकास का काम करने में कहीं कोई रुकावट नहीं आने दूंगा हमेशा विकास कार्य करता रहूंगा विकास का काम धरातल पर करूंगा चाहे जो भी काम हो बिजली पानी का काम रोड नाला का काम वृद्धा पेंशन इंदिरा आवास का काम जनता के लिए हर मोड़ पर खड़ा उतरूंगा क्योंकि जनता मुझ पर विश्वास किया मैं उनके विश्वास विश्वासघात नहीं करूंगा चाहे वह मेरा जनता गरीब हो या अमीर सबकी बात को सुनूंगा और हर जनता के लिए हर वक्त तैयार रहूंगा जोकीहाट चेयरमैन शकूर आलम में बताया कि जोकीहाट नगर पंचायत पहला नगर का चेयरमैन मैं बना हूं और मैं वादा करता हूं कि जोकीहाट का बहुत ऐसे समस्याएं हैं जैसे बाजार वाला रोड नाला बिजली पानी वृद्धा पेंशन आवास का काम मेरा पहला मुद्दा रहेगा सबसे पहले



मैं उनको देखूंगा और काम करूंगा वही वार्ड मेंबर बदी उज्जमा ने बताया कि मैं इससे पहले भी जनता के लिए काम करता था और अब मैं एक प्रतिनिधि बन चुका हूं और मैं जनता का विकास के लिए हर काम करूंगा चाहे नल जल हो बिजली बिजली रोड स्वास्थ्य शिक्षा पर काम करूंगा वार्ड मेंबर नीकु जी ने बताया कि मेरा वार्ड में बहुत ऐसे काम है जैसे वृद्धा पेंशन इंदिरा आवास रोड नाला बिजली पानी अन्य तरफ से काम पड़े हुए हैं मैं सबसे पहले वृद्धा पेंशन इंदिरा आवास और बिजली पानी का काम करूंगा जनता के विकास के लिए मुझे जो भी करना पड़े मैं करूंगा क्योंकि जनता पर विश्वास किया है और जनता के विश्वास पर खरा उतरूंगा वही वार्ड मेंबर दिलीप यादव ने बताया कि जोकीहाट नगर पंचायत का पहला इलेक्शन मैं यह जीत कर बड़ी खुशी हुई है क्योंकि जनता मुझे पहला मौका दिया है और मैं जनता के विश्वास को विश्वासघाट होने नहीं दूंगा जनता के चाहे जो भी काम हो इंदिरा आवास वृद्धा पेंशन नल जल रोड बिजली छात्र का काम करूंगा जमीन काम करूंगा वही रानीगंज के वार्ड नंबर 17 के जीते प्रत्याशी ने बताया कि जनता के विकास के लिए मैं हर तरह से काम करूंगा जनता हम पर विश्वास करके मुझे जीत दिलाने का काम किया है और मैं जनता के साथ हमेशा हूं हमेशा रहूंगा सभी जीते हुए प्रत्याशी ने अपने जनता को नव वर्ष की एवं जीत की बधाई दिए

# बरेजा में प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। प्रखंड क्षेत्र के आदर्श ग्राम बरेजा में कृषि विज्ञान केंद्र मांझी के आलोक में प्राकृतिक खेती करने के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के 55 किसानो ने भाग लिया। इस दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती के रुझान बढ़ाने के लिए मांझी कृषि विज्ञान उद्यान विशेषज्ञ डॉ जितेन्द्र चन्द्र चन्दोला ने किसानों से कहा कि इस समय प्राकृतिक खेती की बहुत आवश्यकता है। आज के वर्तमान समय में उर्वरकों व एग्रो- केमिक्ल्स के दामों में काफी बढ़ोतरी के साथ-साथ समय पर आपूर्ति की भी समस्या है। ऐसे में हमें नया विकल्प की ओर बढ़ना है। प्रकृतिक खेतों में करने के लिए सूक्ष्मजीवों एवं केंचुआ इत्यादि को सक्रिय कर कृषि लागत को कम किया जा सकता है। ये पोषक तत्त्वों को उपलब्ध कराने में बहुत ही मददगार होते हैं साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति को भी बढाया जा सकता



है। रासायनिक खेती से मिट्टी की गुणवत्ता में और मनुष्यों के स्वास्थ्य में भी गिरावट आई है। मिट्टी की उर्वरक क्षमता को देखते हुए प्राकृतिक खेती जरूरी हो गया है। साथ ही जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत एवं नीमास्त्र इत्यादि बनाने की विधि एवं विभिन्न फसलों में उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गयी। इस मौके पर कृषि विज्ञान केन्द्र से डॉ.चैतन्य कुंभार, वरीय शोधकर्ता (सी आर ए), उमाशंकर एवं सुनीता प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, प्रमोद महतो, जोगिंदर महतो, उमाशंकर महतो, राजेंद्र शाह, अख्तर अली, रौशन सोनी, रेहाना खातून, झंती देवी, लीलावती देवी, प्रतिमा देवी आदि किसान उपस्थित थे।

# बिहार के अररिया जिला के मजदूर का हरियाणा में सड़क हादसे में मौत

**रिपोर्टर परवेज आलम**
**दैनिक समाज जागरण**

अररिया जिला के एक युवक जिसका नाम चंदन कुमार है वह शनिवार को हरियाणा अपना मजदूरी करने के लिए पहुंचे थे वही हरियाणा शहर के गुमथला बाजार में रोड एक्सीडेंट दुर्घटना में उनको एक मोटरसाइकिल चालक पीछे से ठोक देता है वहीं उनकी मौत हो जाती है वही यह लड़का दिनेश मेहता सरदार के यहां रह रहे थे वहीं घटना स्थल पर पहुंचे दिनेश मेहता सरदार आनन-फानन में इसे अस्पताल लेकर गए अस्पताल में ही इन लड़का का मौत हो जाता है वही एक मजदूर अगर बिहार के मजदूरी के लिए जाते हैं तो उनका इस तरीका का मौत हो जाता है जहां उनका सरदार तुरंत पहुंच कर उनको कॉपोरेट करते हैं और वही गाड़ी चालक जलाते हैं उनको थाना के हवाले कर दिया जाता है फिर उस लहास को लेकर वहां से बिहार भेजा जाता है बिहार में उनका दाह संस्कार किया जाता है बड़े अफसोस की बात तो यह है कि कहते हैं बिहार का मुखिया की बिहार में बहार है मगर ऐसा लगता है कि बिहार में ऐसा बाहर है जो यहां का मजदूर बाहर में जाकर




अपना मजदूरी करते हैं वही उनका चचेरा भाई राजेंद्र कुमार राम शिवनंदन कुमार राम शिवनंदन राम मोहम्मद इम्तियाज आलम घटनास्थल पर पहुंचते हैं इस दुख भरी घटना को देखकर तुरंत सरदार को बुलाकर उस लड़के को थाने का हवाले कर दिया जाता है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उन्हें फिर बिहार के लिए रवाना कर दिया जाता है बिहार आने के बाद तुरंत उन्हें बिहार मे दाह संस्कार किया जाता है उनके परिजन ने यह भी बताया कि उस लड़के को तीन बच्चे हैं दो लड़की एक लड़का और उनके छोटे छोटे भाई हैं उन्होंने सभी से नया का गुहार लगाया है लड़का का उम्र मंडी 35 वर्ष बताया जा रहा है यह लड़का अररिया जिला के धामा पंचायत मटियारी वार्ड नंबर 2 का रहने वाला है इस मजदूर का कॉपोरेट करते हुए दिनेश मेहता जिनके मोटर पर इन लोग काम करने के लिए गए थे उन्होंने भी काफी योगदान दिए हैं दिनेश मेहता ने इस लहास को बिहार पहुंचाने में काफी सहयोग भी किए हैं उनका फैमिली ने यह भी बताया कि हमारा काफी सहयोग दिनेश मेहता ने किया है मेरा यह भी मेहनत कर दे जो मुझे न्याय मिले

# अररिया जिला के रानीगंज प्रखंड अंतर्गत जगता पंचायत में वार्ड नंबर 10 में हुआ था गोलीकांड मामला

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्टर मोहम्मद परवेज आलम**

अररिया जिला के रानीगंज प्रखंड अंतर्गत जगता पंचायत में वार्ड नंबर 10 में हुआ था गोलीकांड मामला मोहम्मद मुश्ताक ने बताया कि जिसमें गोली लगा था हमारा मामू मोहम्मद को सीना में इस पार से उस पार हो गया था वही पहला गोली लगा था मोहम्मद मुस्तकीम को वही मुस्ताक का कहना





है कि हमको भी प्लॉट पर मार कर सर को ज्यादा फोड़ दिया गया था वही मुस्ताक ने बताया कि अभी हम मुख्यमंत्री को भी लेटर दे चुके हैं और हमने आईजी डीआईजी प्रशासन का कोई दरवाजा ऐसा नहीं है जो हम नहीं गए होंगे वही रानीगंज थाना अध्यक्ष कौशल कुमार का कहना है कि मैं अभी तुरंत जाकर उन लोगों को गिरफ्तार करता हूं पर अभी तक प्लॉट पर आकर अपराधी को गिरफ्तार नहीं किया गया है क्योंकि इस मामले को लेकर मोहम्मद को गोली लगने के कारण प्रशासन खुद अपना गाड़ी मंगा कर उन्हें लोड कर कर इलाज के लिए सदर अस्पताल अररिया भेजा था वही इस विवाद में अभी तक किसी भी तरह का एक्शन नहीं लिया गया है प्रशासन हाथ में हाथ धरे चुप बैठे हुए हैं क्योंकि आए दिन बिहार में गोली कांड हो जाता है पर लेकिन प्रशासन अभी तक अपराधी को पकड़कर गोली बम बारूद बरामद नहीं कर पाते हैं वहीं उन्होंने यह भी बताया कि अपराधी गिरफ्तार नहीं हुआ है क्योंकि हमें फिर से धमकी पर धमकी मिल रहा है

# केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम 01 जनवरी, 2023 से स्टार्ट-अप के फायदे के लिए प्रौद्योगिकी का व्यावसायीकरण करेगा

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्यमंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज कहा कि राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम 01 जनवरी, 2023 से स्टार्ट-अप के लाभ के लिए प्रौद्योगिकी का व्यावसायीकरण करेगा।

1953 में स्थापित, राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) डीएसआईआर के अंतर्गत एक पीएसई, धारा 8 कंपनी है जो अनुसंधान और विकास और उद्योग को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

नई दिल्ली के सीएसआईआर केंद्र में डीएस-ाआईआर सचिव और एनआरडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए, डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि अपनी स्थापना के बाद से एनआरडीसी ने लगभग सभी उद्योग क्षेत्रों में प्रौद्योगिकियों का प्रतिनिधित्व करने वाले 5,000 से ज्यादा लाइसेंसों के लिए समझौता किया है। मंत्री ने कह कि इसने देश में 2,000 से ज्यादा पेटेंट दाखिल करने में भी सुविधा प्रदान की है।

एनआरडीसी, भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए स्टार्ट-अप की मान्यता का तकनीकी रूप से मूल्यांकन करने के लिए डीपीआईआईटी के अंतर-मंत्रालयी बोर्ड (आईएमबी) को सहायता प्रदान करता है और अब तक स्टार्ट-अप के 7,500 से ज्यादा आवेदनों का आकलन किया जा चुका है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि एनआरडीसी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आ-ईओसीएल) के साथ भी जुड़ा हुआ है, जिससे स्टार्ट-अप की पहचान से लेकर उत्पाद प्रस्तुत करने तक स्टार्ट-अप योजना का कार्यान्वयन किया जा सके।

मंत्री ने यह भी कहा कि एनआरडीसी ने निर्यात उन्मुख कृषि-आधारित स्टार्ट-अप का प्रतिपालक बनने और निगरानी करने के लिए कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि प्रौद्योगिकी विकास, सत्यापन और व्यावसायीकरण कार्यक्रम (टीडीवीसी) एक अनुदान सहायता योजना है जो उन स्टार्ट-अप, इनक्यूबेटरों और एमएसएमई को वित्तीय सहायता प्रदान करता है जो भारतीय समाज और विनिर्माण उद्योग की समस्याओं पर अपना ध्यान केंद्रित

## पीसी एंड पीएनडीटी की जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

### जिला सलाहकार समिति के स्वीकृति के बाद ही नए अल्ट्रा साउंड केन्द्रों के लाइसेंस होंगे निर्गत - उपायुक्त

(आर एन चौरसिया) धनबाद, उपायुक्त सह जिला समुचित प्राधिकारी, पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट, संदीप सिंह की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडीटी की जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक के दौरान पिछली बैठक की कार्यवाही का अनुपालन प्रतिवेदन, अल्ट्रासाउंड केंद्रों के द्वारा अन्य चिकित्सकों के योगदान एवं मशीनों की सूचना एवं स्वीकृति, नए अल्ट्रासाउंड सेंटर के रजिस्ट्रेशन, रिन्यूअल सहित अन्य आवेदनों की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने अल्ट्रासाउंड क्लीनिक से प्राप्त फॉर्म एफ की नियमित जांच करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने नए रजिस्ट्रेशन के लिए क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट के तहत पंजीकरण कराना अनिवार्य बताया।



इसके अलावा उन्होंने अन्य कई संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हुए दिशा निर्देश दिये।

वहीं उपायुक्त ने नए लाइसेंस की स्वीकृति सलाहकार समिति के निर्णय के बाद ही देने का निर्देश दिया। साथ ही लिंग चयन के विरुद्ध व्यापक रूप से प्रचार एवं प्रसार तथा जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया।

बैठक में सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा, कार्यपालक दंडाधिकारी, कुमार बंधु कच्छप, नोडल अधिकारी सदर अस्पताल डॉ, राजकुमार सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी एसएनएमएमसीएच डॉ. कुमार गौतम, डॉ, विकास कुमार राणा, डॉ, मनीष कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती उर्वशी पांडेय, डेमियन सोशल वेलफेयर के मो. ममुताज अंसारी, श्रीमती नीता सिन्हा, आर.के. श्रीवास्तव, दयानंद आदि मौजूद थे।

## रेजांगला युद्ध में शहीद हुए 114 वीर अहीरों के सम्मान में कलश यात्रा आज, बाबु लाल सावड़िया

(आर एन चौरसिया) धनबाद, बाबु लाल सावड़िया मीडिया प्रभारी सह जिला प्रवक्ता, जिला यादव महासभा धनबाद ने कोयलांचल के वरिष्ठ पत्रकार आर एन चौरसिया को बताया की 1962 में रेजांगला युद्ध में शहीद हुए 114 वीर अहीरों के सम्मान में तथा अहीर रेजिमेंट गठन की मांग को लेकर कल दिनांक 31 दिसंबर 2022 को रेजांगला के वीर शहीद अहीर सैनिकों का लहू मिश्रित मिट्टी भरा कलश झारखंड के कई जिलों से भ्रमण करते हुए कोयलांचल की धरती धनबाद पहुंच रही है। इस शोभायात्रा, तथा नगर भ्रमण की पूरी तैयारी कर ली गई है।धनबाद जिले के हर प्रखंड से हजारों की संख्या में लोग इस शोभायात्रा में शामिल होंगे। यह शोभायात्रा जामताड़ा से धनबाद की सीमा प्रवेश करेगी। गोविंदपुर स्थित खालसा होटल के निकट निरसा, ग्यारकुण्ड, कलिया



सोल तथा गोविंदपुर प्रखंड यादव महासभा के सभी यदुवंशी भाई कलश यात्रा का स्वागत करेंगे।यह शोभायात्रा गोविंदपुर से धनबाद के लिए प्रस्थान करेगी। धैया स्थित ललिता भवन में अल्पाहार के पश्चात यह शोभायात्रा रणधीर वर्मा चौक तक जाएगी। वहां से यह यात्रा बेकारबांध, पूजा टॉकीज, बैंक मोड़, केंदुआ के रास्ते तेलमाच्चो होते हुए बोकारो जिले में प्रवेश करेगी। उन्होंने शोभायात्रा में शामिल होने वाले सभी यदुवंशी भाइयों से निवेदन किया है कि यात्रा में पूरी तरह से अनुशासन का पालन करें। एंबुलेंस को तुरंत रास्ता दें, उग्र प्रदर्शन नहीं करेंगे, पूरी सद्भावना एवं विनम्रता के साथ शोभायात्रा के साथ चलेंगे। निर्धारित रूट से ही यात्रा को निकालेंगे। विशेष परिस्थिति या आकस्मिक स्थिति में ही रूट का बदलाव किया जा सकता है, ताकि यात्रा से किसी आमजनो को किसी तरह की कोई परेशानी का सामाना न करना पड़े।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या

### समस्याओं के निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

(आर एन चौरसिया) धनबाद, शुक्रवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त संदीप सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया।



जनता दरबार में लोगों ने भूमि, रोजगार, स्वास्थ्य समेत विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन दिया।

वहीं कलियासोल प्रखंड से आये एक व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि बिहार सरकार द्वारा 50 वर्षों पहले बंदोबस्ती कर उसे जमीन दी गई थी। विगत 50 वर्षों से वे उस जमीन पर खेती-बाड़ी कर अपना और अपने परिवार का गुजारा करते हैं। विगत कुछ दिनों से दबंगों द्वारा जमीन पर जबरन बुलडोजर चलाकर उसे तहस-नहस किया जा रहा है। उपायुक्त ने मामले को संज्ञान में लेकर अंचल अधिकारी कलियासोल को जांच कर शीघ्र विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।

तोपचांची प्रखंड से आये एक व्यक्ति ने अपने बड़े भाई पर जमीन पर अवैध कब्जा कर भवन निर्माण की शिकायत उपायुक्त से की।

## कांग्रेस पार्टी द्वारा नवगठित प्रखंड, नगर कमिटी पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

(आर एन चौरसिया) सिंदरी , झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार जिला के सभी नवगठित प्रखंड,नगर कमेटी की पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कमेटी की सूची को सत्यापित करना सुनिश्चित किया गया। इसी कड़ी में शुक्रवार को सिंदरी नगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में नगर कमेटी के पदाधिकारियों की सूची का सत्यापन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई।उक्त बैठक में मुख्य अतिथि धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, संतोष कुमार सिंह उपस्थित हुए। बैठक में जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार जिला के सभी नवगठित प्रखंडों एवं नगरों के अध्यक्षों द्वारा गठित की गई। कमिटी की सूची का सत्यापन सभी प्रखंडों,नगरों में क्रमवार किया जा रहा है। सभी प्रखंड, नगर में बनाए गए कमेटियों का सत्यापन कर विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस को समर्पित कर दिया जाएगा। संगठन में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी और ऊजार्वान एवं समर्पित लोगों को कमेटी में जगह दी जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ जिला के सभी प्रखंडों,नगरों के मंडल कमेटी,पंचायत,वार्ड एवं बुथ कमिटी की मासिक समीक्षा की जाएगी और उन्होंने सभी प्रखंड,नगर अध्यक्षों से निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित सभी पदाधिकारी अपने-अपने प्रखंड, नगरों में मासिक बैठक कर विस्तृत रिपोर्ट जिला कांग्रेस को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। उसी कड़ी में श्री सिंह ने कहा कि जिला के सभी विधानसभा के सभी प्रखंडो, नगर के पंचायतो एवं वार्डों में संगठन को धारदार,सशक्त व मजबूत बनाने के साथ आने वाले चुनाव में जिला के सभी विधानसभा के साथ-साथ धनबाद लोकसभा में कांग्रेस पार्टी को ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने का काम करेंगे। कांग्रेस के प्रति लोगों का विश्वास जगा है और लोग पार्टी के विचारधारा से जुड़ रहे हैं। धनबाद



जिला कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगी। उन्होने सभी पदाधिकारियों को सुनिश्चित करने को कहा कि पार्टी में अनुशासनहीनता कतई बर्दास्त नहीं की जाएगी, साथ ही वैसे कार्यकर्ताओ के लिए पार्टी मे कोई स्थान नही होगा। श्री सिंह ने आगे कहा कि देश में आज महंगाई और बेरोजगारी की समस्या से देश की जनता जूझ रही है ,पर केंद्र सरकार ने देश में पेट्रोल,डीजल,रसोई गैस एवं खाद्य सामग्रियों के दामों में बेहताशा वृद्धि कर लोगों को कमर तोड़ने का काम किया है। भारत जोड़ो यात्रा इसलिए जरूरी है क्योंकि देश में तानाशाही एवं नकारात्मकता की राजनीति जोड़ पर है और जनता से जुड़े असली एवं ज्वलंत मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य महंगाई, बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण ज्वलंत मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना है। कांग्रेस पार्टी देश में हिंसा को बर्दाश्त नहीं करेगी, देश को जाति, वर्ग में, धर्म के नाम पर इतनी नफरत पैदा हो गई है कि अगर इसे समय रहते संभाला नहीं गया तो गृह युद्ध तक होने की संभावना हो सकती है, जैसा कि श्रीलंका में हो चुका है। कांग्रेस पार्टी ने सदैव देश हित में लोगों के लिए तत्पर और खड़ी रही है, जो आगे भी जारी रहेगी। कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य देश में प्रेम, भाईचारा सद्भावना बना रहे, आजादी के इतने साल बाद भी सिर्फ कांग्रेस ही नहीं भारत के करोड़ों लोगों भारत जोड़ो यात्रा की जरूरत महसूस कर रहे थे। भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक कार्यक्रम है और इस कार्यक्रम के माध्यम से देश की एक नई दिशा और दशा तय करेगी। राहुल गांधी के इस ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से देश के कोने-कोने से करोड़ों लोगों का अपार समर्थन मिल रही है और इस यात्रा में करोड़ों लोग निरंतर जुड़ रहे हैं और निश्चित रूप से भारत जोडो यात्रा देश की एक नई दिशा और दशा तय करेगी।

बैठक में मुख्य रूप से सिंदरी नगर अध्यक्ष अजय कुमार, कमल देव सिंह, रमेश जिन्दल, पूर्व सांसद पुत्र नरेन्द्र शर्मा, सरदार योगेन्द्र सिंह, विदेशी सिंह, शियाकांत दुबे,वकील राम, बीपी सिंह, हरीश चन्द्र दुबे, शोमनाथ दुबे,पूणेर्दु सिंह, गोपाल तिवारी, मनोहर श्रीवास्तव, रास बिहारी यादव, ओम प्रकाश सिंह, बृज भूषण दुबे, सत्यदेव सिंह, राम प्रवेश शर्मा, जी आर प्रभाकर, सुरज वर्मा, मेघू यादव, बैठक का संचालन पूर्व नगर अध्यक्ष सोमनाथ दुबे ने किया। बैठक मे सैकड़ो कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## भारत के चार धाम और द्वादश ज्योतिर्लिंग विविधता में एकता का संदेश विश्व को देता है, श्री स्त श्री महाराज

(आर एन चौरसिया )धनबाद, श्री स्वामीनारायण सत्संग समाज द्वारा राजकमल सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के अंतिम दिन गुजरात के सूरत से आए सत श्री महाराज ने 12 ज्योतिर्लिंग का प्राकट्य और सभी ज्योतिलिंगों का बहुत सुंदर वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर बना दिया। उन्होंने सबसे पहले श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का प्राकट्य और वर्णन किया। इसके बाद पुरुष और महिलाओं ने दूध और केसर से कथा स्थल पर स्थापित ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया।

इसके बाद उन्होंने श्री मल्लिकार्जुन, श्री महाकालेश्वर, श्री ओंकारेश्वर, श्री केदारनाथ, श्री भीमशंकर, श्री विश्वेश्वर, श्री त्र्यम्बकेश्वर, श्री बैद्यनाथ, श्री नागेश्वर, श्री रामेश्वर व श्री घुश्मेश्वर का प्राकट्य और वर्णन किया।

कथा के दौरान सत श्री ने कहा कि आदि शंकराचार्य ने चार धाम की स्थापना की है और भारत में द्वादश ज्योतिर्लिंग हैं। यह भारत के लिए विविधता में एकता का संदेश विश्व को प्रदान करता है।

उन्होंने कहा जीवन में सभी लोगों को तीर्थ यात्रा करनी चाहिए और चारों धाम एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन अवश्य करना चाहिए। कहा कि



बहुत लोग कहते हैं कि तीर्थ दर्शन करने के लिए पैसे नहीं है। यदि पुरुष व्यसन करना और महिलाएं फैशन करना छोड़ दें और उस बची हुई रकम को इकट्ठा करें तो वे अवश्य तीर्थ यात्रा करने का सामर्थ्य उठा पाएंगे।

पुरुषों के व्यसन करने पर कहा कि विज्ञान की किसी भी किताब में यह नहीं लिखा है कि शराब - तंबाकू का सेवन और धुम्रपान करने से लाभ होता है। यदि हम साल भर का हिसाब निकालेंगे तो पता चलेगा कि व्यसन के पीछे कितना पैसा बर्बाद होता है। वहीं फैशन के लिए इस्तेमाल कॉस्मेटिक्स में कई प्रकार के केमिकल होते हैं। इसका लंबे समय तक प्रयोग करने से हमारी त्वचा को नुकसान पहुंचता हैं। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में काशी विश्वनाथ, अयोध्या, उज्जैन, जैसे तीर्थ स्थल का कायाकल्प देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि प्राचीन भारत की रौनक फिर से लौट आई है।

कथा में कोलफील्ड गुजराती समाज के चेयरमैन शैलेन वोरा, मुख्य यजमान दीपेश रावल, गिरीश चावड़ा, नौतम चौहान, सूर्यकांत चौहान, रमेश चौहान, महेश बजानिया, सन्नी रावल, प्रवीण चौहान, हसमुख सोनी, संजय सोनी, नयन सोनी, नितेश सोनी, मुकेश पटेल, संजय पटेल, मयूर राठोड, सन्नी रावल, जयेश रावल, लक्ष्मीकांत चावड़ा, जयेश याज्ञनिक, दिनेश दोशी, दीपेश चंचनी, हरेन्द्र चौहान, विनोद तुलस्यान, मुरलीधर पोद्दार, नरेश चावड़ा, महेन्द्र जोशी, दिलेश चूड़ासामा, रमणिकलाल ठक्कर, निलेश ठक्कर सहित बड़ी संख्या में पुरुष और महिला श्रद्धालु भक्त शामिल हुए।

## अपर समाहर्ता ने किया गोविंदपुर अंचल कार्यालय का निरीक्षण

### आमजनों की शिकायत का जल्द समाधान करने का दिया निर्देश

(आर एन चौरसिया) धनबाद, अपर समाहर्ता , नंदकिशोर गुप्ता ने शुक्रवार को गोविंदपुर अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अंचल कार्यालय में आए लोगों से मिल कर उनकी शिकायतों को सुना। इसके बाद संबंधित पदाधिकारियों को 15 दिनों में समस्या का समाधान करने और प्रगति प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया।



अपर समाहर्ता ने अलग-अलग विभागों को भूमि हस्तांतरण, अतिक्रमण, अवैध जमाबंदी, म्यूटेशन, आगत निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, जिला से गए पत्रों के कंप्लायंस, केशबुक एवं अन्य भूमि से संबंधित मामलों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर अपर समाहर्ता ने अंचल कार्यालय में पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था, साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने एवं समय पर पदाधिकारी एवं कर्मी को कार्यालय पहुंचने का निर्देश दिया। जिससे कार्यालय में आने वाले आम जनता को समस्या न हो।

## जेजेए के जिला अध्यक्ष शौकत खान की पुत्री का निकाह सम्पन्न।

(आर एन चौरसिया) धनबाद, झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के धनबाद जिला अध्यक्ष शौकत खान की पुत्री हिना परवीन का निकाह हुआ सम्पन्न । उक्त मौके पर मुख्य रूप से विधायक व सचेतक झारखंड सरकार मथुरा प्रसाद महतो, झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक व भारतीय श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव शहनवाज हसन , झरिया बिधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के प्रतिनिधि सूरज सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए ।इसके इलावे कांग्रेस के नेता शमशेर आलम, लोजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बेलाल खान शामिल हुए । हिना का निकाह महुदा बाजार निवासी गुलाम हैदर के बड़े पुत्र आदिल शेख के साथ संपन्न हुआ।



## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता के निधन पर धनबाद के सांसद, विधायक सहित भाजपा के अनेक नेताओ ने शोक प्रकट किया।

(आर एन चौरसिया) धनबाद , सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी की माताजी के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा की प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी की पूज्य माता श्रीमती हीराबेन जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं कष्टकारी है।

ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें व अपार शोक की इस घड़ी में परिजनों को संबल प्रदान करें।

ईश्वर की रचना इस संसार में मां और पुत्र के बंधन से अनमोल कुछ भी नहीं है। मां का निधन पुत्र के लिए असहनीय और अपूरणीय क्षति होती है। त्याग और तपस्या का शतकीय प्रेरक जीवन जीने वाले प्रधानमंत्री की पूज्य मां हीरा बा जी को विनम्र श्रद्धांजलि।हीरा बा ने जिन संघर्षों का सामना करते हुए परिवार का पालन पोषण किया वो सभी के लिए एक आदर्श हैं। उनका त्यागपूर्ण तपस्वी जीवन सदा हमारी स्मृति में रहेगा।

धनबाद के विधायक , राज सिन्हा



ने शोक प्रकट करते हुए कहा की सादगी और प्रेरणा की प्रतिमूर्ति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूज्य मातृश्री हीरा बा के स्वर्गलोक गमन का समाचार अत्यंत दुःखद है। हीराबा जी का जीवन सबक,संदेश,संकल्प,सादगी की मिसाल है,कभी महसूस नहीं हुआ कि सबसे लम्बे समय तक लगातार उच्च संवैधानिक पद पर आसीन,दुनिया के सर्वमान्य शख्स और भारत की सर्वप्रिय शख्सियत की माँ हैं।

भजपा के जिला अध्यक्ष, चंद्रशेखर सिंह ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि भक्ति, तपस्या और कर्म की त्रिवेणी, प्रधानमंत्री , नरेन्द्र मोदी जैसे महान व्यक्तित्व को गढ़ने वाली माँ के चरणों में सादर प्रणाम। पूज्य माँ सदैव प्रेरणा बनी रहेगी।

जिला मीडिया प्रभारी मिल्टन पार्थसारथी ने शोक प्रकट करते हुए कहा की जिस पूज्य माता ने भारत वर्ष को तपस्वी,पुरुषार्थों,सदगुण सम्पन्न विश्व का सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री , नरेंद्र मोदी को भारत माता की सेवा में समर्पित किया है,ऐसी माँ श्रीमती हीराबा जी को शत शत नमन।

## घोड़ाबंधा तिलैया ग्राम में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम आयोजित

धनबाद, बरवाअड्डा थाना अन्तर्गत घोड़ाबंधा तिलैया, ग्राम में सामुदायिक



पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों के बीच धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार एवं पुलिस अधीक्षक( ग्रामीण) धनबाद, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-01 द्वारा कंबल, खेलकूद सामग्री एवं पठन- पाठन सामग्री का वितरण किया गया।

## मैथन डैम में बोट संचालकों को निर्धारित शुल्क लेने व क्षमता से अधिक लोगों को सवार नहीं करने का निर्देश

(आर एन चौरसिया) धनबाद, अनुमंडल पदाधिकारी , प्रेम कुमार तिवारी ने मैथन डैम में नाव, बोट, स्टीमर इत्यादि के संचालकों को यात्रियों से निर्धारित शुल्क लेने, क्षमता से अधिक लोगों को सवार नहीं होने देने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में एसडीओ ने कहा कि मैथन डैम में नाव, बोट, स्टीमर इत्यादि के परिचालन के संबंध में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई थी। शिकायत मिलने के बाद मैथन डैम स्थित बोट घाट का एगारकुंड बीडीओ, एगारकुंड के प्रभारी अंचल अधिकारी, मैथन ओपी प्रभारी के साथ निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मिलने वाली अनियमितता के आलोक में सभी पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारी को झारखंड सरकार (पर्यटन विभाग) द्वारा निर्गत दिशा निदेर्शों का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश दिया है।

इसमें नौका विहार करने वालों से निर्धारित शुल्क लेना, क्षमता से अधिक लोगों को नाव पर सवार नहीं



होने देना, नौका विहार करने वाले सभी सैलानियों को लाइक जैकेट उपलब्ध कराना, प्रतिबंधित जनरेटर सेट से नौका या बोट इत्यादि का परिचालन नहीं करना, काफी कम जगह पर दो जेटी अवस्थित नहीं होने देना, तय संख्या से अधिक बोट, स्टीमर इत्यादि का परिचालन नहीं होने देने का निर्देश दिया है।

साथ ही अपराह्न एवं संध्या में निर्धारित अवधि से अधिक समय तक परिचालन नहीं होने देने का भी निर्देश दिया है।

इसके साथ सभी पदाधिकारियों को उपरोक्त निदेर्शों का दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित कराने व वोट घाटों के प्रबंधक को सैलानियों को नौका विहार कराते समय उपरोक्त मानकों का अनुपालन करने का निर्देश दिया है।

एसडीओ ने कहा निदेर्शों का उल्लंघन करने पर संबंधित बोट घाट, नाविक या उसके प्रबंधक इत्यादि के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## कुलपति ने जयप्रकाश विश्विद्यालय के ताइकवान्डो टीम को झंडी दिखाकर किया रवाना

**दैनिक समाज जागरण,अर्जुन सिंह**

छपरा/सारण (अर्जुन सिंह)। गुरुनानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में इस बार का अन्तर्विश्वविद्यालयी चेस चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 3.1.2023 से 6.1.2023 तक होने वाला है।गत सप्ताह विश्विद्यालय में विश्विद्यालय स्तरीय ट्रायल हुआ था।इस प्रतियोगिता में अभिषेक कुमार, विकास ठाकुर, उज्जवल कुमार,शुभम कुमार का चयन हुआ था।कुलपतिमहोदय ने विश्व विद्यालय की तरफ से झंडा दिखाकर सभी खिलाड़ियों एवं कोच को रवाना किया।कुलपतिमहोदय ने स्पोर्ट्स डायरेक्टर को निर्देश दिये कि सभी खिलाड़ियों के लिए सारी व्यवस्था वे अपने स्तर से करें,जिससे खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



माननीय कुलपतिमहोदय प्रोफेसर फारूक अली ने चेस टीम के कोच के रूप में यदुनंदन महाविद्यालय दिघवारा के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर जितेंद्र कुमार को भेजने का निर्णय लिया है।

कुलपतिमहोदय के साथ अधिषद सदस्य श्री रविमनि त्रिपाठी, जगलाल चौधरी महाविद्यालय की प्राचार्या डाक्टर बसुन्धरा पाण्डेय, अधिषद सदस्य श्री नवलेश कुमार सिंह, प्रोफेसर हरिश्चंद्र समायोजक महाविद्यालय विकास परिषद, डॉक्टर विश्वामित्र पांडेय स्पोर्ट्स डायरेक्टर, श्री रमेश कुमार सिंह पी टी आई,श्री जय प्रकाश गौड आदि टीम के रवाना करने के समय मौजूद थे।कुलपतिमहोदय ने कहा कि चेस में अच्छा करके आने वाले छात्रों को विश्वविद्यालय की तरफ से भी पुरस्कार दिये जायेंगे।

## छपरा नगर निगम में मेयर पद पर राखी गुप्ता जीतीं, उप मेयर बनी रागिनी कुमारी

दैनिक समाज जागरण,अर्जुन सिंह , छपरा। छपरा नगर निगम के दूसरे चरण का मतदान समाप्त होने के बाद शुक्रवार की सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हुई। छपरा नगर निगम में मेयर पद पर राखी गुप्ता ने जीत दर्ज की। वहीं, उप मेयर के पद पर समाजसेवी धर्मनाथ पिंटू की धर्मपत्नी रागिनी कुमारी की जीत हुई।



शहर के गर्ल्स स्कूल में कड़ी सुरक्षा के बीच छपरा नगर निगम का मतगणना हुआ। राखी गुप्ता को जहां 16707 मत प्राप्त हुए और दूसरे नंबर पर रफी इकबाल रहे। वही रागिनी देवी ने कुल 11892 वोट हासिल किया और दूसरे नंबर अब्दुल कयूम अंसारी रहे. जिन्हें 11207 वोट हासिल हुए हैं।

## मांझी में मुख्य पार्षद से विजया देवी और उप मुख्य पार्षद से नीतू सिंह निर्वाचित

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। नव गठित मांझी नगर पंचायत चुनाव में मुख्य पार्षद के पद पर अपनी माता विजया देवी को जिताने में कामयाब हो गए युवा राजद नेता बिट्टू यादव। अतिउत्साही युवकों की टोली को लेकर अचानक चुनाव मैदान में उतरे बिट्टू यादव तथा उनके चाचा व प्रखंड राजद अध्यक्ष बिनय यादव की जोड़ी ने बड़े बड़े राजनीतिक मिथकों को धराशायी कर दिया। विजया देवी को 2165 मत मिले जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी रिंकू कुमारी को 1830 मत मिले। नगर पंचायत चुनाव में राहुल गुप्ता अपनी पत्नी को चुनाव जिताने में चूक गए। उधर तीसरे नम्बर पर रही पूर्व विधायक बुद्धन प्रसाद यादव की भावज व पूर्व मुखिया सत्यनारायण प्रसाद की पत्नी सरस्वती देवी को मात्र 1370 वोट पर संतोष करना पड़ा। पूर्व मुखिया व प्रखंड जदयू अध्यक्ष अख्तर अली के लिए यह चुनाव बेहद नुकसानदेह साबित हुआ। उनकी पत्नी को महज 584



मत ही मिले। वही उप मुख्य पार्षद के पद पर चुनाव जीती नीतू सिंह को 1760 तथा दुसरे स्थान पर रही माँझी की पूर्व प्रखंड प्रमुख अख्तरी बेगम को 1326 मत मिले। आपको बताते चलें कि नीतू सिंह माँझी के सुपरिचित समाजसेवी कृष्णा सिंह पहलवान की पत्नी हैं। चुनाव जीतने के बाद मुख्य पार्षद व उपमुख्य पार्षद द्वारा खुली जीप पर सवार होकर नगर पंचायत क्षेत्र में अलग अलग जुलूस निकाला गया जिसमें सैकड़ों अतिउत्साही कार्यकर्ता जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाकर व फूलमाला पहनाकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे थे। बीते चुनाव में अन्य लोगों के अलावा पत्रकार सोहैल अहमद की पत्नी तरन्नुम निशा वार्ड पार्षद का चुनाव जीतने में कामयाब हो गई।

## मशरक का मुख्य पार्षद बना पलदार का युवा बेटा पिछले पंचायत चुनाव में लड़ा था मुखिया का चुनाव

**दैनिक समाज जागरण**

**मशरक (सारण) धर्मेन्द्र पाण्डेय।**

मशरक नगर पंचायत चुनाव का परिणाम घोषित होते ही कही खुशी तो कहीं गम का माहौल दिखा।विजेता के समर्थक जश्न में डुबे,और हारने वाले प्रत्याशी वोट की गणित करने में।मशरक में नगर पंचायत चुनाव के सभी पदो पर नये चेहरे को मिली जीत जबकि दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा।मुख्य पार्षद पद पर दो पंचायत में तीन बार रहे मुखिया प्रतिनिधि और स्थानीय विधायक के समर्थक संजय कुमार को 1900 वोट से हराकर पलदार के पुत्र सोहन महतो जीते।सोहन महतो को 4033 मत मिले जबकि संजय कुमार को 2133 मत मिले।वही तीसरे स्थान पर रहे नलीन कुमार को 2094 वोट मिले।चुनाव प्रचार के दौरान



सोहन महतो की प्रचार गाड़ी को आचार संहिता और चुनाव आयोग के दिशानिर्देश का पालन नही करने के आरोप में पुलिस द्वारा जबरन वाहन को जप्त करना और साथ मे आचार संहिता की प्राथमिकी दर्ज करना। एक प्रत्याशी के पक्ष में उसे चुनाव से बाहर होने की धमकी मिलने पर भी लोगों की सहानुभूति सोहन महतो को मिली।

पिता की मृत्यु के बाद दो बड़े भाईयों ने पलदारी कर परिवार को संभाला फिर सोहन ने बिजनेस की ओर अपना रुख किया। मशरक सिनेमा रोड में इलेक्ट्रॉनिक दुकान का व्यवसाय कर परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत करने की जिम्मेदारी अपने कंधे पर लिया।पिछले पंचायत चुनाव में जनता की सेवा करने का मन बनाया पर सफलता नहीं मिली।सोहन महतो स्थानीय विधायक केदारनाथ सिंह के समर्थक थे।नगर पंचायत चुनाव में विधायक परिवार संजय कुमार को अपना समर्थन दिया,और सोहन को चुनाव नहीं लड़ने का दबाव बनाने लगे।यही से दूरियां बढती गयी और समर्थक विरोधी और विरोधी समर्थक हो गए,और जनता ने अपना आशिर्वाद दे सोहन महतो को मशरक का महाराज बना दिया।

## पेयजल की समस्या को लेकर उप विकास आयुक्त को मुखिया के अध्यक्ष ने दिया आवेदन

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ जिले के शहर कोल के मुखिया के अध्यक्ष विकास गोंड ने शहर कोल पंचायत अंतर्गत ग्राम दुगार्पुर और ग्राम मालीपाड़ा में पेयजल समस्या निदान हेतु डीप बोरिंग एवं पाइपलाइन विस्तारीकरण के लिए डीडीसी उप विकास आयुक्त शाहिद इकबाल को दीया आवेदन दुगार्पुर गांव और माली पाड़ा गांव जल संकट को ग्राम मालीपाडा एवं दुगार्पुर सुखाड़ क्षेत्र जिसके कारण बोरिंग, कुआँ तालाब सक्सेस नहीं होता है इस कारण यहाँ रहने वाले ग्रामीणों को पानी बहुत बड़ी समस्या है। जबकि सार्वजनिक चापाकल खराब है जिसके कारण बच्चे महिलाएं बुजुर्ग दूरदराज से पानी लाने के लिए मजबूर है अतःविनम्रता पूर्वक आग्रह है कि ग्राम दुगार्पुर एवं माली पाड़ा मे पेयजल समस्या का निधान करने हेतू डीप बोरिंग एवं पाईप लाइन का विस्तारीकरण करने की कृपा करे। इस कार्य के लिए हम सभी ग्रामवासी आपका सदा अभारी बना रहेगें मौके पर दुगार्पुर और मलीपाड़ा के ग्रामीण मौजूद थे।



## डिजिटल भारत मिशन के तहत पुराना सदर अस्पताल से सिद्धू कान्हु पार्क तक रैली निकाली गई

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पदाधिकारीझसहझनोडल पदाधिकारी, आयुष्मान डॉ अमित कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, डॉ के के सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पाकुड़, डी.टी.ओ डॉ एहतेशाम द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को किया गया रवाना आयुष्मान डिजिटल भारत मिशन के तहत पाकुड़ जिला में रैली का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य लाल, हरा एवं पीला कार्ड धारियों का आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाना है। कार्यक्रम के तहत सभी सी.एच.ओ एवं सहिया को घर घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाना है, ताकि जिले के सभी लाल हरा एवं पीला कार्डधारियों का आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बन सके। इस मौके पर डीपीएम नीरज सिंह, डैम चंद्र किरण, डॉ संजय कुमार, आईडीएसपी एवं विभाग के सभी कर्मचारी, सहिया समेत अन्य उपस्थित थे।



## स्वास्थ्य लाभ हेतु लगाया गया शिविर, दी गई दवा

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड जिला में पुनः करोना वृद्धि को देखते हुए बगानपाड़ा के नेशनल स्कूल प्रांगण में राष्ट्रिय शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम पाकुड़ के अंतर्गत स्पेशल आउटरीच हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें आमजनों को सभी तरह की स्वास्थ्य जाँच इत्यादि का लाभ निःशुल्क दिया गया। जिसमें बच्चे बुजुर्ग जवान महिला आदि ने कैम्प में उपस्थित होकर डॉक्टर एल के भगत के देखरेख में नर्स और उनके सहयोगी ने मिलकर 156 ओपीडी और 65 एनसीडी के बिभिन प्रकार के जाँच किये गए। जिसके तहद ब्लड शुगर, कालाजार, बीपी, हीमोग्लोबिन, एचआईवी, हेपेटाइटिस, मलेरिया आदि का जाँच कर निःशुल्क दवा वितरण किया गया। जबकि कुछ लोगों को दवा उपलब्ध नहीं हो सका। मौके पर डॉक्टर एल के भगत, एएनएम रूमी मण्डल, कुमकुम पाल, कल्पना बेशरा, लैब टेक्नीशियन मधुसूदन मण्डल, बीटीटी अंगद पांडे, शहरी सहिया शायरा बीबी, रीता देवी, तमन्ना खातून, फरीद बीबी, आदि मौजूद रहे।




## फतेहपुर मे चौक मे शोक सभा आयोजिन किया गया।

## मातृ स्नेह सुख से सदा के लिए बंचित हो गये प्रधान मंत्री----प्रभास हेम्ब्रम

दैनिक समाज जागरण संवाद दाता विपुल गोस्वामी //फतेहपुर प्रखंड के फतेहपुर चौक पर शोकसभा का आयोजन किया गया ।माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी की माता हीराबेन की स्वर्गवास की खबर प्राप्त होते है भाजपाई में दुःख का पहाड़ टुट पड़ा। इस खबर डिजिटल मीडिया से चारो तरफ फैल गई।इस दुःख दायी घटना को लेकर भाजपा कार्य कर्ताओ ने फतेहपुर चौक पर 1मिनट मौन रखा गया ।साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति शकुन के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई । भाजपा नेता विष्णुमंडल नाला विधानसभा वरिष्ठ नेता,जिला महामंत्री प्रभास हेम्ब्रम ने बताया की मातृशोक सबसे बड़ा शोक होता है। अब हमारे पार्टी के सुप्रीमो प्रधान मंत्री मातृ स्नेह से सदा के लिए बंचित हो गये। जिला मंत्री मनोज गोस्वामी, पुर्व बीससुत्री चिंतामणी भंडारी, निर्मल भंडारी, पिंटु यादव, सुबल दास ,संतोष दास, पिरूनाथमुची,गणेश मुची, वगैरह उपस्थित थे।



## भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो गौतम ठाकुर जामताड़ा**

शुक्रवार को नाला थाना पुलिस एवं जामताड़ा उत्पत के विभाग द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर देशी शराब जब्त किया। यह छापेमारी नाला थाना प्रभारी महेशमुंडा एवं एसआई रंजीत राम एवं उत्पात विभाग किया गया।

शुक्रवार को नाला थाना पुलिस एवं उत्पात विभाग के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर देशी व विदेशी शराब जब्त किया। यह छापेमारी नाला के के नेतृत्व में किया गया। जिसमें नाला थाना प्रभारी महेशमुंडा एवं एसआई रंजीत राम समेत पुलिस बल शामिल थे। थाना प्रभारी महेशमुंडा ने बताया कि शुक्रवार की सुबह अफजलपुर गांव से देशी शराब जब्त कर एक को गिरफ्तार किया गया। इसमें अफजलपुर उनके घर से 200लीटर महुआ शराब तथा चावल का शराब (40) लीटर देशी शराब के सात 200 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। बताया कि छापेमारी की भनक लगते ही सभ भाग गए। इस मामले को लेकर थाना में मामला दर्ज कर छानबीन प्रारंभ कर दिया गया है।

## हिरणपुर में 23 लीटर महुआ देसी शराब के साथ दो बाइक जप्त

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत खिदिरपुर गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर कई लीटर देशी महुआ शराब को जप्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि खिदिरपुर गांव निवासी सुबल मंडल के घर में अवैध रूप से चुआन महुआ शराब बनाया जाता है। मौका ना गवाते हुए इसी सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान 23 लीटर देशी महुआ शराब को भी जप्त किया गया है। साथ ही मौके से दो बाइक भी जब्त किए गए हैं। इसके अलावा जावा महुआ को भी नष्ट किया गया है। पुलिस ने कार्रवाई के बाद जब्त शराब को उत्पाद विभाग को सुपुर्द कर दिया है। थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि किसी भी तरह के अवैध कारोबार को नहीं करने दिया जाएगा।

## विजेता टीम के पाकुड़ आगमन पर हुआ ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़/ पर्यटन, कला, संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड, रांची के द्वारा मोराबादी स्थित मैदान में आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में पाकुड़ की टीम ने 05-01 से धनबाद को किया पराजित किया था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ, जिला एथलेटिक संघ व पाकुड़ जिला फुटबॉल संघ तथा जिला खेल विभाग पाकुड़ के द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को पाकुड़ आगमन पर बस स्टैंड पाकुड़ में ढोल नगाड़ा पटाखे के साथ साथ माला पहना कर उनका भव्य स्वागत किया गया। उक्त प्रतियोगिता में विजेता पाकुड़ टीम को 3 लाख का चेक एवं खेल कीट देकर मुख्यमंत्री द्वारा खिलाड़ियो का सम्मान किया गया है। जिसके लिए पाकुड़ के खिलाड़ियो एवं संघ को गर्व है। खिलाड़ियों के पाकुर आगमन पर जिला ओलंपिक संघ के महासचिव व पाकुड़ जिला फुटबॉल संघ के सचिव रणवीर सिंह, पंकज अग्रवाल, सभी को माला पहनाकर सम्मान किया। मौके पर नारायण चंद्र राय, विश्वजीत साहा आदि खेल संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

उपायुक्त वरुण रंजन,उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार, पाकुड़, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन कुमार पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष ऐ. गांगुली आदि ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी है।



## लाखों की लागत से शौचालय बनने के बावजूद खुले में शौच करने को मजबूर

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़/भारत मिशन का सपना तब तक साकार नहीं हो सकता है, जब तक खुले में शौच जाने की आदत न छूटे। इस आदत को छोड़ने के लिए जरूरी है कि लोग व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालय का उपयोग करें। जरूरी यह भी है कि समय पर सामुदायिक शौचालय का ताला खुले और बंद हो। ऐसा जगह पर बना है शौचालय पाकुड़ शहर के माल पहाड़ी रोड स्थित लाखों की लागत से बनाए गए सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालय का बस इस वजह से उपयोग नहीं हो पा रहा कि, इन शौचालयों का ताला खुलता ही नहीं है। कई सालों पहले नए सामुदायिक शौचालय का निर्माण हुआ था जर्जर हालत में है देखने वाली बात यह भी है जगह में बने हुए हैं। बावजूद इसके इनका उपयोग सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है सार्वजनिक शौचालयों पर लटका है ताला सामुदायिक शौचालय का ताला नहीं खुलने से सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बच्चों को होती है। इनके लिए खुले में शौच जाने की मजबूरी होती है। शहर के कृष्णा मार्केट सहित अन्य स्थानों में बनाए गए सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों का यही हाल है।



## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक उपायुक्त वरुण रंजन व पुलिस अधीक्षक एच.पी जनार्दनन की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सम्पन्न हुई

**पाकुड़ जिला में अवैध खनन व परिवहन कार्य में कोई भी लोग संलिप्त पाए जाते हैं तो उसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई होगी, अवैध खनन, अवैध परिवहन पर रोक लगाने का दिया निर्देश :- उपायुक्त**

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक उपायुक्त वरुण रंजन एवं पुलिस अधीक्षक एच.पी जनार्दनन की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। उपायुक्त वरुण रंजन ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव, अवैध खनन के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करतें हुए जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया, साथ ही जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन करने वालो पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त कर्मियों को सख्त निर्देश दिया जाए कि कोई भी अवैध माइनिंग, परिवहन हुआ तो प्रतिनियुक्त कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने जिला खनन टास्क फोर्स के पदाधिकारी व सदस्यों को क्षेत्रों का भ्रमण कर औचक निरीक्षण करने को कहा। अवैध खनन व परिवहन कार्य में कोई भी लोग संलिप्त पाए जाते हैं तो उसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने को कहा। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण के साथ छापेमारी अभियान चलाएं। आवश्यकता के अनुरूप गांव स्तर पर सूचना तंत्र भी मजबूत करने को कहा। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को दिया टीम भावना के साथ कार्य करने का निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त वरूण रंजन ने जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी को निदेशित किया कि सभी आपसी समन्व्य स्थापित कर अवैध खनन, गाड़ियों द्वारा अवैध ढुलाई पर अंकुश लगाने हेतु टीम वर्क के रूप में कार्य करें, ताकि त्वरित व उचित धाराओं के साथ कानूनी कार्रवाई की जा सके। इस बैठक में सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, अपर समाहर्ता मंजू रानी स्वांसी, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार गर्ग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, मुख्यालय डीएसपी बैधनाथ प्रसाद, पाकुड़ एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, जिला खनन पदाधिकारी प्रदीप साह, माइनिंग इंस्पेक्टर पिन्टु कुमार, सभी अंचलाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।




## सड़क किनारे स्थित गुमटियों में आग लगने की वजह से लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड/पाकुड़िया थाना क्षेत्र के गणपुरा बाजार में विगत रात्रि को सड़क किनारे स्थित चार गुमटियों में आगजनी की घटना से गुमटी में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया । इस अप्रत्याशित घटना में दुकानदार रवि पाल , जगबंधु पाल , विष्णु पाल पिता मोतीलाल पाल ,एवं विनोद भगत के गुमटीनुमा दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया है । हालांकि आस पास रहनेवाले लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया लेकिन तबतक सबकुछ जलकर बर्वाद हो चुका था । घटना के बाद गनपुरा के लोगों ने घंटों गनपुरा पाकुड़िया सड़क को जाम कर मुआबजे की मांग कर रहे थे साथ ही मामले की जांच कर कार्यवाई की मांग भी की जा रही थी । इधर घटना की खबर पाकर थाना प्रभारी चंदन कु गुप्ता , अंचलाधिकारी किरण डांग ने गनपुरा पहुंच मामले से अवगत हुए । पदाधिकारियों के घंटों समझाने एवं मामले की उच्चस्तरीय जांच कर उचित कार्यवाई करने का भरोसा दिलाने के बाद जाम को लोगों द्वारा समाप्त की गई हालांकि जाम के दरमियान आवाजाही घंटों बाधित रहने से लोगों को काफी मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा । इधर घटना की सूचना पाकर पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन , पूर्व विधायक सुफल मरांडी ,भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बिजय भगत , तपन मंडल , जयसन बेसरा , झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हाँसदा मुखिया सुशीला मरांडी, मुनीराम सोरेन, आदि अन्य लोग मौजूद थे।



## सामुदियक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान अभियान से संबंधित जन जागरूकता को लेकर निकाली रैली

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साहा**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर में शुक्रवार को आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आपके द्वारा आयुष्मान अभियान से संबंधित जन जागरूकता को लेकर रैली निकाली गई. उक्त रैली में सीएचसी महेशपुर से गोकुलनगर, डाकबंगला चौक होते हुए वापस सीएचसी महेशपुर पहुंची. जागरूकता रैली में शामिल स्वास्थ्य कर्मियों ने विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों के बीच आयुष्मान भारत योजना के बारे में जानकारी दी. मौके पर डॉ. अंजनी कुमार भगत, शैलेश कुमार, राजेश रंजन, मनीष कुमार, अजय कुमार, जगन्नाथ कुमार, प्रशांत कुमार पाल, जिष्णु मालाकार सहित सहिया साथी उपस्थित थे।



## नाला थाना के गेट के समीप पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया।

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो गौतम ठाकुर जामताड़ा**

शुक्रवार को नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा के निर्देश पर नाला एसआई रंजीत राम के निकुत पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों से वाहन दस्तावेज, प्रदूषण सर्टिफिकेट, लाइसेंस, इंश्योरेंस के अलावे हेलमेट समेत अन्य बिंदुओं की गहनता पूर्वक जांच की गई। जांच के दौरान जिन बाइक चालकों के पास हेलमेट तथा कागजात नहीं थे जप्त कर रख लिया गया है । बताया गया कि बाइक चलाने के दौरान हेलमेट का इस्तेमाल अवश्य करें। ज्ञात हो की सड़क सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातारवाहन जांच अभियान चलाया जा रहे है। दर्जनों बाइक एवं चार पहिया चालकों को जुमार्ना भी भरना पड़ा था। पुलिस के लगातार कार्रवाई से मोटरसाइकिल चालकों में अब भी हड़कंप मचा हुआ है । इधर फिर से पुलिस ने रूटीन चेकिंग आरंभ कर दिया है। आपको बता चले कि आईए दिन कहीं ना कहीं सड़क दुघर्टना होते रहते हैं। एवं थाना प्रभारी महेश मुंडा ने मिडिया को जानकारी देते हुए कहा कि उच्च अधिकारी के आदेश पर वाहन जांच किया जा रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि चार पहिया वाहन में भी सिट बेल्ट भी चैक किया गया जिसमें 10 गो बाइक का चालान काटा गया एवं एक चार पहिया वाहन में सिट बेल्ट नहीं लाएंगे जाने पर चालान काटा गया है



## तीन दिवसीय वार्षिक लक्खी पूजा उत्सव धुमधाम के साथ मनाया गया।

फतेहपुर/संवाददाता

फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र के हरिराखा गांव में तीन दिवसीय वार्षिक लक्खी पूजा उत्सव धुमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर आचार्य सुबोध कुमार पाण्डेय एवं कुल पुरोहित स्वपन कुमार मिश्रा के द्वारा विधि विधान पूर्वक लक्खी माता का कलश व मूर्ति स्थापना के पश्चात बैदिक मंत्रोंउच्चारण के साथ धूप, दीपक, फल, फूल और नैवेद्य समपर्ति करते हुए पूजा-पाठ किया गया। जिसमें काफी संख्या में महिला पूरुष श्रद्धालु शामिल हुए। पूजा के पश्चात आरती वंदना कर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद वितरण किया गया। मौके पर पूजा कमेटी सदस्यों ने कहा कि इस तीन दिवसीय लक्खी पूजा लेकर हरिराखा सहित आसपास क्षेत्र के लोगों में अपार खुशी है। कहा कि हमरे पूर्वज के द्वारा इस लक्खी पूजा को शुरू किया गया था जो आज भी हमलोगो के द्वारा विधी विधान व प्राचीन परम्परा के अनुसार पूजा अर्चना किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु इस मंदिर में भक्तिभाव से पूजा आराधना करते हैं एवं मन्नत मांगते हैं उन्हें मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। ग्रामीण क्षेत्र होने के नाते इस क्षेत्र में पूजा लेकर खास उत्साह देखने को मिलता है। मौके पर मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन एवं मेला का भी आयोजन होता। जिसकी तैयारी पूजा कमेटी के द्वारा शुरू कर दी गई है। इस अवसर वासुदेव पाण्डेय, अश्वनी पाण्डेय, निरंजन पाण्डेय, बैद्यनाथ पाण्डेय, फटिक पाण्डेय, गदाघर पाण्डेय, नवदीप पाण्डेय, सुखमय पाण्डेय, बलाई चंद्र पाण्डेय, मनिक चंद्र पाण्डेय, मंटू चंद्र पाण्डेय, विमल पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, रंजित पाण्डेय, जयद्रथ पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, मनोरंजन पाण्डेय सहित काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।



## पुलिस ने दो साइकिल सहित दो क्विंटल कोयला समेत दो को किया गिरफ्तार.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़ पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन के निर्देश पर पुलिस लगातार जिले में अवैध तरीके से कोयला चोरी के खिलाफ अभियान चला रही है। पाकुड़ नगर थाना पुलिस ने इसी क्रम में कारवाई करते हुए नगर थाना क्षेत्र मे 2 साइकिल सहित करीब दो क्विंटल को कोयला को जब्त किया है। गौरतल हो कि पुलिस ने अब दक दर्जनो बार अवैध तरीके से क्षेत्र में चल रहे कोयला के कारोबार को रोकने के इस तरह की कारवाई करचूकी है। पुलिस बल के साथ अवैध रुप से लेकर जा रहे 2 साइकिल सहित करीब दो क्विंटल अवैध कोयला जब्त कर दो को किया गिरफ्तार जब्त साइकिल व अवैध कोयला को पाकुड़ नगर थाना परिसर में रखा गया है। पाकुड़ नगर थाना कांड संख्या-309/22,दिनांक-30.12.2022 धारा -414/ 34 भा.द.वी. अंतर्गत चोरी के कोयला ले जाते हुए रंगे हाथ दो व्यक्ति जिसका नाम 1.सरीउल शेख पिता मोहबुल शेख ग्राम रनडंगा थाना पाकुड़ मुफस्सिल जिला पाकुड़ 2.अजमाईल शेख पिता अजीजुल शेख ग्राम एलिजाबाद थाना शमशेरगंज जिला मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है जप्त दो साइकिल एवं दो कुंटल कोयला को सुरक्षार्थ थाना परिसर में रखा गया है। उक्त व्यक्ति को रेलवे फाटक पाकुड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है।




## डीसी व एसपी ने की सड़क दुर्घटना की समीक्षा, मृतक के आश्रितों को जल्द मिलेगी मुआवजा

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड जिला के समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त वरुण रंजन व पुलिस अधीक्षक एच.पी जनार्दनन ने संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं के निरीक्षण करने एवं 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे द्वारा बाईक चलाए जाने के विरूद्ध जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने सड़क किनारे खराब हुए क्रैसबैयिर एवं साइनेज बोर्ड आदि लगाने, सुखे पेड़ों की कटाई करने, हिट एंड रन से संम्बधित मामलों का ससमय निष्पादन करने के साथ साथ सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष गर्ग से इस माह की गई कार्रवाई के संदर्भ में जानकारी ली।

**जनवरी से अब तक 88 लोगों की हुई मौत**

जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना के एनालिसिस के बारे में बताया कि जनवरी 2022 से नवम्बर तक अब तक 83 सड़क दुर्घटना हुई है, जिसमें से 88 लोगों की मृत्य हुई। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 18 लोगों को मुआवजा राशि दिया गया है। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना को रोकने एवं सड़क दुर्घटना में मारे जाने वाले व्यक्ति के परिजनों को एक लाख रुपए सरकारी मुआवजा राशि के भुगतान को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए।

**प्रत्येक सोमवार को चलेगा विशेष जांच अभियान**

इस संदर्भ में उपायुक्त ने प्रत्येक सोमवार को विशेष वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। बिना हेलमेट, लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन एवं ट्रिपल लोडिंग ,जिले में हो दोषी चालक का चालक अनुज्ञप्ति निलंबन की अनुशंसा जिला परिवहन पदाधिकारी को करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। गाइड लाइन का अनुपालन नहीं करने वाले दो पहिया, तीन पहिया एवं बड़े वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

**मदद करन वाले व्यक्तियों को सरकार देगी प्रोत्साहित**

मोटर वाहन जनहित सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने में सहायता करने वाले नेक व्यक्तियों को प्रोत्साहित करते हुए 5000 रुपये का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की घोषणा की गई है। मौके पर सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, पाकुड़ एसडीपीओ, मुख्यालय डीएसपी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी थाना प्रभारी एवं आईटी असिस्टेंट समेत अन्य उपस्थित थे।



## प्रधान जैसन बेसरा की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों की बैठक की गइ

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में अंचल के ग्राम प्रधानो कि एक बैठक हुई । प्रधान जैसन बेसरा की अध्यक्षता में इसका आयोजन किया गया । इसमें मुख्य रूप से रूढ़िवादी प्रथा एवं ग्राम सभा के बारे में चर्चा किया गया । बैठक में हर एक गांव में छोटे बड़े विभिन्न प्रकार के समसयाओं को गांव में सुलझाने को लेकर चर्चा किया गया । लोगों से हर वर्ष के भांति आने वाले नए वर्ष में सोहराय पर्व एक साथ मनाने की अपील की । बैठक में अंचल के ग्राम प्रधान अध्यक्ष जगर हेम्ब्रम ,सचिव सनत कुमार सोरेन , जगरनाथ मुर्मू , महेशपुर अंचल के प्रधान जितेंद्र मुर्मू , धोने मरांडी , गुडुच मरांडी , राम मरांडी , बुदिन मुर्मू , देवीलाल मुर्मू सहित दर्जनों ग्राम प्रधान मौजूद थे।



## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज कर्नाटक के मांड्या में मेगा डेयरी का उद्घाटन किया

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज कर्नाटक के मांड्या में मेगा डेयरी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री आदिचुनचनागिरी महासमस्थान मठ, मांड्या के 72वें स्वामी श्री श्री श्री निर्मलानंदनाथ महास्वामी जी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री श्री बसवराज बोम्मई, पूर्व प्रधानमंत्री श्रे एचडी देवेगोड़ा और केंद्रीय मंत्री श्री प्रहलाद जोशी समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

श्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की माताजी के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा देश प्रधानमंत्री जी के साथ खड़ा है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से ही देश के किसानों ने कृषि मंत्रालय से अलग एक सहकारिता मंत्रालय की मांग की थी उस समय अगर इस पर किसी ने काम किया होता तो आज भारत के किसानों की स्थिति अलग होती। उन्होने कहा की वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का धन्यवाद करना चाहते हैं कि उन्होने एक अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन कर किसानों के विकास का रास्ता प्रशस्त किया। श्री शाह ने कहा कि वे मांड्या मेगा डेयरी के उद्घाटन मंच से देश भर के कोऑपरेटिव कार्यकताओं से कहना चाहते हैं कि भारत सरकार का यह निर्णय है कि अब सहकारिता के साथ अन्याय नहीं होगा। सहकारिता मंत्री ने कहा कि 260 करोड़ रुपये की लागत से आज जिस मेगा डेयरी का उद्घाटन हुआ है वह प्रतिदिन 10 लाख लीटर दूध प्रोसेस करेगी और डेयरी की बाद में इसे 14 लाख लीटर प्रतिदिन ले जाने की क्षमता है। उन्होने कहा कि जब 10 लाख लीटर दूध प्रोसेस होता है तो लाखों किसानों के घर में खुशहाली पहुंचती है। श्री शाह ने कहा कि आज कर्नाटक देशभर के उन राज्यों में है जहां सहकारिता डेयरी बहुत बढ़िया तरीके से काम कर रही है। आज कर्नाटक में 15,210 विलेज लेवल कोऑपरेटिव डेयरी हैं जिनमें प्रतिदिन लगभग 26.22 लाख किसान अपना दूध पहुंचाते हैं और 16 डिस्ट्रिक्ट लेवल डेयरी के माध्यम से 26 लाख किसानों के खाते में हर रोज 28 करोड़ रुपये जाते हैं।

श्री अमित शाह ने कहा कि कर्नाटक में 1975 में प्रतिदिन 66000 किलो दूध प्रोसेसिंग किया जाता था और आज प्रतिदिन 82 लाख किलो मिल्क प्रोसेस किया जाता है और कुल टर्नओवर का 80% किसान के हाथ में जाता है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि गुजरात में श्वेत क्रांति ने किसानों की किस्मत बदल दी है और अमूल के माध्यम से लगभग 36 लाख महिलाओं के बैंक अकाउंट में सालाना 60 हजार करोड़ रुपये जाते हैं। उन्होने कहा कि वे कर्नाटक के सभी किसान भाइयों और बहनों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि अमूल और नंदिनी मिलकर कर्नाटक के हर गांव में प्राइमरी डेयरी स्थापित करने की दिशा में काम करेंगे और 3 साल में कर्नाटक में एक भी ऐसा गांव नहीं होगा जहां प्राइमरी डेयरी नहीं होगी। श्री अमित शाह ने कहा कि सरकार ने यह तय किया है कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और भारत स-रकार का सहकारिता मंत्रालय अगले 3 साल में देश की हर पंचायत में प्राइमरी डेयरी की स्थापना करेंगे और इसकी पूरी कार्य योजना तैयार कर ली गई है। उन्होने कहा कि इससे 3 साल में देशभर में ग्रामीण स्तर पर 2 लाख प्राइमरी डेयरी बनाई जाएंगी जिनके माध्यम